दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
WWW.NAVPRADESH.COM

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, बुधवार, 10 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- पंचमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 230 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

# अपने विभाग के लिए सचिव अगले तीन वर्षों की कार्ययोजना तैयार करें

■ **मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की**

**रायपुर /नवप्रदेश** । मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय स्थित सभागार में राज्य की योजनाओं की समीक्षा की गई। विकासशील ने सचिवों को निर्देशित किया कि अपने विभाग के लिए अगले तीन वर्षों की कार्ययोजना तैयार करें, ताकि प्रदेश में कुशलता के साथ और तीव्र गति से काम हो सकें। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जनता के हित में सतत् कार्य करना है।

बैठक में वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल नवीन मद प्रस्तावों, योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। लक्ष्य और उपलब्धि के आधार पर विभागवार प्रस्तुति भी दी गई। बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के एसएनए-स्पर्श प्रणाली में ऑनबोर्डिंग व पेमेंट की अद्यतन स्थिति, प्रमुख योजनाओं की क्रियान्वयन प्रगति, नवीन मद के प्रस्तावों की स्थिति, वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति, तथा पूंजीगत व्यय की जानकारी सहित सभी प्रमुख बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। साथ ही बजट प्रावधान के विरुद्ध व्यय और ई-ऑफिस के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति पर भी विशेष चर्चा की गई।

इसके अलावा मुख्य सचिव ने आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को विभागों में सही ढंग से लागू करने, ई-ऑफिस को संचालनालय के साथ-साथ जिला स्तर पर भी आगामी वर्ष में पूरी तरह सुचारु रूप ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## सीएम की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक आज

### कई अहम मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

छत्तीसगढ़ सरकार की अगली कैबिनेट बैठक 10 दिसंबर को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक की शुरुआत सुबह 11 बजे से होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों और नीतिगत मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर निर्णय लिए जा सकते हैं।

## आज बेबाक

**खुद** को सबसे बड़ा खिलाड़ी समझने वाली बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का खेला इस बार शायद ही हो पाये। हुमांयू कबीर को पार्टी से हकाल कर ममता बनर्जी ने आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ कर ली है। मुर्शीदाबाद में बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले टीएमसी के पूर्व विधायक हुमांयू कबीर ने अपनी अलग पार्टी बनाने और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी से गठबंधन कर विधानसभा चुनाव लडऩे का ऐलान कर दीदी को जोर का झटका जोर से दे दिया है हुमांयू ओवैसी अब एक और एक ग्यारह हो गये तो दीदी का बारह बजना तय है।

## वंदे मातरम् का विरोध कांग्रेस के खून में : शाह

## राहुल ने कहा- बीजेपी लोकतंत्र को डैमेज कर रही

### राज्य सभा में बोले गृहमंत्री - नेहरु ने दो हस्सों में बांटा, गीत न बंटता तो देश भी नहीं बंटता

**नई दिल्ली/वार्ता**। राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् पर मंगलवार को चर्चा हुई। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- जो लोग वंदे मातरम् के महत्व को नहीं जानते वे इसे चुनाव से जोड़ रहे हैं। शाह के बयान को प्रियंका गांधी के बयान से जोड़ कर देखा जा रहा है। शाह ने संबोधन में कहा- जब वंदे मातरम 100 साल का हुआ, पूरे देश को बंदी बना दिया गया। जब 150 साल पर कल सदन (लोकसभा) में चर्चा शुरू हुई, गांधी परिवार के दोनों सदस्य (राहुल-प्रियंका) नदारद थे। वंदे मातरम् का विरोध नेहरू से लेकर आज तक कांग्रेस नेतृत्व के खून में है। कांग्रेस पार्टी की एक नेत्री ने लोकसभा में कहा कि वंदे मातरम पर अभी चर्चा की कोई जरूरत नहीं है।

**हम सब सौभाग्यशाली हैं कि आज वंदे मातरम् पर चर्चा हो रही**: गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 'वंदे मातरम् के यशोगान के लिए चर्चा के लिए हम यहां आए है। चर्चा के जरिए हमारे देश के किशोर, युवा, आने वाली पीढ़ियों तक वंदे मातरम् का योगदान पता चले। हम सब सौभाग्यशाली है कि हमें एतिहासिक पल के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा, इस महान सदन में वंदे मातरम् पर चर्चा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

**जब एक जवान प्राण त्यागता है, वंदे मातरम् बोलता**

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- 'सही है कि वंदे मातरम् के रचनाकार बंकिम बाबू बंगाल में पैदा हुए, बंगाल में गीत की रचना हुई। आनंदमठ में समाहित हुआ, उसका बैकग्राउंड भी बंगाल था, लेकिन यह सिर्फ बंगाल तक या देश तक सीमित नहीं रहा। दुनिया भर में जहां तक आजादी के दीवाने थे, उन्होंने इसका गुणगान किया। जब सरहद पर एक जवान अपने प्राण त्यागता है, तो उसकी जुबान पर वंदे मातरम् होता है।

### लोक सभा में राहुल ने कहा- 'सीजेआई को सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाया गया

राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधार पर कहा कि आरएसएस और भाजपा देश की संस्थाओं पर कब्जा कर रही हैं। इनमें चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई, आईबी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट शामिल हैं। इससे साफ है कि बीजेपी चुनाव आयोग को डायरेक्ट कर रही है। इससे लोकतंत्र को नुकसान हो रहा है।

**राहुल गांधी ने कहा, देश भी फेबरिक है, जो 1.4 बिलियन लोगों से बना**: लोकसभा में राहुल गांधी ने कहा, खादी भारत के लोगों के एक्सप्रेशन का हिस्सा है। आज मैंने खादी पहना है। बनारसी-कांजीवरम साड़ी, हिमाचली टोपी और भी दूसरे कपड़े। ये भारत के लोगों को दर्शाते हैं। ये उनके ट्रेडीशन को दर्शाते हैं। ये फेबरिक बहुत सुंदर हैं। लेकिन अब गहराई से देखते हैं तो पाते हैं कि हर एक फेबरिक में हजारों थ्रेड हैं। ऐसा नहीं है ये एक थ्रेड दूसरे से ज्यादा बड़ा है। ये सभी एक साथ हैं। इसी तरह हमारा देश भी फेबरिक है, जो 1.4 बिलियन लोगों से बना है। जो वोट से एक साथ है। हर बार हम देखते हैं, लोकसभा-राज्यसभा, देश के पंचायत-विधानसभा हम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

**राहुल ने 3 मांग की**

1. मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट सभी राजनीतिक दलों को चुनाव से एक महीने पहले दी जानी चाहिए।
2. सीसीटीवी फुटेज डिस्ट्रॉय करने का नियम भी बदला जाना चाहिए।
3. हमें ईवीएम देखने के लिए दी जाए। वोट चोरी एंटी नेशनल काम है। सरकार चुनाव सुधार नहीं चाहती।

**राहुल ने 3 सवाल पूछे**

1. चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से सीजेआई को क्यों हटाया गया।
2. दिसंबर 2023 में कानून बदला कि चुनाव आयोक्त को दंडित नहीं किया जा सकता। ऐसा क्यों किया।
3. चुनाव के 45 दिन बाद सीसीटीवी फुटेज क्यों डिलीट किए जाएं।

### उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता पर सुनवाई

## नागरिकता की स्थिति की पुष्टि नहीं तो न्यायालय कैसे करेगा हस्तक्षेप

**नयी दिल्ली (वार्ता)**। उच्चतम न्यायालय ने सवाल उठाया है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2019 के तहत नागरिकता के लिये आवेदन करने वाले व्यक्तियों को नागरिकता प्रदान करने से पहले मतदाता सूची में अनंतिम रूप से कैसे शामिल किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ मंगलवार को एक गैर सरकारी संगठन(एनजीओ) आत्मदीप की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद सीएए के तहत नागरिकता के लिये पात्र बताए गये बांग्लादेशी प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी ने एनजीओ का पक्ष रखते हुये तर्क दिया कि हजारों शरणार्थियों के सीएए आवेदनों पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि नागरिकता का अधिकार आवेदन की तारीख से मिलना चाहिए, अन्यथा उनके आवेदनों पर कार्रवाई होने से पहले ही एसआईआर प्रक्रिया उन्हें मतदाता सूची से बाहर कर देगी। पीठ ने हालांकि यह कहा कि जब आवेदकों की नागरिकता की स्थिति की पुष्टि सक्षम प्राधिकारी ने नहीं की है, तो न्यायालय इसमें हस्तक्षेप कैसे कर सकता है।

मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, आपको अभी तक नागरिकता प्रदान नहीं की गई है। संशोधित कानून आपको नागरिकता के लिए आवेदन करने का अधिकार दे सकता है, लेकिन ऐसे हर दावे पर इस बात का निर्धारण किया जाना आवश्यक है, क्या आप निर्दिष्ट अल्पसंख्यक समुदाय से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## नक्सली कमांडर हिडमा के खात्मे के बाद अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। छत्तीसगढ़ में नक्सल ऑपरेशन में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता और कुख्यात नक्सली कमांडर हिडमा के ढेर होने के बाद अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अगले सप्ताह छत्तीसगढ़ के दौरे पर पहुंचेंगे। अमित शाह का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, गृह मंत्री अमित शाह 13 दिसंबर को बस्तर पहुंचेंगे। यहां वे बस्तर ओलंपिक से जुड़े विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान वे बस्तर की सांस्कृतिक पहचान और युवाओं की सहभागिता को बढ़ावा देने वाले आयोजनों को भी संबोधित कर सकते हैं। इस दौरे के दौरान गृहमंत्री शाह सुरक्षा एजेंसियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में हालिया ऑपरेशन, नक्सल संगठन की मौजूदा स्थिति और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा होगी। अमित शाह उन सुरक्षाबल की टीमों से सीधे संवाद कर सकते हैं जो हाल ही में चले सफल ऑपरेशन का हिस्सा थीं।

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने पीएम मोदी को धन्यवाद दिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही, उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों की तारीफ की। उन्होंने संकट के समय उन्हें शरण देने के लिए भारत को धन्यवाद दिया और देश को एक महत्वपूर्ण पड़ोसी और पार्टनर बताया। समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में जब उनसे पूछा गया कि वह बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका को कैसे देखती हैं, तो हसीना ने कहा, भारत एक महत्वपूर्ण पड़ोसी और पार्टनर है।

## पूर्व सरपंच की हत्या का खुलासा

**बिलासपुर/नवप्रदेश**। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पूर्व सरपंच सूर्यप्रकाश बघेल की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया था. इस मामले में गांव के 2 भाइयों को अभिरक्षा में लिया गया है, जिन्हें पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा. आरपियों के पास से मोटरसाइकिल और हथियार जब्त किया गया है. पूरा मामला रतनपुर थाना इलाके का है। दरअसल, पूर्व सरपंच सूर्यप्रकाश बघेल के गुमशुदगी की 4 दिसंबर को रिपोर्ट लिखाई गई थी. इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो तकनीकी साक्ष्य भैंसाझार जंगल और डैम के आसपास छानबीन की. 5 दिसंबर को झाडिय़ों में लापता पूर्व सरपंच का शव और बाइक बरामद हुआ. सूचना पर पुलिस, एफएसएल और डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची।

### एनडीए संसदीय दल की मीटिंग

## पीएम मोदी ने कहा- देश अब पूरी तरह से 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' फेज में

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल के नेताओं से कहा कि भारत पूरी तरह से रिफॉर्म एक्सप्रेस चरण में आ गया है, जिसमें तेज और नागरिकों केंद्रित शासन बदलाव होंगे। सांसदों को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार सिर्फ आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देने या रेवेन्यू बढ़ाने के लिए ही नहीं, बल्कि आम लोगों की जिंदगी को असल में आसान बनाने के लिए रिफॉर्म कर रही है।

**रोजमर्रा की मुश्किलों को दूर करना** : उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य नागरिकों के सामने आने वाली रोजमर्रा की मुश्किलों को दूर करना है ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल कर सकें। उन्होंने सांसदों से अपील की कि वे जनता की ओर से लाए गए जमीनी मुद्दों को सक्रिय रूप से शेयर करें, ताकि सरकार उन्हें तेजी से हल कर सके। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि सरकार उन नौकरशाही रुकावटों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है जो नागरिकों पर बोझ डालती हैं, जिनमें लंबे आवेदन फॉर्म और बार-बार होने वाले पेपरवर्क शामिल हैं।

**डेटा बार-बार जमा करने की जरूरत खत्म हो**: उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद एक ऐसे सिस्टम की ओर बढऩा है जहां सर्विस लोगों के घर तक पहुंचाई जाएं, जिससे अलग-अलग विभाग में एक ही डेटा बार-बार जमा करने की जरूरत खत्म हो जाए। अलग-अलग सेवाओं और योजनाओं के लिए स्वयं प्रमाणन की इजाजत देने के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## एसआईआर के दूसरे चरण में अब तक 99.18 % फॉर्म डिजिटाइज्ड

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को दोपहर 3 बजे तक का एसआईआर के दूसरे चरण का विस्तृत बुलेटिन जारी किया। 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 4 नवंबर से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया 11 दिसंबर तक चलेगी, जिसमें बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) द्वारा मतदाताओं से जुड़ी जानकारी इक_ा कर डिजिटल रूप से दर्ज की जा रही है। चुनाव आयोग ने बताया कि 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कुल 50.99 करोड़ से अधिक मतदाता सूची में शामिल हैं और अब तक 99.97 प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण और 99.18 प्रतिशत का डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया गया है। लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, अंडमान-निकोबार, छत्तीसगढ़, पुडुचेरी, गुजरात ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### कस्टम मिलिंग स्कैम

## दीपेन चावड़ा के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में पेश किया चालान

■ **2,000 करोड़ से अधिक अवैध धन प्रबंधन के आरोप**

**रायपुर /नवप्रदेश** । कस्टम मिलिंग स्कैम मामले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ( ईओडब्ल्यू) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपेन चावड़ा के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया है। चावड़ा पर 2,000 करोड़ रुपये से अधिक अवैध धनराशि के प्रबंधन में प्रमुख भूमिका निभाने के आरोप हैं। वह स्कैम के मुख्य आरोपी अनवर ढेबर का सहयोगी माना जाता है।

जानकारी के अनुसार, दीपेन चावड़ा को ईओडब्ल्यू ने नवंबर 2025 में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान चावड़ा की भूमिका कई बड़े आर्थिक अपराधों में सामने आई, जिसके आधार पर उसके खिलाफ ठोस साक्ष्य जुटाए गए। इन सबूतों के आधार पर आज, 9 दिसंबर 2025 को रायपुर स्थित न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) में उसके विरुद्ध चालान पेश किया गया। जिसमें बताया गया है कि दीपेन चावड़ा ईओडब्ल्यू में दर्ज अन्य प्रकरणों में लगभग 2,000 करोड़ रुपये से अधिक अवैध धन के प्रबंधन में शामिल था। कस्टम मिलिंग स्कैम में भी उसके द्वारा लगभग 20 करोड़ रुपये लोकसेवकों की ओर से एकत्र किए जाने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

इस मामले में इससे पहले फरवरी 2025 में तत्कालीन प्रबंध संचालक मनोज सोनी और रोशन चंद्राकर के विरुद्ध तथा अक्टूबर 2025 में अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा के विरुद्ध माननीय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## गरमा-गरम

### स्थिति स्पष्ट करें

### हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, प्रभावित अभ्यर्थियों ने कहा- स्थिति स्पष्ट करे सरकार

# छत्तीसगढ़ में 58 प्रतिशत आरक्षण को लेकर भ्रम

**बिलासपुर/नवप्रदेश** । छत्तीसगढ़ में 58 प्रतिशत आरक्षण जारी रखने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ कुछ प्रभावित अभ्यर्थियों ने फिर से हाईकोर्ट का रुख किया है। उन्होंने न्यायालय के समक्ष अवमानना याचिका प्रस्तुत कर राज्य सरकार से इस 58 प्रतिशत आरक्षण पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। इसमें तर्क दिया गया है कि प्रदेश में इस प्रकार से दो आरक्षण रोस्टर चलने से राज्य स्तर की भर्तियों में पदों की संख्या में उन्हें सीधे हानि का सामना करना पड़ रहा है, जिससे वे असमंजस की स्थिति में हैं।

बता दें कि हाईकोर्ट ने 19 सितंबर 2022 को 58 प्रतिशत आरक्षण को असंवैधानिक करार दिया था, जिसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि यह मामला वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। यह भी ज्ञात तथ्य है कि राज्य सरकार को 58 प्रतिशत आरक्षण जारी रखने के लिए उच्चतम न्यायालय से किसी भी प्रकार का स्टे नहीं मिला है। अब यह अवमानना याचिका अमीन पटवारी, एडीईओ और अन्य भर्तियों में 58 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के खिलाफ दायर की गई है। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने यह माना कि राज्य में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### राज्य कोटे की सीटें अब 50% से घटकर 25 % ही

गौरतलब है कि, राज्य सरकार ने हाल ही में गजट नोटिफिकेशन जारी कर मेडिकल स्नातकोत्तर (पीजी) प्रवेश नियम 2025 में संशोधन किया है। नए नियम लागू होते ही राज्य कोटे की सीटों को 50 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसके चलते मेडिकल छात्रों और जूनियर डॉक्टरों में असंतोष बढ़ गया है।

## नेता प्रतिपक्ष महंत ने लिखा सीएम को पत्र

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने मेडिकल पीजी सीटों में राज्य कोटा घटाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। महंत ने मांग की है कि, मेडिकल पीजी की कम से कम 50 प्रतिशत सीटें छत्तीसगढ़ के छात्रों के लिए सुरक्षित रखी जानी चाहिए। उनका कहना है कि मौजूदा स्थिति में राज्य कोटे की सीटें आधी होकर 25% रह गई हैं। जिससे छत्तीसगढ़ के मेडिकल छात्रों का भविष्य प्रभावित होगा। महंत ने लिखा कि, मेडिकल कॉलेजों से आए जूनियर डॉक्टर और छात्र प्रतिनिधियों ने इस मुद्दे पर उनसे मुलाकात की है। छात्रों को उम्मीद है कि सरकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# किसानों ने दी चेतावनी एक सप्ताह के भीतर मक्का खरीदी प्रारंभ नहीं होने पर करेंगे उग्र आंदोलन

■ समर्थन मूल्य में मक्का खरीदी प्रारंभ करने की मांग को लेकर मैनपुर में सैकड़ो किसानों ने रैली निकाल एसडीएम को सौपा ज्ञापन

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र में हजारो हेक्टेयर में सैकड़ो किसानों के द्वारा मक्का की फसल लिया गया है, अन्य वर्षो में छत्तीसगढ शासन द्वारा धान खरीदी के साथ ही मक्का खरीदी प्रारंभ किया जाता था लेकिन इस वर्ष अब तक समर्थन मूल्य में मक्का खरीदी को लेकर कोई तैयारी नजर नही आ रही है मैनपुर देवभोग क्षेत्र में अब तक मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी नही किये जाने से क्षेत्र के सैकडो किसान परेशान है, और लगातार सहकारी सोसाईटियों का चक्कर लगा रहे है, खुन पसीने की मेहनत की कमाई मक्का को औने-पौने दामो पर बिचौलियों को बेचने के लिए मजबूर हो रहे है जिसके चलते परेशान किसानों ने आज सोमवार को किसान संघर्ष समिति के बैनर तले मैनपुर में रैली निकाल नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा कर मांग किया है कि एक सप्ताह के भीतर समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी प्रारंभ किया जाए अन्यथा किस मजबूरन सड़क की लड़ाई लड़ने मजबूर होंगे और एक सप्ताह बाद उग्र आंदोलन धरना प्रदर्शन चक्का जाम करने की चेतावनी दी है,

किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष टीकम कपिल, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, वरिष्ठ किसान नेता प्रेमसाय जगत ने बताया गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग क्षेत्र में 20 हजार से भी अधिक हेक्टेयर में सैकड़ो किसानो के द्वारा भारी पैमाने पर मक्के की फसल हर वर्ष की भांति लिया गया है लेकिन अब तक समर्थन मुल्य मे खरीदी नही प्रारंभ होने से किसान मजबूरन 1500 से 1600 के बीच बेचने मजबूर हो रहे है। लगातार उच्च अधिकारियों से मक्का खरीदी प्रारंभ करने की मांग को लेकर आवेदन किया जा रहा है लेकिन हमारें इस गंभीर समस्या की ओर शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है,किसानो ने बताया मक्के की फसल को बहुत सहेज कर रखा और बारिश में काफी नुकसान हुआ खाद बीज महंगे हो गए है फसल जब कट कर तैयार हो गई है तो अभी तक समर्थन मुल्य में खरीदी प्रारंभ नही हुआ है जिसके करण कई किसान मजबूरन औने-पौने दाम पर मक्का बेचने मजबूर हो रहे है। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित थे एवं पुलिस के अधिकारी पुलिस बल तैनात थे।

# सीमेंट प्लांट के बढ़ते विरोध पर प्रबंधन ने प्रेसवार्ता लेकर दी सफाई

## निर्धारित क्षेत्र में नियमानुसार खनन और उत्पादन, भ्रम फैलाकर कराया जा रहा विरोध

■ बैठक मे चर्चा से स्पष्ट हो जाएगी तस्वीर

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** जिले के संडी ब्लाक मे सीमेंट प्लांट के बढ़ते विरोध के बीच जिला प्रशासन और श्री सीमेंट प्रबंधन ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर कतिपय लोगो पर किसानो के बीच भ्रम पैदाकर सीमेंट प्लांट के खिलाफ अनर्गल प्रचार करने का आरोप लगाया। प्रबंधन की ओर मौजूद श्री सीमेंट के मुख्य कार्यकारी रवि तिवारी ने प्रेस वार्ता मे कहा कि संडी ब्लाक मे सीमेंट प्लांट निर्माण से क्षेत्र के किसानो को कोई परेशानी और दिक्कतें नही होगी। क्षेत्र मे सीमेंट प्लांट लगने के बाद रोजगार, आर्थिक गतिविधियों, विकास और सुविधाओं मे बढोत्तरी होगी।

विश्राम गृह मे आयोजित प्रेस वार्ता मे तिवारी ने बताया कि कंपनी द्वारा अब तक लगभग 180 एकड़ जमीन किसानो से सीधे खरीदी गई है। परियोजना के लिए कुल 404 हेक्टेयर जमीन पर माइनिंग लीज स्वीकृत है। और शासन के नियमों के अनुरूप डम्पिंग कार्य इसी स्थान पर होगी। तिवारी ने नियमों का हवाला देते कहा कि अधिकतम 30 मीटर तक खनन की अनुमति है इसका पूरा पालन होगा। खनन के बाद गडडो को पुर्नस्थापित कर वाटर टैंक बनाकर उसमे सिंचाई पेयजल सहित अन्य व्यवस्था बनाई जाएगी। लगातार बढ़ते विरोध को भ्रामक प्रचार करार देते तिवारी ने स्पष्ट किया कि श्री सीमेंट देश की तीसरी सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी है। जिसके पहले ही देश भर 13 से अधिक प्लांट संचालित है। तिवारी ने कहा कि दबाव डाल कर जमीनो क अधिग्रहण की खबरे भ्रामक है। किसानो से जमीन की खरीदी बाजार मूल्य के आधार पर सहमति से हूई है। किसानो सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा विरोध और की गई शिकायतों पर जवाब देते तिवारी ने कहा कि सीमेंट प्लांट के नाम पर अफ्वाह फैलाकर भ्रमिक करने का प्रयास किया जा रहा है।

### जनसुनवाई पर उच्चाधिकारियो से चर्चा: कलेक्टर

प्रेसवार्ता मे मौजूद कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि जनसुनवाई रोकने व्यापक पैमाने पर आवेदन निवेदन आए है। उच्चाधिकारियो को इससे अवगत कराया जा रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो जनसुनवाई आगे बढ़ सकती है फिलहाल इस पर कूछ कहने से कलेक्टर ने मना कर दिया। चंद्रवाल ने कहा कि विरोध को टालने, किसानो को सही जानकारी देने का प्रयास जारी है। सार्थक चर्चा होगी तो सभी बाते स्पष्ट हो जाएगी। इसके लिए प्रभावित होने वाले पांच गांवो मे पहले चर्चा की पहल की जाएगी। प्रेसवार्ता में जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल,श्री सीमेंट कंपनी के स्टेट हेड संजय सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### गांव मे बैठकर किसानों को समझाएंगे

क्षेत्र के खनन इलाके सहित 39 गांवो मे प्लांट के विरोध के सवाल पर तिवारी ने कहा कि पहले ज्यादातर किसानो ने हामी भरी थी। अब भ्रम के कारण विरोध है। कंपनी प्रबंधन अब भी गांवो मे किसानो के साथ बैठक प्लांट निर्माण और कार्य की वस्तुस्थिति साझा करने तैयार है इसमे स्पष्ट होगा कि गांव, किसान को कोई नुकसान नही होगा इसके लिए गांव के प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों के साथ भी बैठक किए जाने की तैयारी है। जनसुनवाई के लिए गांव मे बांटे गए अग्रेजी विवरणिका पर तिवारी ने स्पष्ट किया कि प्रभावित होने वाले किसानो को हिंदी मे भी इसकी समरी उपलब्ध कराई गई है। इसमे किसी प्रकार के तथ्यों को नही छिपाया गया है।

# कवर्धा की शिक्षिका ने बनाया इतिहास

## बच्चों के लिए तैयार की नई ध्यान-पद्धति और पुस्तक

■ राज्य की ताज़ा शैक्षणिक रिपोर्ट ने बढ़ाई नई पद्धति की ज़रूरत – हजारों बच्चे अभी भी गिनती और अक्षर ज्ञान से वंचित

पूरे प्रदेश में बनी चर्चा का विषय

**कवर्धा/नवप्रदेश।** जहाँ एक ओर प्रदेश में हाल ही में जारी सोशल ऑडिट रिपोर्ट ने चौकाने वाला खुलासा किया है कि 9843 स्कूलों के कक्षा 3 के बच्चे न तो गिनती जानते हैं और न ही अक्षर ज्ञान, वहीं दूसरी ओर कवर्धा जिले की शिक्षिका विधि तिवारी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अगरीकला, जिला कबीरधाम, द्वारा विकसित नई ध्यान-पद्धति बच्चों की इस सीखने की कमी को दूर करने में एक आशाजनक समाधान बनकर उभर रही है।

राज्य के 38955 स्कूलों में हुए सर्वे में यह स्पष्ट सामने आया है कि बड़ी संख्या में बच्चे अभी भी बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान से जूझ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों की एकाग्रता की कमी, मानसिक असंतुलन और सीखने में रुचि की कमी इसके प्रमुख कारण हैं। इसी पृष्ठभूमि में शिक्षिका द्वारा विकसित यह नई ध्यान-पद्धति अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है। शिक्षिका विधि तिवारी ने पहली बार ध्यान, योग, विज़ुअलाइज़ेशन, ब्रेन डांस, ओम्-चैन्टिंग और भारतीय ज्ञान परंपरा की प्राचीन पद्धतियों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर एक नवीन विधि तैयार की है, जिससे बच्चे- खेल-खेल में ध्यान सीख रहे हैं, तनावमुक्त होकर पढ़ाई कर रहे हैं, गिनती, अक्षर ज्ञान और समझ की गति में सुधार ला रहे हैं। यह विधि बच्चों में एकाग्रता, स्मरण शक्ति, सीखने की गति और भावनात्मक संतुलन को तेज़ी से बढ़ा रही है—जो स्वस्थ्य सुधार के लिए सबसे आवश्यक है। पुस्तक बनी बच्चों की पसंद– माँग बढ़ी कि यह सभी स्कूलों में उपलब्ध कराई जाए इस पद्धति पर आधारित शिक्षिका की पुस्तक प्रकाशित होते ही बच्चों की पहली पसंद बन गई। छात्रावासों में इसकी लोकप्रियता इतनी बढ़ गई है कि बच्चे स्वयं शासन से मांग कर रहे हैं कि यह पुस्तक सभी स्कूलों और छात्रावासों में उपलब्ध कराई जाए। रिपोर्ट और नई पद्धति–दोनों ने दिखाया कि बदलाव की दिशा स्पष्ट है जहाँ सोशल ऑडिट रिपोर्ट ने सीखने में गिरावट के गंभीर संकेत दिए, वहीं शिक्षिका की ध्यान-पद्धति ने यह साबित किया है कि यदि बच्चों के मन, मस्तिष्क और भावनात्मक स्तर पर काम किया जाए तो सीखने की क्षमता, स्कूल उपस्थिति, पढ़ने-लिखने की रुचि, और व्यवहारिक बदलाव तेज़ी से देखने को मिल सकते हैं।

**शिक्षिका की मांग** – नई पद्धति को पायलट प्रोजेक्ट बनाकर पूरे प्रदेश में लागू किया जाए। शिक्षिका ने राज्य शिक्षा विभाग एवं शिक्षा मंत्री से अनुरोध किया है कि इस पद्धति को राज्य-स्तरीय पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाए। उन्हें जिला/राज्य स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण का अवसर दिया जाए।, यदि SCERT तीन दिवसीय प्रशिक्षण का अवसर प्रदान करे, तो इसे राज्य का मॉडल प्रोजेक्ट बनाया जा सकता है।

# कुरूद नगर पालिका में होगी सूखे एवं गिले कचरे के प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना

■ कुरुद नगर पालिका में कचरा प्रबंधन के लिए केंद्र ने दिए 96 लाख की राशि

**कुरूद/नवप्रदेश।।** मोदी की गारंटी विष्णु के सुशासन और अजय के विकास रथ को आगे बढ़ाने के लिए आज कुरूद नगरपालिका को कचरा प्रबंधन के लिए मशीनें लगाने एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार करने के लिए केन्द्र सरकार ने 96 लाख ? स्वीकृत प्रदान की है। , कुरूद नगर में पिछले कई वर्षों से नगर के प्रमुख स्थानों मे कालेज रोड के केनाल रोड किनारे और कुरूद से लगे ग्रामीण सीमाओं में कचरा डंपिंग कर देते थे, इन समस्याओं से हमेशा हमेशा के लिए दूर करने नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर जी परिषद में प्रस्ताव करवाकर राइस मिल एरिया में नगरपालिका के 4 एकड़ ज़मीन पर कचरा प्रबंधन के लिए केन्द्र सरकार से मशीनें लगाने एवं मनीकंचन केन्द्र तैयार करने राशि माँग की थी। जिस पर 5 दिसम्बर को केन्द्र सरकार ने आदेश जारी कर 96 लाख लागत ? से मशीन लगाने एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान किया। .

नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर अपने पार्षदों के साथ, कचरा प्रबंधन वाले जगह का निरीक्षण किया। और मिडिया को जानकारी देते हुए कहा यह स्वीकृति कुरूद नगर में स्वच्छता हेतु नया अध्याय लिखेगी। वर्षों की कचरा डंपिंग समस्या से निजात मिलेगी। नगर को स्वच्छ बनाने के लिए भारत सरकार का कुरूद वासी सदैव ऋणी रहेंगे। उन्होंने आगे यह कहा कि हमारे नई परिषद के लगातार सक्रियता से कुरूद पिछले 9 महिनो से तेज गति से आगे बढ़ रहा है, चारों दिशा में युद्ध गति से विकास कार्य चल रहे है, बहुत जल्द सबके सहयोग से कुरूद नगर की तस्वीर सुंदरता में सम्मिलित होने वाली है।

# निष्क्रिय बैंक खातों में फंसी जमा राशि के वास्तविक हकदारों को मिलेगा तत्काल हक

■ मनेंद्रगढ़ के जनपद पंचायत की सभाकक्ष में 12 दिसंबर को लगेगा डीईएएफ क्लेम सेटलमेंट कैंप

**एमसीबी/नवप्रदेश।** वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों, अनक्लेम्ड जमा और लंबित क्लेम राशि को उनके वास्तविक हकदारों तक पहुंचाने के लिए अब इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार के दिशा-निर्देश पर एलडीएम सेल द्वारा 12 दिसंबर 2025 को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में विशेष डीईएएफ क्लेम सेटलमेंट कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर उन सभी खाताधारकों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर की तरह उभर रहा है जिनकी मेहनत की कमाई बैंकिंग तकनीकी प्रक्रियाओं या अनजाने कारणों से वर्षों से अटकी हुई है।

इस एक दिवसीय विशेष कैंप में निष्क्रिय खातों का पुनर्सक्रियण, भूली-बिसरी जमा राशि का निपटान, दावा आवेदन का सत्यापन और लंबित क्लेम का मौके पर त्वरित समाधान एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया जाएगा। डीईएएफफंड के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में अटकी पूंजी को नागरिकों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है, और यह कैंप आर्थिक सशक्तिकरण को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एलडीएम सेल ने सभी बैंक ग्राहकों, आमजनों, सामाजिक प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस कैंप में अधिकाधिक संख्या में पहुंचे और अपनी जमा राशि पर अपने अधिकार को सुनिश्चित करें। कैंप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगा। ताकि दावा निपटारा उसी दिन पूरा हो सके, लाभार्थियों को पासबुक, पहचान पत्र तथा संबंधित दस्तावेज साथ लाने की सलाह दी गई है। इस कैंप के आयोजन से नागरिकों को सिर्फ उनकी आर्थिक पूंजी का संरक्षण नहीं मिलेगा, बल्कि वित्तीय साक्षरता को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे भविष्य में बैंकिंग प्रणाली के प्रति जागरूकता और विश्वास और अधिक मजबूत होगा। प्रशासन का मानना है कि यह पहल समाज में आर्थिक जागरूकता और आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खोलेगी। अधिक जानकारी, आवश्यक दिशा-निर्देश या दस्तावेजों के बारे में सहायता के लिए इच्छुक लाभार्थी अपने निकटतम बैंक शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

# लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर हुई विशेष चर्चा में बोले सांसद

**कवर्धा/नवप्रदेश।** क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने भारतीय लोकतंत्र के मंदिर लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर हुई विशेष चर्चा में मुखरता के साथ अपने विचार रखे। सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि वंदे मातरम् कोई धार्मिक गीत नहीं, किसी व्यक्ति या दल या राज्य का गीत नहीं, वंदे मातरम् राष्ट्र की आत्मा का गीत है, भारत के गौरव का गीत है, हर भारतीय के आशाओं-आकांक्षाओं का सुरमयी गीत है।

इस गीत ने लाखों भारतीयों के भीतर स्वतंत्रता का स्वप्न देखने का साहस जगाया और असंख्य वीरों ने यातनाओं और फांसी के तख्तों पर चढ़ते हुए भी ÷वन्दे मातरम÷ का उद्घोष कर मातृभूमि के चरणों में अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत ञ्च2047 की कल्पना बिना वंदे मातरम् गीत के पूरा नहीं हो सकता। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह उत्सव पूरा देश मना रहा है। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ÷इण्डिया इस इंदिरा, इंदिरा इस इंडिया÷ का नारा लगाने वाले कांग्रेस पार्टी के नेताओं की मातृभूमि के प्रति क्या भावना होगी यह पूरा देश जानता है।

# बिना वैध ट्रेड लायसेंस के संचालित नहीं किया जा सकेगा व्यापार

**कवर्धा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ व्यापार अनुज्ञप्ति नियम, 2025 अब नगर पंचायत क्षेत्र में पूरी तरह लागू है। इन नियमों के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में किसी भी प्रकार का व्यवसाय, व्यापार, सेवा गतिविधि या वाणिज्यिक संचालन बिना वैध व्यापार अनुज्ञप्ति (ट्रेड लायसेंस) के संचालित नहीं किया जा सकेगा।

नगर पंचायत अधिकारी तेज चंद्रवंशी ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में स्थित सभी दुकानदार, गुमटी/ठेला संचालक, मोबाइल वैन/वाहन से व्यापार करने वाले व्यापारी, सेवा आधारित व्यवसाय जैसे सैलून, मरम्मत केंद्र, वर्कशॉप, क्लिनिक, गोदाम आदि के संचालकों को अनिवार्य रूप से नगर पालिका से व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त करनी होगी। अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज, शुल्क और प्रक्रिया की जानकारी नगर पंचायत कार्यालय में उपलब्ध है। व्यापारी निर्धारित समयावधि में आवेदन प्रस्तुत कर अनुज्ञप्ति प्राप्त कर सकते है। इससे भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई, दंड या व्यवसायिक बाधा से बचा जा सकेगा।

# परेशानियों से मिली मुक्ति, पक्का घर बनाने का बरसों का सपना हुआ साकार

## सांकरा की अम्बा बाई को मिला प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

**धमतरी/नवप्रदेश।** कच्चे घर की पीड़ा - सांकरा गाँव की अम्बा बाई और उनके पति नारायण का जीवन मेहनत और सादगी से भरा था। नारायण मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते थे, लेकिन जीवन की सबसे बड़ी कमी थी एक पक्का आशियाना। उनका कच्चा, मिट्टी और खपरैल की छत वाला घर हर साल बरसात में एक बड़ी समस्या बन जाता था। बारिश के मौसम में रात भर जागना पड़ता था। छत जगह-जगह से टपकती थी। घर के अंदर पानी भर जाता था और बच्चों को सुरक्षित सुलाना भी मुश्किल होता था। साँप-बिच्छुओं का डर हमेशा बना रहता था। सम्मान से सिर छुपाने के लिए एक पक्की छत का सपना बस एक सपना ही था।

नई उम्मीद की किरण प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) - जब अम्बा बाई को ग्राम पंचायत से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के बारे में पता चला, तो उनके मन में एक उम्मीद जगी। ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव के सहयोग से उन्होंने आवेदन प्रक्रिया पूरी की।

कुछ समय बाद उन्हें सूचना मिली कि उनका नाम लाभार्थियों की सूची में शामिल हो गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत हितग्राही आई.डी. ब्भ्117546449 के माध्यम से राशि 01 लाख 20 हज़ार रूपये एंव महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 90 मानव दिवस की मजदूरी मिला। यह उनके और उनके परिवार के लिए किसी बड़े त्यौहार की खुशी से कम नहीं था। सपनों का घर बना हकीकत - योजना के तहत मिली किस्तों और अपने पति नारायण की कड़ी मेहनत से उन्होंने अपने पुराने, कच्चे घर के पास ही नए पक्के मकान का निर्माण शुरू किया। एक-एक ईंट रखी गई, एक-एक दीवार खड़ी हुई।

### गृह प्रवेश और खुशियों की नई रोशनी

जब मकान पूरी तरह बनकर तैयार हुआ, तो अम्बा बाई और नारायण ने शुभ मुहूर्त पर पूरे विधि-विधान से गृह प्रवेश किया। वह दिन उनके जीवन का सबसे यादगार दिन था। नया पक्का घर, सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक बना। आज अम्बा बाई का परिवार पक्की छत के नीचे सुरक्षित महसूस करता है। बच्चों को अब सुरक्षित और स्थिर माहौल मिला है, जहाँ वे मन लगाकर पढ़ाई कर सकते हैं।

### परिवार का सामाजिक सम्मान बढ़ा है

अम्बा बाई और नारायण जी कहते हैं, यह पक्का मकान केवल चार दीवारें नहीं हैं, यह उनकी मेहनत और सरकार की मदद का परिणाम है, जिसने एक गरीब परिवार को सम्मान के साथ जीने का अवसर दिया है। वे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। धमतरी जिले में नगरी विकासखंड की सांकरा ग्राम पंचायत में यह कहानी हजारों परिवारों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की एक जीती-जागती मिसाल है।

# साझा संसार, नीदरलैंड्स के प्रथम अन्तरराष्ट्रीय मैक्समूलर अलंकरण-2025' से संतोष चौबे सम्मानित

## वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा, साहित्य, संस्कृति व कला के उन्नयन में सर्वोत्तम योगदान के लिए मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

*बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ कवि-कथाकार, निदेशक, विश्व रंग एवं डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे को साझा संसार, नीदरलैंड्स के 'प्रथम अन्तरराष्ट्रीय मैक्समूलर अलंकरण-2025' से सम्मानित किया गया। संतोष चौबे को वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं कला के उन्नयन हेतु सर्वोत्तम योगदान के लिए यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया।*

उल्लेखनीय है कि यह अंतरराष्ट्रीय अलंकरण राजस्थान के जाट बहरोड़ गाँव में आयोजित भव्य 'राठ रंग महोत्सव' में बलबीर सिंह छिल्लर, जिला प्रमुख अलवर एवं साझा संसार फाउंडेशन, नीदरलैंड्स के अध्यक्ष, श्री रामा तक्षक द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंच पर, इलेक्ट्रॉनिकी आपके लिए की कार्यकारी संपादक, डॉ. विनीता चौबे, वरिष्ठ कवि एवं विश्व रंग के सह-निदेशक लीलाधर मंडलोई, बिजेंद्र सिंह महलावत, राधेश्याम यादव, सुभाष चौधरी व चित्रपाल तक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि कवि-कथाकार, उपन्यासकार, संपादक और अनुवादक संतोष चौबे अपने अभिनव रचनात्मक प्रकल्पों और नवाचारों के लिए वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान रखते हैं। उन्होंने हिन्दी भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रसार के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय 'विश्वरंग' महोत्सव की वर्ष 2019 में भोपाल से शुरुआत की जिसके आज 65 से अधिक सदस्य देश हैं। विश्व रंग 'मॉरीशस' के बाद हाल ही में उन्होंने श्रीलंका, मुंबई और भोपाल में विश्व रंग का सातवाँ भव्य आयोजन कर हिंदी के वैश्विक विस्तार की जमीन तैयार की है। संतोष चौबे को सिंगापुर में 'विश्व हिंदी शिखर सम्मान-2024' और फ्रांस में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय 'भारत गौरव सम्मान-2024', लंदन में 'वातायन यू.के. अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मान 2023' और अमेरिका के प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा 'लाईफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया।

### कहीं और सच होंगे सपने कविता के लिए दुष्यंत कुमार पुरस्कार

संतोष चौबे को कविता (कहीं और सच होंगे सपने) के लिए मध्यप्रदेश साहित्य परिषद् का दुष्यंत कुमार पुरस्कार, आलोचना (कला की संगत) के लिए स्पंदन आलोचना सम्मान, अनुवाद (मास्को डायरी) के लिए मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का पुरस्कार एवं उपन्यास (जलतरंग) के लिए शैलेश मटियानी तथा अन्तरराष्ट्रीय वैली ऑफ वर्ड्स पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। समग्र साहित्यिक अवदान के लिए उन्हें राष्ट्रीय दुष्यंत अलंकरण, शिवमंगल सिंह सुमन सम्मान' एवं अखिल भारतीय ब्रह्मदत्त तिवारी स्मृति सम्मान-2024' से अलंकृत किया गया हैं। प्रथम मैक्समूलर अंतरराष्ट्रीय अलंकरण-2025' के लिए संतोष चौबे को 'विश्व रंग' फाउंडेशन, टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र, प्रवासी भारतीय साहित्य एवं संस्कृति शोध केंद्र, टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केंद्र, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय, डॉ. सी.वी. रामन विश्वविद्यालय, बिलासपुर, खंडवा, वैशाली, आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग, आईसेक्ट पब्लिकेशन, वनमाली सृजन पीठ, समस्त वनमाली सृजन केंद्रों तथा साहित्य, कला संस्कृति की सहयोगी संस्थाओं ने बधाई दी।

---

## ■ न्यूज गैलरी

### स्वरोजगार स्थापना के लिए शिक्षित बेरोजगारों को मिलेगा ऋण

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापना हेतु बैंको के माध्यम से ऋण राशि प्रदान किया जाता है। इस योजनान्तर्गत विनिर्माण क्षेत्र हेतु अधिकतम ऋण राशि 3 लाख एवं सेवा क्षेत्र के लिए ऋण राशि 1 लाख तक का ऋण राशि बैंको के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ही हितग्राही समूह, व्यक्तिगत ऑफलाईन आवेदन कर सकते है। बैंको द्वारा स्वीकृत प्रोजेक्ट राशि पर 35 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाता है। आवेदन करने के लिए आवेदक का उम्र 18 से 45 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक के साथ आवश्यक दस्तावेज शैक्षणिक योग्यता 8वी उत्तीर्ण, जाति निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित होना चाहिए, अनापत्ति प्रमाण पत्र जो सरपंच या नगर पंचायत अध्यक्ष से प्रमाणित होना चाहिए आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट साईज दो फोटो, प्रोजेक्ट रिपोर्ट आदि के साथ आवेदक अपना आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेज के साथ विभाग में जमा करने के पश्चात स्वीकृत हेतु संबंधित बैंक को भेजा जाता है।

---

केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण का फैसला बरकरार

# रेलवे की याचिका खारिज, 100 से अधिक उम्मीदवारों को मिलेगी नौकरी

*बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ग्रुप डी की भर्ती के लिए 2010 में जारी हुई अधिसूचना के तहत नौकरी के लिए आवेदन करने वाले 100 से अधिक उम्मीदवारों को हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद के नेतृत्व वाली डबल बेंच ने रेलवे की याचिकाएं खारिज कर दी हैं। रेलवे ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के फैसले को चुनौती दी थी। इस फैसले के बाद अब योग्य उम्मीदवारों की रिप्लेसमेंट कोटा के तहत नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है।*

दरअसल रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर ने 15 दिसंबर 2010 को ग्रुप डी की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी। कई साल बाद भी नियुक्ति नहीं होने पर उम्मीदवारों ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण में मामला प्रस्तुत किया। कैट ने 6 मार्च 2024 को दिए गए फैसले में रेलवे को निर्देश दिया था कि 17 जून 2008 की अधिसूचना के अनुसार रिप्लेसमेंट कोटा के तहत रिक्तियों की स्थिति की जांच करें। यदि पद खाली हैं तो याचिकाकर्ताओं को ग्रुप डी के पदों पर नियुक्ति देने पर विचार किया जाए। उपयुक्त पाए जाने वाले सभी उम्मीदवारों को नियुक्ति आदेश जारी किए जाएं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण, एडवोकेट एवी श्रीधर, दीपाली पांडेय समेत अन्य ने पैरवी की। हाईकोर्ट ने रेलवे को निर्देश दिए हैं कि उच्च स्तरीय अधिकारी की अध्यक्षता में तत्काल खाली पदों का ऑडिट किया जाए। पता लगाया जाए कि 2010 को कितने पदों पर भर्ती होनी थी, इसमें से कितने भरे नहीं गए। कितने पद अब भी रिप्लेसमेंट/वेटिंग लिस्ट से भरे जा सकते हैं।

### कैट के आदेश को कोर्ट में चुनौती

कैट के इस आदेश के खिलाफ रेलवे ने हाई कोर्ट में याचिकाएं लगाईं, इसमें तर्क दिया कि चयनित पैनल में शामिल होने से किसी उम्मीदवार को नियुक्ति का निहित अधिकार नहीं मिल जाता है। हाई कोर्ट ने रेलवे की याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि वैध रूप से तैयार किए गए चयन पैनल में शामिल उम्मीदवार को नियुक्ति का निहित अधिकार न हो, लेकिन वह उचित, निष्पक्ष और कानूनी विचार का हकदार है। नियुक्ति प्राधिकारी मनमाने ढंग से चयन पैनल को नजरअंदाज नहीं कर सकता। जब योग्य उम्मीदवार मेरिट में हो और पद खाली हो तो नियुक्ति केवल ठोस और उचित कारणों पर ही नकारी जा सकती है।

---

# युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

■ **कलेक्टर और एसपी से लगाई न्याय की गुहार**

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** मस्तूरी थाना क्षेत्र के जयराम नगर में 28 वर्षीय सूरज वस्त्रकार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर नए सवाल खड़े होने लगे हैं। मृतक की बहन आरती वस्त्रकार ने कलेक्टर और एसएसपी को आवेदन देकर पुनः जांच की मांग की है। परिजनों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर चोट का जिक्र है, इसलिए मौत को आत्महत्या मानना संदिग्ध लगता है। घटना 14 मई 2025 की है। शाम करीब 4-5 बजे सूरज का शव बेडरूम में बिस्तर के नीचे पड़ा मिला। सिर से खून बह रहा था। गले में गमछा बंधा था। दूसरा गमछा पंखे पर बिना गांठ के लटक रहा था। परिवार के अनुसार यह पूरा घटनाक्रम शुरुआत से ही संदेह पैदा करता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर चोट–परिजनों ने मर्ग पंचनामा पर भी सवाल उठाए। बहन आरती वस्त्रकार ने आवेदन में आरोप लगाया है कि पी.एम. रिपोर्ट में सिर पर चोट दर्ज है। पुलिस द्वारा तैयार मर्ग पंचनामा में दिए बयान गलत हैं। उनका कहना है कि इन बिंदुओं की जांच जरूरी है क्योंकि चोट की वजह स्पष्ट नहीं है।

---

# अनुकंपा नियुक्ति व विकलांगता पेंशन दिलाने के मिले आवेदन

■ **कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं**

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उन्होंने एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। लोगों ने जनदर्शन में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक हित से जुड़े विषयों को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवेदन दिया। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार और सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप अग्रवाल ने लोगों की समस्याओं को सुना। जनदर्शन में आज तखतपुर ब्लॉक के ग्राम भरारी निवासी शशिकला साहू ने अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। श्रीमती साहू ने बताया कि उनके पति स्व. धर्मेन्द्र कुमार साहू प्राथमिक शाला कोसकट्टी में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। पूर्व में भी उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया था परंतु आज दिनांक तक किसी प्रकार कार्यवाही नहीं की गई। कलेक्टर ने उनका ज्ञापन डीईओ को सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। गतौरा के ग्रामीणों ने एनटीपीसी सीपत में पात्र भू विस्थापितों की चयन सूची जारी करने में विलंब की शिकायत की। उन्होंने बताया कि हम सभी आवेदकों की एक एकड़ से अधिक जमीन एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहित की गई है। एनटीपीसी द्वारा अगस्त महीने में 250 भू विस्थापितों को तीन माह के भीतर नौकरी देने का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज तक चयन सूची जारी नहीं की गई है। कलेक्टर ने मामले को एसडीएम को सौंपते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। ओमनगर निवासी दिव्यांगजन शैलेन्द्र कुमार मसीह ने विकलांगता के आधार पर शासन की योजना के अंतर्गत पेंशन राशि प्रदान करने की गुहार लगाई।

### पीएम आवास की तीसरी किश्त दिलाने की मांग

उसलापुर निवासी शिव कुमारी बंजारे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए तीसरा किस्त ना मिल पाने की शिकायत की। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत दर्रीघाट की सरपंच श्रीमती ललिता ने ग्राम दर्रीघाट अरपा पुराने पुल का डामरीकरण करवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत दर्रीघाट में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पुराना पुल अत्यंत जर्जर हो गया है, जिसमें आवागमन में बहुत अधिक समस्या का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालन अभियंता को मामले को सौंपा।

---

### फर्जी प्रवेश पत्र लेकर परीक्षा देने आई छात्रा सहित दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** फर्जी प्रवेश पत्र लेकर अमीन रिक्रूटमेंट की परीक्षा देने आई छात्रा पकड़ी गई। जांच के बाद पुलिस ने छात्रा सहित दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है, इन्हें गिरफ्तारी के बाद मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया है। सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, सेंट जेवियर्स सेकेन्डरी स्कूल भरनी की प्रिंसिपल विभूति भूषण महाता ने रिपोर्ट लिखाई। 7 दिसंबर को अमीन रिक्रूटमेंट परीक्षा में उनके स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इसमें दो परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जिसमें एक का नाम कमलेश्वरी पिता खेलन सिंह एवं दूसरे का नाम अंजली राज पिता श्याम लाल था। उपस्थित पत्रक से जांच करने पर कमलेश्वरी पिता खेलन सिंह का नाम दर्ज पाया गया है, जिससे उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमित दी गई। दूसरी अभ्यर्थी अंजली राज का नाम उपस्थित पत्रक में नहीं पाया गया। वह फर्जी प्रवेश पत्र बनवाकर व्यापमं की परीक्षा में शामिल होने आई थी। उसने कमलेश्वरी की जगह अपनी फोटो लगाकर फर्जी प्रवेश पत्र बनवाया था। डिप्टी कलेक्टर द्वारा दोनों छात्राओं को बयान लिया गया। जिसमें अंजली राज ने ग्राम कर्रानारा निवासी मोहन उड़के के द्वारा प्रवेश पत्र निकालकर देने पर परीक्षा देने आने की बात कही।

---

# मस्तूरी जनपद के सरपंचों ने मांगों को लेकर जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

■ **कल करेंगे धरना प्रदर्शन**

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** जनपद पंचायत मस्तूरी के सरपंच संघ ने मंगलवार को अपनी तीन प्रमुख मांगों को लेकर शासन के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। क्षेत्र की कुल 132 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने बताया कि वर्तमान पंचायती कार्यकाल प्रारंभ हुए 9 महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक पंचायतों को 15वें वित्त आयोग की राशि प्राप्त नहीं हुई है। राशि जारी न होने से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रस्तावित विकास कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं।

सरपंचों का कहना है कि निधि मिलने पर गांवों में सड़क, नाली, सामुदायिक भवन सहित कई आवश्यक कार्यों को गति मिलेगी, परंतु बजट न मिलने से पंचायतें कार्यहीन स्थिति में हैं। सरपंच संघ ने अपनी दूसरी महत्वपूर्ण मांग में पंचों का मानदेय 2,500 रुपये तथा सरपंचों का मानदेय 10,000 रुपये प्रतिमाह किए जाने की आवश्यकता जताई। प्रतिनिधियों का कहना है कि दायित्व और जिम्मेदारियां बढ़ी हैं, ऐसे में मानदेय वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप होना चाहिए। तीसरी मांग के रूप में पंचायतों को 50 लाख रुपये तक के निर्माण कार्यों के लिए अलग निर्माण एजेंसी का गठन करने की आवश्यकता बताई गई, ताकि पंचायतें बड़े स्तर के विकास कार्यों का निष्पादन स्वयं कर सकें और प्रक्रियाएं सुगम हो सकें। इन तीनों मांगों को लेकर सरपंच संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आगामी 11 दिसंबर को जनपद कार्यालय के सामने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो जिला स्तरीय बड़ा आंदोलन आयोजित किया जाएगा। सरपंचों ने उम्मीद जताई कि शासन उनकी मांगों पर शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय लेगा।



## सुविचार

जिंदगी को हर साल जनवरी का महीना सुनहरे सपने दिखाता है और दिसम्बर का महीना दिखाता है आईना। - अज्ञात

# वंदे मातरम को लेकर सियासत

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जन-जन के बीच आजादी का अलख जगाने वाले वंदे मातरम गीत को लेकर सियासत होना दुर्भाग्यजनक है। 1947 के पूर्व जब आजादी के दीवाने अंग्रजी हुकुमत के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे तब बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत वंदे मातरम हर जुबां पर हुआ करता था। करोड़ों देशवासियों को एकजुट करने में इस गीत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और जब देश आजाद हुआ तो 1950 में जनगण मन को राष्ट्रगान और वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया गया था। वंदे मातरम को अब एक सौ पचास साल पूरे हो गये हैं इसलिए संसद के शीतकालीन सत्र में वंदे मातरम पर विशेष चर्चा कराई गई है जो स्वागत योग्य कदम है। लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राष्ट्र गीत वंदे मातरम को टुकड़े में बांट दिया गया। क्योंकि तात्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने जिन्ना के दबाव के सामने घुटने टेक दिये थे। वंदे मातरम पर समझौता करना एक बड़ी भूल थी। इसके जवाब में कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि वे वंदे मातरम को विवादित बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम देश के कण-कण में बसा है और देश की भावना से जुड़ा है। प्रियंका गांधी के अनुसार वंदे मातरम पर ससंद पर चर्चा कराने की आवश्यकता ही नहीं थी। इसकी जगह देश के सामने मंहगाई और बेरोजगरी सहित जो विकट समस्याएं है उन पर चर्चा होनी चाहिए। किन्तु बंगाल विधानसभा का चुनाव होने जा रहा है इसलिए संसद में वंदे मातरम पर चर्चा कराई गई है। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि आप जितने साल से प्रधानमंत्री पद पर है उतने साल तो जवाहरलाल नेहरू ने आजादी की लड़ाई में भाग लेते हुए जेल में बिताए हैं। कुल मिलाकर अब वंदे मातरम पर जो सियासत हो रही है। उसे कतई उचित नहीं कहा जा सकता। बेहतर तो यह होता कि वंदे मातरम पर संसद में सार्थक चर्चा की जाती और इसे महिमा मंडित करने के लिए सरकार और क्या कर सकती है इस पर विचार किया जाता। अभी भी वंदे मातरम को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। जबकि इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा मिला हुआ है। बहरहाल वंदे मातरम पर सरकार ने उसके एक सौ पचास साल पूरे होने पर संसद में विशेष चर्चा कराने का जो निर्णय लिया है वह स्वागत योग्य कदम है।

# छत्तीसगढ़ सरकार का एक और यूटर्न

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पहले बिजली के हाफ बिल योजना पर यूटर्न लिया था और अब उसने जमीनों की खरीद फरोख्त के लिए तय की गई नई गाइडलाइन दर के मामले में भी यूटर्न ले लिया है। गौर तलब है कि सरकार ने 20 नवंबर से जमीन की नई गाइडलाइन दर लागू की थी जिससे रजिस्ट्री के खर्च में कई गुना वृद्धि हो गई थी इसका जमीन कारोबारियों के साथ ही आम जनता ने भी भारी विरोध करना शुरू कर दिया था। जनभावनाओं को देखते हुए अब राज्य सरकार ने जमीन का मूल्यांकन पूर्व की भांति स्लैब प्रणाली से ही करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रों में मूल्यांकन की जटिलता को दूर करने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये हैं। इसके अलावा कॉमर्शियल कॉम्लेक्सों को भी राहत देने का फैसला लिया गया है। इस बारे में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि कोई भी अच्छी सरकार वही होती है जो जनहित को सर्वोपरि मान कर नियमों में संसोधन करती है उन्होंने कहा है कि जमीन के नई गाइडलान में सरकार ने जो बदलाव किया था उससे लोग असंतुष्ट हो गये थे इसलिए सरकार ने इस पर पुनर्विचार कर प्रावधानों में संसोधन किया है और इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है। तथा संबंधित लोगों से भी विचार विमर्श की भी प्रकिया जारी है। यदि आवश्यक है होगा तो इसमें भी आगे संसोधन किया जाएगा। निश्चित रूप से गाइडलाइन दर में पूर्ववत स्लैब प्रणाली को फिर से लागू करना सरकार का सराहनीय फैसला है इससे निश्चित रूप से लोगों को राहत मिलेगी और रजिस्ट्री कार्यालयों में जो सन्नाटा पसर गया था वह टूटेगा।

# "दिवस" मनाने की औचित्यता एवं सार्थकता?



राजीव खंडेलवाल

**औपचारिकता या आत्मावलोकन?**

हमारे यहाँ वर्ष के 365 दिनों में शायद ही कोई ऐसा दिन बचा हो, जिस पर एक या दो "दिवस" न मनाए जाते हों। कुछ दिवस "लौकिक"–यथा "स्मृति" एवं "घटना-प्रधान दिवस"–तो कुछ "अलौकिक" स्वरूप, जैसे "जयंती, पुण्यतिथि अथवा वैवाहिक वर्षगांठ"। समय के साथ "दिवस" मनाना एक यंत्रवत् परिपाटी बन गया है, जिसमें भाव, उद्देश्य और विवेचना का स्थान प्रायः खो जाता है। किसी महान व्यक्ति के "समर्पण" या "बलिदान" अथवा किसी घटना की स्मृति में आयोजित इन "दिवसों" पर लंबे-चौड़े भाषण और बधाई-संदेश देकर हम उस दिवस की "इतिश्री" कर देते हैं। परिणामतः "अमीर-ए-कारवां अंततः गुबार-ए-कारवां" बनकर रह जाता है। जबकि वास्तव में "दिवस" मनाते समय एक पंक्ति की औपचारिक बधाई के बाद आत्मावलोकन व आत्मचिंतन का वह स्वर मन-मस्तिष्क में "नक्कारे की भांति" बजना चाहिए कि– क्या मैं उस उद्देश्य को अगले 365 दिनों में और मजबूत करने हेतु कोई ठोस कदम उठा सकता हूँ? और यदि अब तक कुछ नहीं किया, तो क्या आने वाले 365 दिनों में इस "दिवस" की सार्थकता हेतु मेरी कोई सार्थक "आहुति" हो सकेगी?

**संविधान दिवस :** एक सकारात्मक पहल, कुछ अनकहे प्रश्न।

26 नवंबर 1949 को संविधान स्वीकार किए जाने की स्मृति में 26 नवंबर को "संविधान दिवस" घोषित करने का श्रेय निस्संदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। इसी प्रकार 21 जून (अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस), "राष्ट्रीय एकता दिवस" (सरदार पटेल जयंती) और "गुड गवर्नेंस डे" (अटल बिहारी वाजपेयी जयंती) की उल्लेखनीय पहल भी नरेंद्र मोदी की ही है। प्रधानमंत्री की देश के नाम लिखी चिट्ठी ऊर्जा, प्रेरणा और उपलब्धियों का सार लेकर आती है।

परंतु–"पगड़ी दोनों हाथों से संभाली जाती है"–संविधान को मजबूत करने की बात करते समय उन "कमियों" के उल्लेख की अपेक्षा थी, जिनके रहते संविधान की वास्तविक शक्ति पूर्ण नहीं हो पाती है।

"**अनुच्छेद 370 :** आधा काम अभी बाकी।"

हमारे संविधान का "मूल तंत्र लोकतंत्र है।" जिसका उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा अनुच्छेद 370 (2) हटाना ऐतिहासिक कदम है। किंतु अनुच्छेद 370 (1) अब भी संविधान का हिस्सा है, जिसे हटाने के लिए संविधान संशोधन आवश्यक है।

और सबसे महत्वपूर्ण– जम्मू-कश्मीर अब तक पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त नहीं कर सका है। यह वही राज्य है, जो अनुच्छेद 370 हटाए जाने पूर्व "विशेष दर्जा लिए हुए पूर्ण राज्य" था। भाजपा के घोषणा पत्र में भी पूर्ण राज्य का दर्जा लौटाने का वादा किया गया था। उच्चतम न्यायालय ने भी इसे "यथाशीघ्र बहाल" करने की अपेक्षा व्यक्त की थी। परंतु अवाम अभी भी "तेल देखो और तेल की धार देखो" की प्रतीक्षा में है।

**संविधान :** केवल पुस्तक नहीं, "लोकतंत्र की आत्मा" है।

संविधान का अर्थ केवल उसके शब्दों को "यांत्रिक" रूप से लागू करना नहीं है, बल्कि "बिटवीन द लाइंस" निहित जनभावनाओं को समझ कर उन्हें धरातल पर उतारना है। अति प्राचीन काल से गौतम ऋषि और वात्स्यायन से लेकर चाणक्य और वाचस्पति मिश्र तक भारतीय न्याय-शास्त्र में "प्रयोजन" (हेतु) को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है।

इसी कसौटी पर यदि देखें तो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रणाली पारदर्शी एवं "प्रयोजन-सिद्ध" नहीं मानी जा सकती। यह भी आत्मावलोकन का विषय है।

"**आरटीआई संशोधन (2019) :** पारदर्शिता पर आघात।"

सूचना का अधिकार अधिनियम (2005) ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा कर लोकतंत्र को शक्ति दी थी। परंतु 2019 का संशोधन केंद्रीय एवं राज्य सूचना आयुक्तों की स्वतंत्रता और स्वायत्तता को क्षीण करता है।

यह मुद्दा भी संविधान दिवस पर विमर्श का पात्र था।

"**उच्चतम न्यायालय की भूमिका :** क्या आत्ममंथन आवश्यक नहीं?"

संविधान की व्याख्या का अंतिम अधिकार सिर्फ सुप्रीम कोर्ट को है। संविधान क्या है उसकी मंशा क्या है और संविधान सम्मत क्या है या निर्णय सुप्रीम कोर्ट ही कर सकता है। प्रश्न यह है कि–

क्या न्यायालय अपने इस दायित्व को हर बार पूर्ण रूप से निभा पाया है?

कई निर्णय ऐसे रहे, जिनमें "संविधान के अनुच्छेद तो "दर्ज" हुये, पर वास्तविक परिणाम उस भावना के अनुकूल नहीं निकला। कहीं निर्णय असंवैधानिकता घोषित करता है, पर उसका लाभ पक्षकार को नहीं मिलता। कहीं न्यायालय की भावना को दरकिनार कर तकनीकी छूट का दुरूपयोग कर लिया जाता है – "पंचों का कहना सिर माथे, लेकिन परनाला वहीं गिरेगा"। चुनाव आयुक्त नियुक्ति संबंधी अनूप बरनवाल निर्णय इसकी ताजा मिसाल है।

इसके अतिरिक्त– नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) पर 237 याचिकाएँ लंबित हैं, और असम का पूर्ण हुआ ह्वक्ष्ट अब तक अधिसूचित नहीं हुआ। यह भी असंगति है।

उच्चतम न्यायालय के दोहरे भाव वाले कुछ प्रमुख निर्णय।

1. केशवानंद भारती (1973)

संसद की संशोधन शक्ति भी मानी, पर "मूल संरचना" से बाँध भी दिया। दोनों पक्ष सुरक्षित।

2. एस.आर. बोम्मई (1994)

राष्ट्रपति शासन की न्यायिक समीक्षा स्वीकार, पर इसे राजनीतिक निर्णय भी बताया–दो अर्थ।

3. शायरा बानो (ट्रिपल तलाक, 2017)

तीन तलाक अवैध, पर जजों के तर्क भिन्न–निर्णय दो दिशाओं में खुला।

4. नरेश मिराजकर (1967)

न्यायिक आदेश रिट से चुनौती योग्य नहीं, फिर मौलिक अधिकार का अपवाद भी–दोहरे निष्कर्ष।

5. मेनका गांधी (1978)

सरकारी प्रक्रिया मान्य, पर उसे "न्यायसंगत-उचित-युक्तिसंगत" होने की बाध्यता भी–दोहरे अर्थ।

6. कोयला घोटाला और CBI "पिंजरे का तोता" (2013)

CBI की तीखी आलोचना, पर उसे संवैधानिक संस्था न बनाने का निर्णय–मिश्रित संदेश।

7. श्रेया सिंघल (धारा 66, 2015)

66 रद्द, पर ढ्ढञ्ज,ष्ह्ल की अन्य कठोर धाराएँ यथावत–आंशिक स्वतंत्रता, आंशिक नियंत्रण।

8. चुनावी बॉन्ड (2024)

स्कीम असंवैधानिक, पर पूर्व लेन-देन अप्रभावित–अधूरा उपचार।

निष्कर्ष।

संविधान दिवस केवल "बधाई" या "औपचारिकता" का दिवस नहीं होना चाहिए। यह आत्मचिंतन का दर्पण बनना चाहिए–जिसमें सरकार, न्यायपालिका, व्यवस्थाएं और हम नागरिक–सभी स्वयं को परखें।

कुछ संशोधनों और निर्णयों ने लोकतंत्र में "धीमे क्षरण" का मार्ग प्रशस्त किया है। यदि इस क्षरण पर आज विचार नहीं हुआ, तो "दिवस" मनाते रह जाएंगे, और मूल उद्देश्य–"लोकतांत्रिक आत्मा की रक्षा"– केवल पुस्तकों में सिमट कर रह जाएगा।

# मानव अधिकार दिवस : सभ्यता के नैतिक विवेक का दर्पण

– महेन्द्र तिवारी

हर वर्ष 10 दिसंबर को दुनिया मानवता के उस मूल्य को याद करती है जो किसी भी राष्ट्र, धर्म या शासन की सीमाओं से परे है–मानवाधिकार। यह दिन कैलेंडर की एक साधारण तारीख नहीं, बल्कि उस आत्मा का उत्सव है जो मनुष्य को मनुष्य बनाती है। यह हमें याद दिलाता है कि सभ्यता का विकास केवल तकनीकी प्रगति से नहीं, बल्कि इस बात से मापा जाता है कि हम सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सबसे कमजोर व्यक्ति के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। मानव अधिकार दिवस हमें हमारे सामूहिक विवेक से यह प्रश्न पूछने का अवसर देता है कि क्या सचमुच हम उस दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ हर मनुष्य गरिमा, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जी सके। द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका ने दुनिया को भीतर तक झकझोर दिया था। जब नस्ल, धर्म और विचार के आधार पर मनुष्यों का निर्मम संहार हुआ, तब मानवता ने महसूस किया कि सभ्यता का ढांचा कितनी आसानी से ध्वस्त हो सकता है। इसी ऐतिहासिक चेतना ने 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा को 'मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा' अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिसने पहली बार यह स्पष्ट किया कि मनुष्य के अधिकार राज्य की इच्छा नहीं हैं, बल्कि जन्मसिद्ध हैं–वे मनुष्य होने के कारण स्वतः प्राप्त हैं। इस घोषणा का पहला वाक्य–"सभी मनुष्य जन्म से स्वतंत्र और समान गरिमा एवं अधिकारों के अधिकारी हैं"-आज भी नैतिकता का सबसे स्पष्ट और सार्वभौमिक घोषणापत्र है। यह अंतः करण की वह आवाज़ है जो किसी एक देश या संस्कृति की नहीं, बल्कि पूरी मानवता की है। भारत ने, स्वतंत्रता के तत्काल बाद, इन सिद्धांतों को अपने संविधान में समाहित करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। संविधान के मौलिक अधिकार नागरिकों को समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जीवन और स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता और शोषण से मुक्ति का आश्वासन देते हैं। यह न केवल राजनीतिक दस्तावेज़ है, बल्कि हमारे लोकतंत्र का नैतिक आधार भी है। 1993 में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की स्थापना इसी प्रतिबद्धता की निरंतरता है, जिसका उद्देश्य राज्य की नीतियों और कार्यवाहियों से उत्पन्न होने वाले किसी भी अन्याय की निगरानी करना है। यह आयोग उन नागरिकों की आवाज़ बनने का प्रयास करता है जो शक्ति-संरचनाओं में हाशिए पर छूट जाते हैं।

परंतु मानव अधिकार का अर्थ केवल विधिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है। यह किसी वर्ग को दिया गया उपकार भी नहीं है। यह मनुष्य की गरिमा का वह बुनियादी सिद्धांत है जो बताता है कि किसी व्यक्ति के साथ किया गया अन्याय केवल उसके विरुद्ध नहीं, बल्कि पूरी मानवता के विरुद्ध अपराध है। महात्मा गांधी ने कहा था कि ÷किसीएकमनुष्यकाअपमान, समूची मानवता का अपमान है।÷यहीव्यापकताऔरसंवेदनशीलतामानवाधिकारोंकी आत्माहै। जहाँ गरिमा का हनन होता है–चाहे वह जाति के आधार पर भेदभाव हो, लिंग असमानता, धार्मिक उत्पीड़न, श्रम का शोषण, या अभिव्यक्ति पर प्रतिबंध–वहाँ मानवाधिकार खतरे में पड़ जाते हैं।

आज का समय इन अधिकारों को नए प्रकार की चुनौतियों के बीच परखता है। युद्ध और आतंकवाद ने दुनिया के कई हिस्सों में नागरिक जीवन को अस्थिर कर रखा है। मध्य पूर्व और अफ्रीका के संघर्षों के कारण लाखों लोग विस्थापित हुए हैं और मूलभूत अधिकारों के लिए संघर्षरत हैं। एशिया के कई देशों में राजनीतिक असहमति पर अंकुश और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर खतरे बढ़ रहे हैं। लोकतांत्रिक देशों में भी निगरानी प्रणालियों, डेटा-संग्रह और डिजिटल प्लेटफॉर्मों के विस्तार ने निजता के अधिकार पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। वही तकनीक, जो विकास का साधन हो सकती है, कई बार नियंत्रण का साधन बनकर सामने आती है। संयुक्त राष्ट्र का 2025 का थीम–÷डिजिटलसमानताऔरमानवगरिमा÷–विश्वसमुदायकोचेतावनीदेताहैकितकनीकीप्रगतियदिमानवीयमूल्योंकेसाथसंयोजितनहो, तो वह नई असमानताओं को जन्म दे सकती है। भारत जैसे विविधतापूर्ण समाज में मानव अधिकार विमर्श और भी जटिल हो जाता है। जाति, लिंग, वर्ग और धर्म के आधार पर भेदभाव की ऐतिहासिक परंपराएँ आज भी सामाजिक व्यवहार में दिखाई देती हैं।

## सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ असिद्ध है तुम्हारा श्रवण अगर सिर्फ कानों की खुराक है ये, सिद्ध है तुम्हारे श्रवण जब शब्द विग्रह के साथ-साथ प्रभु के और भक्त भगवान के प्रत्यक्ष विग्रह लीला का दर्शन भी तुम्हें होनी लगे।

❖ जो मन ही मनुष्य के बंधन और मुक्ति का कारण है उस मन का विज्ञान वो अध्यात्म है।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1878 : जामिया मिलिया इस्लामिया के संस्थापकों में से एक मोहम्मद अली जौहर का रामपुर में जन्म। 1887 ङ्क आस्ट्रिया, हंगरी, इटली और ब्रिटेन के बीच बाल्कन सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। 1878 : चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का जन्म। 1896 : नोबेल पुरस्कार के संस्थापक अल्?फ्रेड बर्नहार्ड नोबेल का निधन। 1898 - पेरिस संधि के बाद स्पेन-अमेरिका युद्ध समाप्त हुआ। 1898 : पेरिस संधि के बाद स्पेन-अमेरिका युद्ध समाप्त हुआ। 1902 : तस्मानिया में महिलाओं को मत देने का अधिकार मिला। 1950 : इस तारीख को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस घोषित किया गया। 1992 : गुजरात में देश की पहली होवरक्राफ्ट सेवा की शुरूआत। 2001 : दिग्गज अभिनेता अशोक कुमार का निधन। 2007 : क्रिस्टीना फर्नांडीज डी किर्चनेर अर्जेंटीना की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं। 2016 : तुर्की के इस्तांबुल में एक फुटबॉल स्टेडियम के पास दो धमाकों में 38 लोगों की मौत। 2013 - मादक पदार्थ मारिजुआना के विकास, बिक्री तथा उपयोग को वैध बनाने वाला उरूगवे पहला देश बना।

## पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### अंतर्द्वंद्व के अपने

अंतर्द्वंद्व के अपने युद्ध होते हैं तो प्रतिस्पर्धाओ के अपने द्वंद उपलब्धियों के अपने दंश तो मंचो की अपनी अपनी त्रासदी। सवेरे के अपने शगल तो अंधेरे की अपनी दुनिया दुनिया की अपनी रीत रीतियों के अपने रिवाज़ और रिवाज़ो के अपने ताने बाने और इन तानों बानों में उलझते हम.. बस बुनते और बीनते रहते हैं अपने अपने मनपसंद क़िरदार। समझ पाए तो उत्सव वरना मातम के साथ विसर्जित करते हम आप एक दूजे को। – **सुरेखा अग्रवाल**

### कस्टमाइज्ड करते

कस्टमाइज्ड करते हम अपने रिश्तों को बोनसाई की तरह बिल्कुल हमारे ड्रॉइंग रूम की तरह बड़े-बड़े वृक्ष को छोटा कर सजा दिए हमने खूबसूरती के साथ। बस जिंदगी में खूबसुरती चाहिए। अपने हिसाब से। बरगद,पीपल,आम,अशोक इस स्टैंड से उस स्टैंड विजय मुद्रा के साथ अब तो ये भी खुशी की शुद्ध हवा भी मिल रही है। और छाँव? छाँव नहीं मिलती कस्टमाइज्ड होते रिश्तों और बोन्साई किये पौधों से – **तनु देहलवी**

### दर्द भी अजीब साथी है, जब कोई नहीं

दर्द भी अजीब साथी है, जब कोई नहीं होता तब ये और पास आ बैठता है। हँसते चेहरों के पीछे छुपी ये खामोशी, सबको दिखती है मुस्कान, पर कोई आँसू नहीं पढ़ पाता है। कुछ ज़ख्म वक़्त से नहीं, किसी अपने के बदल जाने से भरते हैं। और कुछ दर्द ऐसे भी होते हैं, जो कहे नहीं जाते, बस चुपचाप आँखों में उतर आते हैं। – **मिनाक्षी सिंह**

### मंद-मंद मुस्कान लिए तुम जीवन में

मंद-मंद मुस्कान लिए तुम जीवन में आए खिल उठा उर-उपवन चहूँ ओर पुष्प-पुंज मुस्काए!! नाच उठा मन-मयूर बादल घिर-घिर आए मेघ-मल्हार की राग पे बरखा झूम-झूम कर गाए!! आगमन तुम्हारा है जैसे कोई त्योहार आशाओं के दीप कमलनयनों में जगमगाए!!जीवन के हर क्षण में खुशियों की बहार गीत बन कर तुमइन होठों से गुनगुनाए !! – **अंजू डोकानिया**

### पलकों पर तैरते यादों के शीशे शीशे

पलकों पर तैरते यादों के शीशे शीशे के टुकड़ो में चेहरा तुम्हारा चेहरे पर तुम्हारे एक प्यारी सी बिंदी बिंदी से जुड़ी इक तेरी मेरी कहानी उस कहानी के किस्से में हम तुम तुम हम में हम तुम में कुछ ऐसे थे सिलसिले जैसे लगता है हम तुम आज ही हैं मिले मिलकर उन यादों में आँखों में सपने भरे आज फिर पलकों पर तैरते वो यादों के शीशे – **नीरज वर्मा नीर**

### ऊला सानी सोम चहारम लिखते

ऊला सानी सोम चहारम लिखते हैं। मतला औ काफ़िया रुक्न रदीफ़ लिखते हैं। वज्न में जब बहर होगी उरूज़ में चाँद सितारे- चतुर शायर कलमकारी का नव अहसास लिखते हैं। – **राजकिशोर मिश्र 'राज' प्रतापगढी**

### वंशवाद और परिवारवाद का

वंशवाद और परिवारवाद का गठजोड कितना खतरनाक और हिंसक होता है इसका उदाहरण पाकिस्तान मे देखा जा सकता है । दोनो परिवारो जरदारी +शरीफ ने इमरान खान नियाजी जो इनसे टकराने की हिम्मत किया वह आज किस हाल मे है कोई नही जानता। इन वंशवादियों ने अपनी लालच और कुर्सी के लिये आमिम मुनीर के कदमो मे पाकिस्तान देश और वहां के बचे खुचे लोकतंत्र को भी डाल दिया। – **एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

## राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

**मेष :** आज के दिन भी कई अशांति वाले प्रसंग बनेंगे। आज आप अन्य लोगो से मतलब का व्यवहार रखेंगे जिस कारण काम पड़ने पर मदद करने की जगह लोग अपना स्वार्थ साधेंगे।

**वृषः** आज आपकी दिनचार्य व्यवस्थित रहेगी अधिकांश कार्यो की योजना पूर्व में ही बना लेंगे फिर भी कुछ काम अकस्मात आने से फेरबदल करना पड़ेगा। नौकरी व्यवसाय में धन के साथ सम्मान की प्राप्ति भी होगी।

**मिथुनः** आपका आज का दिन थोड़ा उतार चढ़ाव वाला रहेगा लेकिन आज की मेहनत संध्या बाद से रंग लाने लगेगी आलस्य भी बने रहने से जल्दी से किसी कार्य के लिये हाँ नही करेंगे।

**कर्कः** आज का दिन परिश्रम को छोड़ अन्य सभी विषयों में उत्तम रहेगा। मेहनत आज अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक करनी पड़ेगी लेकिन इसका फल आशानुकूल मिलने से संतोष होगा।

**सिंहः** आज का दिन भी आपकी आशाओ के विपरीत रहेगा। दिन के आरंभ से ही कुछ गड़बड़ होने की आशंका रहेगी कार्य क्षेत्र अथवा परिवार में कोई छोटी-बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है।

**कन्याः** आज का दिन लाभदायक है लेकिन मानसिक रूप से गंभीर होने भी आवश्यक है निर्णय लेने में आज भी दुविधा होगी दिमाग पर ज्यादा दबाव न डालें निसंकोच होकर फैसले ले विजय आज आपकी ही होगी।

**तुलाः** आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा। सेहत ठीक रहने पर भी कार्यो के प्रति आलस्य दिखाएंगे लेकिन जिस भी कार्य को हाथ मे लेंगे उसमे हानि लाभ की परवाह नही करेंगे।

**वृश्चिकः** आज का दिन आध्यात्मिक उन्नति वाला रहेगा। दिन के आरंभ से ही घर मे धार्मिक कार्य को लेकर चहल-पहल रहेगी इसके लिए दैनिक कार्यो में बदलाव भी करना पड़ेगा।

**धनुः** आज भी मध्यान तक सेहत में उतार-चढ़ाव लगा रहेगा मध्यान बाद ही इसमे स्थिरता आएगी फिर भी ज्यादा परिश्रम वाले कार्यो से बचें। बनी बनाई योजनाए अधर में लटकी रहेंगी।

**मकरः** आज का दिन आपके उच्च प्रतिष्ठित लोगो से संबंध बनेंगे सरकारी कार्यो के लिए दिन उत्तम है सरकार की तरफ से शुभ समाचार मिलने से व्यवसाय एवं अन्य महत्त्वपूर्ण कार्यो की उलझन दूर होगी।

**कुंभः** आज के दिन लाभ-हानि बराबर रहेगी। दिन के आरंभ से ही लाभदायक प्रसंग बनेंगे। आज आप व्यवसाय के साथ सामाजिक कार्य भी आने से अधिक व्यस्त रहेंगे कमाई संतोषजनक रहेगी।

**मीनः** आज के दिन आपकी मानसिकता कम समय एवं परिश्रम से अधिक लाभ पाने की रहेगी पर आज आपके कार्यो में सफाई कम रहेगी विफलता मिलने पर क्रोध भी आएगा। सेहत में सुधार आएगा।

## QUIZ TIME

1) बाल गंगाधर तिलक को लोकमान्य की उपाधि कब मिली?

2) एशिया का सबसे बड़ा ग्रास लैण्ड कौन-सा है?

3) आसमान में सबसे बड़ा नक्षत्र कौन सा है?

4) अप्रैल 2025 में रक्षा साहित्य महोत्सव कलम एंड कवच 2.0 का आयोजन कहाँ हुआ?

5) अगस्त्यमलाई बैम्बूटेल, जो समाचारों में देखा गया था, किस प्रजाति से संबंधित है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) होमरूल आन्दोलन के दौरान (2) बन्नी ग्रास लैंड (3) हाइड्रा (4) नई दिल्ली (5) डैमसेल्फ्लाई

## पहेली

# जल संरक्षण: ग्रामीणों के लिए खुल रहे आय के नए रास्ते

**रायपुर/नवप्रदेश।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अब केवल रोजगार उपलब्ध कराने का साधन भर नहीं रह गई है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में बेहद प्रभावी माध्यम साबित हो रही है। मनरेगा से निर्मित टिकाऊ परिसंपत्तियाँ न सिर्फ ग्रामीणों के लिए जल संरक्षण को मजबूत कर रही हैं, बल्कि उन्हें अतिरिक्त आय के अवसर भी प्रदान कर रही हैं। वर्षा आधारित खेती पर निर्भर किसानों के लिए डबरी निर्माण एक नई उम्मीद बनकर उभरा है, जिससे खेती के अलावा अन्य आजीविका के विकल्प भी विकसित हो रहे हैं।

## मनरेगा से बनी 'आजीविका डबरी' बन रही आय का स्थायी साधन

डबरी निर्माण के लिए जिला प्रशासन खैरागढ़ द्वारा विकासखंड छुईखदान में निजी भूमियों पर व्यापक रूप से स्वीकृतियाँ प्रदान की गई हैं। उद्देश्य यह कि किसान वर्षा जल संरक्षित कर सकें, सिंचाई क्षमता बढ़े और जल संकट की स्थिति में भी खेती प्रभावित न हो।

### राजकुमार की 'आजीविका डबरी' बनी परिवर्तन की मिसाल

विकासखंड छुईखदान के ग्राम पंचायत खैरानवापारा के आश्रित ग्राम बेलगांव में किसान राजकुमार जंघेल की निजी भूमि पर मनरेगा निधि से 2.672 लाख रुपये की लागत से डबरी निर्माण कराया गया। इस कार्य से ग्रामीणों को 1359 मानव दिवस का रोजगार प्राप्त हुआ।

पूर्व में राजकुमार जंघेल पूरी तरह बारिश आधारित खेती पर निर्भर थे, जिससे उत्पादन कम और आय सीमित रहती थी। डबरी के निर्माण ने परिस्थितियाँ बदल दीं। अब वे बरसाती पानी संरक्षित कर मछली पालन कर रहे हैं, जिससे उन्हें प्रतिवर्ष 1.5 से 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त आमदनी होने लगी है। डबरी की मेड़ पर अरहर जैसी फसलें लगाकर वे घर के उपयोग हेतु आवश्यक अनाज भी प्राप्त कर लेते हैं। राजकुमार जंघेल ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा– डबरी ने न सिर्फ पानी बचाया, बल्कि हमारी आमदनी भी बढ़ाई।

### प्रशासनिक प्रयास दे रहे परिणाम

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में ग्रामीणों की आजीविका सुधार हेतु निरंतर पहल की जा रही है। मनरेगा के माध्यम से पात्र परिवारों को डबरी, पशु शेड, बकरी शेड, मुर्गी शेड एवं कुआँ जैसे हितग्राही मूलक कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जा रही है, जिससे खेती के साथ विविध व्यवसायों का विस्तार हो रहा है और ग्रामीण आय में वृद्धि सुनिश्चित हो रही है।

## मुख्यमंत्री से सतनामी विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य भेंट

■ गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल होने का दिया आमंत्रण

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में सतनामी विकास परिषद, सारंगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब भी उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री साय को परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय जयंती गुरुपर्व–2025 में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि 18, 19 और 20 दिसंबर को आयोजित होने जा रहे इस तीन दिवसीय महोत्सव में सतनामी समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। यह आयोजन समाज की आस्था, एकता और सांस्कृतिक धरोहर का भव्य उत्सव होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रतिनिधिमंडल के आग्रह को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि सतनामी समाज ने सदैव छत्तीसगढ़ की सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि गुरु बाबा घासीदास जी के आदर्श–सत्य, अहिंसा और समानता–समाज को नैतिक शक्ति और सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस पावन उत्सव में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है।

## कवर्धा में उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए चिकित्सकों का आभार : विजय शर्मा

■ उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सकों का सम्मान कर साथ किया रात्रि भोज

■ जिले के सुदूर वनांचलों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की सेवा करने वाले चिकित्सकों को भी किया सम्मानित

**रायपुर/नवप्रदेश।** कवर्धा में स्वास्थ्य सुविधाओं को उत्कृष्ट बनाने के लिए अपना योगदान देने वाले चिकित्सकों के सम्मान में समारोह का आयोजन उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कवर्धा के जिला अस्पताल एवं निजी अस्पतालों के चिकित्सक उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ने सभी के साथ इस समारोह में शामिल हुए और सभी को साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित कर सभी के साथ रात्रि भोज किया। उन्होंने सभी से कवर्धा में चिकित्सा सेवाओं को और बेहतर बनाने पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जिले के सुदूर वनांचलों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की सेवा करने वाले चिकित्सकों को विशेष रूप से सम्मानित किया।

उन्होंने बताया कि कवर्धा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए 50 बिस्तरीय मातृत्व एवं शिशु अस्पताल हेतु 40 पद की स्वीकृति, जिला अस्पताल कबीरधाम में 16.63 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक, सिटी स्कैन, अत्याधुनिक इंट्रीगेटेड पब्लिक हेल्थ लैब, ओटी एवं हमर लैब में पॉवर बैकअप प्रणाली, जिला चिकित्सालय कबीरधाम की क्षमता 100 बिस्तर बढ़ाकर 220 बिस्तर करने एवं इसके लिए 258 नवीन पदों को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेंगाखार को एम्बुलेंस, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में सोनोग्राफी मशीन प्रदान किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में रहने हेतु शासकीय आवास, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसपुर लोहारा में पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ किया गया है।उपस्वास्थ्य केन्द्र राजा नवागाँव को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तरेगाँव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन किया गया। सबसे अहम 318.27 करोड़ रूपए की लागत से मेडिकल कॉलेज निर्माण की स्वीकृति मिली है जिससे अब कवर्धा मेडिकल हब बनने जा रहा है। यहां महानगरों जैसी सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

उपमुख्यमंत्री ने सभी चिकित्सकों को बताया कि आगामी 11 दिसम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा कवर्धा मेडिकल कॉलेज की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूजित आधार शिला का शिलान्यास किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने के लिए उन्होंने सभी को आमंत्रित किया।

### चिकित्सक आधे भगवान होते : विजय

उन्होंने सभी को चिकित्सकों से कवर्धा में उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि चिकित्सक आधे भगवान होते हैं किसी भी आपात स्थिति में लोगों की जान बचाने का कार्य करते हैं, यह काम सेवा भावना से ही किया जा सकता है। यहां कवर्धा के स्थानीय चिकित्सकों के साथ बाहर से आये चिकित्सकों ने भी कवर्धा को अपना कर यहां के लोगों की पूरे मन से सेवा की है जिसके लिए पूरा कवर्धा आपका आभारी है।

## अवैध खनन-परिवहन पर जिला प्रशासन की कार्रवाई, 5 वाहन जब्त

### पीथमपुर क्षेत्रों में औचक निरीक्षण अभियान

**रायपुर/नवप्रदेश।** जांजगीर-चांपा जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफजिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देशन में खनिज विभाग और उड़नदस्ता दल ने बम्हनीडीह, पुछेली, बिर्रा, कनस्दा, हथनेवरा और पीथमपुर क्षेत्रों में औचक निरीक्षण अभियान चलाया।

अभियान के दौरान अवैध परिवहन में संलिप्त पाँच वाहन–ग्राम पुछेली से एक ट्रैक्टर, पीथमपुर से एक हाईवा, कनस्दा से एक ट्रैक्टर तथा बम्हनीडीह क्षेत्र से दो हाईवा–जप्त किए गए। सभी वाहनों को पुलिस रक्षित केंद्रों और संबंधित थानों में सुरक्षा के लिए रखा गया है।

जिला खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू ने जानकारी दी कि जिले में अब तक अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कुल 76 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें 66 अवैध परिवहन, 6 अवैध उत्खनन और 4 अवैध भंडारण के मामले शामिल हैं। इन मामलों में कुल 24,65,550 रुपये की शास्ति राशि वसूलकर खनिज मद में जमा की गई है।

कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध खनन रोकथाम के लिए खनिज अमला और जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा लगातार गश्त व जांच की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### की जाएगी कड़ी कार्रवाई

अवैध खनन में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध खनन एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23(ख) के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जब्त वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुनरावृत्ति होने पर संबंधित मामलों में न्यायालयीन परिवाद दर्ज किए जाएंगे।

## नन्दलाल वर्मा ने 120 क्विंटल धान बेचा

**रायपुर/नवप्रदेश।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत खैरागढ़ जिले के जालबांधा सहकारी समिति में ग्राम बघमर्रा के किसान नन्दलाल वर्मा ने शुक्रवार को 120 क्विंटल धान का उपार्जन कराया। पूरी प्रक्रिया के दौरान पंजीयन, तौल तथा रिकॉर्ड प्रविष्टि व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

धान तौल के बाद नन्दलाल वर्मा ने बताया कि ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से प्रतीक्षा समय कम हुआ है, जिससे किसानों को बिना भीड़भाड़ के अपनी उपज जमा करने की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष तौल एवं भंडारण कार्य तेज गति से हो रहे हैं तथा किसान निर्धारित समय पर टोकन के अनुसार पहुंचकर अपना धान आसानी से विक्रय कर पा रहे हैं।

फसल कटाई के सीजन में समिति में लगातार धान की आवक बनी हुई है। पारदर्शी तोल-माप एवं भुगतान व्यवस्था को लेकर किसानों में संतोष और भरोसा देखा जा रहा है।

इसी क्रम में नन्दलाल वर्मा ने उपार्जन प्रणाली को अधिक सरल व पारदर्शी बनाने हेतु राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री का धन्यवाद भी व्यक्त किया।

## राष्ट्र हमारे लिए मातृभूमि है और उनके लिए मात्र भूमि

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद संतोष पाण्डेय ने वन्देमातरम् की 150वी वर्षगाँठ के दृष्टिगत हुई विशेष चर्चा में भाग लेते हुए लोकसभा में वन्दे मातरम् पर संसद में आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते समय हमारा मस्तक कृतज्ञता से झुक जाता है।

## उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी...

■ जशपुर जिले में 3,924 किसानों से 25,384.12 मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से जारी है। इसी क्रम में जशपुर जिले में 8 दिसंबर तक कुल 3,924 किसानों से 25,384.12 मीट्रिक टन धान उपार्जित किया गया है। किसानों को धान का मूल्य चुकाने हेतु 60.86 करोड़ रुपये से अधिक राशि का भुगतान किया जा चुका है तथा शेष राशि का बैंक खातों में हस्तांतरण लगातार जारी है। जिले की 24 समितियों के 46 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी कार्य निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार नियमित रूप से संचालित हो रहा है। पूरी प्रक्रिया को सरल, सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उपार्जन केंद्रों में टोकन प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनें, नमी मापक उपकरण, तथा अन्य तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके साथ ही किसानों के बैठने, पेयजल, बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी जिला प्रशासन द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। किसानों ने राज्य सरकार द्वारा लागू की गई ऑनलाइन तुंहर टोकन ऐप को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा है कि इससे टोकन प्राप्त करने, निर्धारित तिथि पर केंद्र पहुंचने और धान बेचने की प्रक्रिया सुचारू हुई है।

## 107 पंचायतों में मनरेगा जानकारी अब क्यूआर कोड पर हर माह इस दिन रोजगार दिवस

■ आजीविका डबरी से आय बढ़ाने की पहल

**रायपुर/नवप्रदेश।** खैरागढ़ जिले के छुईखदान विकासखंड की सभी 107 ग्राम पंचायतों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 07 तारीख को मनरेगा आधारित रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

वनांचल से मैदानी पंचायतों तक आयोजित हो रहे इन शिविरों में मनरेगा से जुड़े दिशा-निर्देशों, प्रक्रियाओं और अधिकारों की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों तथा जॉब कार्डधारियों को दी जा रही है। रोजगार सहायक मौके पर ही मनरेगा में संधारित सात रजिस्टर व वर्क/केस फाइल प्रस्तुत करते हैं, साथ ही जॉब कार्ड प्रविष्टियों को अद्यतन कर यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्रत्येक श्रमिक तक तथ्यात्मक एवं पारदर्शी जानकारी पहुंचे। ग्रामीणों को नए परिवारों का पंजीयन, जॉब कार्ड में सदस्यों के नाम जोड़ने, अपूर्ण आवासों की पूर्णता, मातृत्व भत्ता, क्षतिपूर्ति सहित विभिन्न लाभों के बारे में भी स्पष्ट रूप से बताया जा रहा है।

रोजगार दिवस से बदली तस्वीर

इस वर्ष रोजगार दिवस की विशेष पहल के रूप में क्यूआर कोड आधारित सूचना प्रणाली को जोड़ा गया है। अब कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर मनरेगा योजना से संबंधित संपूर्ण जानकारी–जैसे पिछले वर्षों के श्रमिक बजट, स्वीकृत कार्य, लागत, व्यय और प्रगति–एक ही स्थान पर देख सकता है। यह व्यवस्था न केवल जानकारी को सुलभ बना रही है, बल्कि योजना क्रियान्वयन में पारदर्शिता भी दृढ़ कर रही है।

रोजगार दिवस के माध्यम से ग्रामीणों को केवल जानकारी ही नहीं दी जा रही, बल्कि उन्हें आजीविका उन्नयन की दिशा में भी प्रेरित किया जा रहा है। प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत राज मिस्त्री सहित तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं ताकि ग्रामीण आत्मनिर्भर बनें और मनरेगा श्रमिक से कुशल श्रमिक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकें। इसके साथ ही बड़ी संख्या में आजीविका डबरी निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिससे किसान मछली पालन और पूरक कृषि गतिविधियों से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकें।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए श्रमिक बजट का निर्माण युक्तधारा के माध्यम से किया जा चुका है। परिसंपत्तियों के जियो टैगिंग कार्य को अब जियोफेंसिंग तकनीक के जरिए लागू किया जाएगा, साथ ही e-KYC के महत्व की विस्तृत जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई है। नियमित रूप से आयोजित हो रहा यह रोजगार दिवस ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ाने, उन्हें योजनाओं से सीधे जोड़ने और सतत आर्थिक मजबूती की दिशा में एक प्रभावी मॉडल के रूप में उभर रहा है।

## सीएम साय से पोस्ट मैट्रिक अजा छात्रावास के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, पेंशनबाड़ा रायपुर के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर कौशल विकास मंत्री खुशवंत साहेब उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित गुरु पर्व कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का आमंत्रण दिया। प्रतिनिधियों ने बताया कि इस अवसर पर राजधानी रायपुर के विभिन्न छात्रावासों–कालाबाड़ी कन्या छात्रावास, शंकर नगर कन्या छात्रावास, आमापारा छात्रावास, डी.डी.यू. छात्रावास, कबीर छात्रावास, प्रयास छात्रावास, देवपुरी छात्रावास सहित अनेक छात्रावासों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास जी के विचार सामाजिक सद्भाव, समरसता और मानव-सेवा की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं मूल्य शिक्षा के लिए अत्यंत प्रेरणादायी बताया।

## रबी फसल उत्पादन के लिए किया नि:शुल्क बीज वितरण

**कांकेर/नवप्रदेश।** सोमवार को एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत सरसों बीज किस्म(पीएम 32) का निशुल्क वितरण ग्राम पेवारी के कृषकों को किया गया।वितरण पश्चात एम एल शोरी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के द्वारा कृषकों को सरसों पूसा मस्टर्ड-32) भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान आईएआरआई द्वारा विकसित एक उन्नत जल्दी पकने वाली और अधिक तेल वाली सरसों की किस्म है।जो कम यूरिक एसिड के कारण स्वास्थ्यवर्धक है और सफेद रतुआ रोग प्रतिरोधी है।जिससे किसानों को बेहतर पैदावार और आर्थिक लाभ मिलता है। धान की कटाई के बाद बोई जा सकती है।जो कम समय में अच्छी उपज देती है।पीएम 32 सरसों की मुख्य विशेषताएँ उन्नत किस्म यह आइएआरआई पूसा द्वारा विकसित एक एकल-शून्य जीरो यूरिक एसिड किस्म है।जो स्वास्थ्य के लिए बेहतर है।जल्दी पकने वाली यह किस्म लगभग 100-145 दिनों में पक जाती है।जो अन्य किस्मों की तुलना में कम समय है।अधिक तेल की मात्रा इसमें 38त्न तक तेल होता है और तेल की गुणवत्ता अच्छी होती है।जिसमें झाग कम बनता है।रोग प्रतिरोधी यह सफेद रतुआ रोग के प्रति सहनशील है जिससे फसल को नुकसान कम होता है।पशु चारा इसमें ग्लूकोसिनोलेट की मात्रा कम होने के कारण पशु चारे के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है।किसानों के लिए लाभ कम समय में अच्छी आमदनी सफेद रतुआ जैसे रोगों से बचाव बेहतर गुणवत्ता वाला तेल जो स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है बीजोपचार सरसों की उन्नत तकनीक विधि की जानकारी देकर कतार विधि से बुवाई कार्य करवाया गया।इस कार्यक्रम में विकासखंड तकनीकी प्रबंधक रंजीता गार्डी सहायक तकनीकी प्रबंधक ऋषि कुमार एवं अन्य कृषक बंधु उपस्थित रहे। इस दौरान लाभान्वित कृषक कुले राम हिड़को मुकेश सलाम व अन्य 5 कृषक लाभान्वित हुए जिनका कुल रकबा 07 एकड़ था।

## कलेक्टर ने सुशीला मंडावी को प्रदान की सिलाई मशीन

**कांकेर/नवप्रदेश।** कलेक्टर ने अलबेलापारा निवासी श्रीमती सुशीला मंडावी को सिलाई मशीन प्रदान की गई। समाज कल्याण की उप संचालक श्रीमती क्षमा शर्मा ने बताया कि हितग्राही द्वारा जनदर्शन में मांग की गई थी, जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए कलेक्टर द्वारा संबंधित महिला को सिलाई मशीन प्रदाय की गई। इस पर हितग्राही श्रीमती मंडावी ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## गुरू घासीदास जयंती' के अवसर पर 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर/नवप्रदेश।** कलेक्टर द्वारा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर आगामी 18 दिसम्बर 2025 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल.4 (क) व्यवसायिक क्लब एवं एफएल.7, सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखे जाने आदेशित किया गया है। कलेक्टर द्वारा शुष्क दिवस को जिले में अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण रखने के लिए जिला आबकारी अधिकारी को आदेशित किया गया है।

## आत्मनिर्भर श्रवण बाधित दिव्यांग शिविर' का आयोजन 19 से 23 तक रायपुर में

**कांकेर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन एवं महावीर इंटरकांटिनेन्टल सर्विस आर्गनाइजेशन रायपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर के आत्मनिर्भर श्रवण बाधित दिव्यांग कौशल उन्नयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 19 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 23 दिसम्बर 2025 तक जैनम मानस भवन एयरपोर्ट के सामने रायपुर स्थित भवन में संपन्न होगा, जिसमें अनुमानित 1200 से अधिक श्रवण बाधित एवं दृष्टि बाधित दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर उनके बौद्धिक, शारीरिक, आध्यात्मिक विकास के भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उक्त प्रशिक्षण में जिले के श्रवण बाधित एवं दृष्टि बाधित 12 वर्ष से 24 वर्ष के दिव्यांगजनों जिसमें बालक एवं बालिका दोनों शामिल हैं, जो उक्त कौशल उन्नयन प्रशिक्षण में शामिल होना चाहते हैं, उनकी सूची अतिशीघ्र उप संचालक समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगरपालिका अधिकारियों से कहा गया है, ताकि उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क होगा तथा शिविर स्थल तक पहुंचने के पश्चात् समस्त आवासीय, भोजन इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी

## निर्माण कर्मकार एवं असंगठित श्रमिकों के लिए विशेष शिविर का होगा आयोजन

**कोण्डागांव/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ भवन निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा निर्माण एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विशेष मोबाइल कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में यह पहल श्रमिकों को योजनाओं का लाभ निकटतम ग्राम पंचायत में उपलब्ध कराने हेतु की जा रही है। श्रम विभाग की टीम द्वारा 11 दिसंबर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक विकासखंड कोण्डागांव के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कैंप लगाकर श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण, विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के आवेदन किया जाएगा।

11 दिसंबर को ग्राम पंचायत हसलनार, जोड़ेंगा, पुसपाल, और पदनार के ग्रामीणों के लिए हसलनार के ग्राम पंचायत में, 15 दिसंबर को ग्राम पंचायत मटवाल, तेकापाल, पुंगारपाल, कुधुर के ग्रामीणों के लिए ग्राम पंचायत पुंगारपाल में, 17 दिसम्बर को केजंग, नरिहा, राजबेड़ा, मुंगवाल, मड़ानार, बयानार के ग्रामीणों के लिए ग्राम पंचायत बयानार में, 22 दिसम्बर को हंगवा, तोतर, आदनार, चेमा, आमगांव, चमई के ग्रामीणों के लिए ग्राम पंचायत हंगवा में, 24 दिसंबर को खंडाम, झारा, करियाकाटा, मयुरडोंगर के ग्रामीणों के लिए ग्राम पंचायत करियाकाटा में, 29 दिसंबर को मड़ानार, नगरी, बोरगांव, बम्हनी के ग्रामीणों के लिए ग्राम पंचायत मड़ानार में, 02 जनवरी को ग्राम पंचायत परोदा, कोरमेल, खडपड़ी, आदवाल के ग्रामीणों के लिए ग्राम पंचायत खडपड़ी में, 05 जनवरी को ग्राम पंचायत पोलंग, बोटीकनेरा, बालासार, पुसावंड, काकडगाँव के ग्रामीणों के लिए ग्राम पंचायत बोटीकनेरा में, 08 जनवरी को ग्राम पंचायत नवागांव, कांगा, बड़ेकुरुषनार, बादालुर, मुलनार के ग्रामीणों के लिए ग्राम पंचायत मर्दापाल में मोबाइल कैंप आयोजित किये जायेंगे। इसका लाभ उठाने के लिए जरूरी दस्तावेज श्रमिकों को आधार कार्ड (परिवार के सभी सदस्यों का), राशन कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर, असंगठित श्रमिकों के लिए आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट फोटो कैंप में साथ लाना होगा।

# जिले भर में 1529.08 क्विंटल धान की खरीदी हुई

■ **समर्थन मूल्य से किसानों में उत्सव जैसा उत्साह**

**एमसीबी/नवप्रदेश।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय ने किसानों को वह सम्मान दिलाया है जिसकी प्रतीक्षा वे वर्षों से कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी और 3100 रुपए प्रति क्विंटल के अभूतपूर्व समर्थन मूल्य ने कृषि क्षेत्र में नई ऊर्जा, विश्वास और आर्थिक मजबूती का संचार किया है। इस पहल से न केवल किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिली है, बल्कि ग्रामीण बाजारों में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ी हैं, जिससे घरेलू जरूरतों की पूर्ति सहज हुई है और किसान स्वावलंबन की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा रहे हैं। भुगतान की प्रक्रिया सीधे किसानों के बैंक खातों में होने से पारदर्शिता, विश्वास और त्वरित आर्थिक सहायता सुनिश्चित हुई है, जिससे किसान संतोष और भरोसे के साथ खरीदी व्यवस्था का लाभ उठा रहे हैं।

एमसीबी जिले के सभी 25 उपार्जन केन्द्रों में आज समिति द्वारा एवं टोकन एप्प के माध्यम से धान खरीदी में उल्लेखनीय तेजी दर्ज की गई। समितियों की सक्रियता और सरकार की सुदृढ़ व्यवस्था की वजह से बड़ी संख्या में किसान समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए केंद्रों तक पहुंचे। आज जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 323 टोकन के माध्यम से 1529.08 क्विंटल धान की खरीदी की गई। जिले के सभी केन्द्रों में किसानों की निरंतर भागीदारी उत्साहजनक रही, जिनमें सर्वाधिक प्रभाव केल्हारी, कोड़ा, माड़ीसरई, जनकपुर और सिंगरौली उपार्जन केंद्रों में दिखाई दिया।

आज की सबसे अधिक खरीदी केल्हारी उपार्जन केंद्र से हुई जहां किसानों द्वारा 23 टोकन के माध्यम से 106.96 क्विंटल धान की आपूर्ति की गई, जो दिन की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। इसके बाद कोड़ा उपार्जन केंद्र में 16 टोकन के माध्यम से 95.04 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज की गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि किसान समिति और टोकन प्रणाली को सहजता से अपना रहे हैं और व्यवस्थाओं पर पूरा भरोसा कर रहे हैं। माड़ीसरई उपार्जन केंद्र में आज 19 टोकन के माध्यम से 92.20 क्विंटल खरीदी के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

वहीं जनकपुर उपार्जन केंद्र पर भी किसानों का उत्साह देखने योग्य था जहां 14 टोकन के माध्यम से 90.58 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज की गई, जबकि सिंगरौली उपार्जन केंद्र ने 20 टोकन के साथ 81.10 क्विंटल खरीदी कर अपनी सक्रियता बनाए रखी। इन उपार्जन केंद्रों पर न केवल किसानों की उपस्थिति अधिक रही बल्कि समिति स्तर पर व्यवस्था, मापन, परिवहन और टोकन प्रबंधन की सफलता भी स्पष्ट रूप से देखने को मिली। फोटो अपलोड सत्यापन के साथ पूरी खरीदी पारदर्शी, डिजिटल और सुरक्षित प्रक्रिया में संपन्न हुई जिससे प्रत्येक किसान को सही और वास्तविक लाभ सुनिश्चित हुआ।

**एमसीबी जिला बढ़ रहा मजबूत कृषि अर्थव्यवस्था की ओर**

इस वर्ष धान खरीदी में प्रदेश के सबसे सक्रिय और अग्रणी जिलों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। निरंतर बढ़ती खरीदी, किसानों की बड़ी भागीदारी और भुगतान की त्वरित व्यवस्था इस बात का प्रमाण है कि आने वाले दिनों में खरीदी और अधिक तेजी से बढ़ेगी तथा जिले की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती प्राप्त होगी।

## छोटी सी बात पर नाराज़ आरोपी ने पिता की टांगिया से कर दी हत्या

**कांकेर/नवप्रदेश।** थाना दुर्गूकोंदल जिला कांकेर ने हत्या के प्रयास के आरोपी नंदलाल यादव पिता बजनाथ यादव उम्र 37वर्ष निवासी गुमडिडीह थाना दुर्गूकोंदल को थाना दुर्गूकोंदल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दुर्गुकोंदल पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी बजनाथ यादव पिता स्व0 दशरथ यादव उम्र 70 वर्ष जाति राउत निवासी गुमड़िड़ीह लाड़ीपारा 07 दिसंबर 2025 को पत्नि बुलको बाई और बेटा नंदलाल, बहू कुमारी के साथ खेत में काम करने गया था कि खेत में बोर का मशीन (मोटर पम्प) खराब हो गया था, बजनाथ द्वारा खराब बोर मशीन को नंदलाल को बनवाने कहने पर नंदलाल गुस्से में आकर बजनाथ को तुम मां के साथ बाजार में

घुमते रहते हो कुछ काम नहीं करते हो हर छोटी मोटी काम के लिए मुझे ही बोलते रहते हो मैं तुमसे तंग आ गया हूं कहकर मां बहन की अश्लील गाली गलौच करते हुये आज तुमको जान से मार दूंगा कहते हुए हत्या करने की नीयत से अपने हाथ में रखे टंगिया से प्रार्थी बजनाथ के सिर व सीने मारा घटना को देख कर फुलसिंग और बुलको बाई ने बीच बचाव किया, प्रार्थी बजनाथ यादव की रिपोर्ट पर आरोपी नंदलाल के विरूद्ध थाना दुर्गूकोंदल में अप0 क्र0 46/2025 धारा 296 109 बीएनएसका अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया जा रहा है। प्रकरण के आरोपी नंदलाल यादव ग्राम गुमड़िड़ीह के मिलने पर घटना के बारे में पूछने पर अपराध घटित करना कबुल किया गया।आरोपी नंदलाल से प्रयुक्त 01 टंगिया जप्त किया गया और आरोपी को 09 दिसम्बर 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड़ पर भेजा गया है।

## ओवरहेड टैंक एवं संपवेल निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

**कांकेर/नवप्रदेश।** नगर पालिका परिषद् कांकेर के जनकपुर वार्ड में पानी की समस्या को लेकर लम्बे समय से मांग की जा रही थी जिससे लोगों को निजात दिलाये जाने जनकपुर वार्ड क्रमांक 20 में ओवरहेड टैंक एवं संपवेल निर्माण कार्य लागत राशि रु. 138.31 लाख ओवरहेड की क्षमता 5.00 लाख लीटर एवं सुम्प्वेल की क्षमता 1.5 लाख लीटर का भूमिपूजन किया गया है। भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशाराम नेताम विधायक विधानसभा क्षेत्र कांकेर एवं अध्यक्षता अरुण कौशिक अध्यक्ष नगर पालिका कांकेर के द्वारा किया गया। अध्यक्ष ने जनसामान्य को संबोधित करते हुए लाभान्वित वार्डवासियों जनकपुर वार्ड, अघन नगर वार्ड एवं राजापारा वार्ड के वार्ड वासियों को बधाई दी। भूमिपूजन कार्यक्रम में श्री महेश

जैन जिला अध्यक्ष भाजपा कांकेर उत्तम यादव उपाध्यक्ष नपाप टिकेश्वर जैन भाजपा प्रदेश प्रवक्ता,दिनेश रजक भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप शर्मा अध्यक्ष चेम्बर ऑफ कॉमर्स, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका सरदार अजय सिंह रेनू पार्षदगण श्रीमती उगेश्वरी उइके चंद्रलोक सिंह ठाकुर श्रीमती शकुंतला जैन श्रीमती चित्ररेखा जैन श्रीमती मीरा सलाम ओमप्रकाश देवांगन सुश्री मंजू सारथी मतीन खान टिकेन्द्र ठाकुर,नरेन्द्र साहू दीपक खटवानी व्यापारी प्रकोष्ठ सह संयोजक पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा मारकोले, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राजिव लोचन सिंह संजय सिन्हा राजा देवनानी ईश्वर कावडे ईश्वर जैन गिरधर यादव नीलू तिवारी सपन श्रीवास्तव मनोज ध्रुव अनिरुद्ध साहू जतिन अट्भैया मोंटी खटवानी, तथा नगर पालिका के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्राम हिन्दूबिनापाल के सरपंच सनबती आचला ने अपने पंचायत के स्कूलों में लाउडस्पीकर प्रदान की

**अंतागढ़ा/नवप्रदेश।** ग्राम पंचायत हिन्दूबिनापाल की सरपंच सुश्री सनबती आचला ने अपने पंचायत के स्कूल में सयुंक्त रूप से दोनों प्राथमिक शाला और उच्च प्राथमिक स्कूल सोड़े और हिन्दूबिनापाल के बच्चों को स्टेनजर्र लाउडस्पीकर प्रदान किया गया।

यह शुभअवसर ग्राम पंचायत हिन्दुबिनापाल के सरपंच सनबती आचला ने अपने जन्म दिवस पर स्कूलों में लाउडस्पीकर भेंट की।

स्कूलों में बैटरी लाउडस्पीकर मिलने से बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला।वहीं बच्चों ने सरपंच जी के जन्म दिवस की जानकारी मिलने पर हिन्दूबिनापाल के स्कूली बच्चों ने उसी लाइडस्पीकर से शानदार नृत्य करके व स्वागत गीत से सेलिब्रेशन कर सरपंच जी व उपस्थित सभी का स्वागत हुआ।शिक्षको ने भी जन्म दिवस पर शुभकामनायें प्रेषित किये साथ ही स्टेनजर भेंट करने के लिए आभार प्रकट करते हुए शिक्षको ने कहा की अब स्कूल की हर गतिविधियों में लाउडस्पीकर का उपयोग करेंगे जिससे बच्चों का बौद्धिक विकास होगा साथ ही जो डर व झिझक रहता हैं वो दूर होगा और बच्चें अच्छे से अपनी बात रख सकेंगे,बच्चों में अलग निखार आएगा जो भविष्य में बहुत ज्यादा बच्चों को फायदा होगा।इस अवसर पर सरपंच सनबती आचला ने बताया की आज ग्राम सोड़े और हिन्दूबिनापाल के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को प्रदान की गई हैं,आने वाला समय में अपने पंचायत के जितने भी प्राथमिक स्कूल हैं उन सभी स्कूलों में बहुत जल्द लाउडस्पीकर दिया जायेगा,साथ ही ग्राम सोड़े और हिन्दूबिनापाल के कोटवारो को भी कोटवार लाउडस्पीकर दी जाएगी,जिससे ग्राम में कोई भी जनजागरूकता कार्यक्रम या सामाजिक उत्थान की गतिविधि के लिए मुनियादी या अन्य कार्य के लिए इनको भी बहुत जल्द प्रदान किया जायेगा जिससे मुनियादी करने में सहूलियत होगी।

सरपंच ने आगे बताया की बच्चें सामान्य बोलचाल स्कूल में तो करते ही हैं लेकिन ऐसा कोई उत्सव या कार्यक्रम में बच्चें झिझकते या डरते हैं,लेकिन हर गतिविधि में अब लाउडस्पीकर से प्रत्येक दिन वार्तालाप होगा तो बच्चों का मनोबल व उत्साह बढ़ेगा जिससे बच्चों को भविष्य में फायदा मिलेगा।सरपंच ने शिक्षको से अपील करते हुए बोली की हर दिन हर बच्चें को सामने आकर बातचीत व अपनी बात रखने का मौका देना जिससे हर दिन बच्चों में क्या-क्या सुधार होगा उसका भी मूल्यांकन करने शिक्षको को कहा गया।शिक्षा समिति के सभापति व उपसरपंच श्रवण मंडावी ने सभी बच्चों को शुभकामनायें देते हुए बढ़िया पढ़ने व जो भी चीजे समझ नहीं आता उसे अपने शिक्षको से बार बार पूछने बच्चों को कहा गया।

## जल जीवन मिशन पर सरपंचों का विशेष प्रशिक्षण संपन्न

■ **सुरक्षित पेयजल प्रबंधन की ओर सशक्त कदम**

**एमसीबी/नवप्रदेश।** जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र, मनेन्द्रगढ़ में नव-निर्वाचित सरपंचों के लिए आयोजित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आज जल जीवन मिशन पर एक महत्वपूर्ण और उपयोगी सत्र आयोजित किया गया, जिसने प्रतिभागियों को ग्राम स्तर पर पेयजल प्रबंधन की बारीकियों से अवगत कराया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के विशेषज्ञों ने सरपंचों को जल जीवन मिशन के संचालन और संधारण की संपूर्ण प्रक्रिया, शासन के राजपत्र में वर्णित प्रावधानों, ग्राम पंचायत स्तर पर पेयजल योजनाओं के हस्तांतरण की प्रक्रिया, तथा पेयजल आपूर्ति प्रणाली के प्रमाणीकरण और सत्यापन के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने जल गुणवत्ता परीक्षण, नियमित रखरखाव, जल स्रोत संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता एवं जल सुरक्षा से जुड़े अहम पहलुओं पर भी गहन मार्गदर्शन दिया, जिससे सरपंचों को ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी और प्रायोगिक दोनों स्तरों पर मजबूती मिली। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रियता और उत्साह दिखाते हुए कहा कि वे प्रशिक्षण में मिली सभी जानकारियों को अपने-अपने ग्राम पंचायतों में प्रभावी रूप से लागू करेंगे, ताकि ग्रामीण जनता को स्वच्छ और सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## प्रथम पेज का शेष

**अपने विभाग के लिए सचिव...**

से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी विभागों के स्थापना प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि म.भ्दै पोर्टल पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण रूप से ऑनबोर्ड हो जाए। मुख्य सचिव ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक सुधारात्मक एवं प्रगतिशील कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागों के प्रमुख सचिव, सचिव और संचालनालय स्तर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**वंदे मातरम् का विरोध ...**

हो रही है तब कल कुछ सदस्यों ने लोकसभा में सवाल किया था इस चर्चा की जरूरत क्या है। चर्चा की जरूरत वंदे मातरम् के प्रति समर्पण के प्रति जरूरत जब यह बना तब भी थी और अब भी है।

**लोक सभा में राहुल ने ...**

देखते हैं, अगर वोट नहीं होगा तो ये सब भी नहीं होंगे।

राहुल ने कहा- 'सीजेआई को सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाया गया। मैं बैठा था, एक तरफपीएम मोदी और अमित शाह बैठे थे और दूसरी तरफमैं। किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया। दिसंबर 2023 में नियम बदल यह प्रावधान किया कि किसी भी चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता। यह 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले किया गया। सीसीटीवी और डेटा को लेकर नियम बदले गए। सत्ता के साथ चुनाव आयोग का तालमेल है। यह डेटा का सवाल नहीं, चुनाव का सवाल है। मेरे पास इसके सबूत हैं। बीजेपी लोकतंत्र को डैमेज करने के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है।

**सीएए आवेदकों को ...**

हो, क्या निर्दिष्ट देशों से हो, और क्या आप भारत में हो। पहले इन मामलों का निर्धारण होना जरूरी है। न्यायमूर्ति बागची ने आगे कहा, पहले आप नागरिकता हासिल करते हैं, तब मतदाता सूची में आपके नाम की बात आती है। पीठ ने कहा कि स्थिति तय होने से पहले एनजीओ मतदाता के तौर पर पंजीकरण की मांग नहीं कर सकती। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता एक एनजीओ है और किसी भी व्यक्तिगत आवेदक ने सीधे न्यायालय का रुख नहीं किया है। न्यायालय ने कहा कि वह केवल नागरिकता संबंधी दावों के निर्धारण में सहायता कर सकता है, वैधानिक प्रक्रिया को दरकिनार नहीं कर सकता। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हम केवल आपकी स्थिति के निर्धारण में सहायता कर सकते हैं, इससे अधिक कुछ नहीं।

**पीएम मोदी ने कहा- देश...**

सरकार के फैसले को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बदलाव नागरिकों के भरोसे पर आधारित है। एक ऐसा भरोसा जो पिछले 10 सालों से मजबूत बना हुआ है।

इससे पहले, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सभी एनडीए सांसदों ने बिहार विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर पीएम मोदी को बधाई दी।

**जीत की माला पहनाकर सम्मानित किया**

मंगलवार को एनडीए संसदीय पार्टी की मीटिंग के बाद मीडिया से बात करते हुए, रिजिजू ने कहा, संसदीय पार्टी की मीटिंग में एनडीए की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीत की माला पहनाकर सम्मानित किया गया और बिहार इलेक्शन में शानदार जीत के लिए बधाई दी गई। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने मीटिंग के दौरान राज्य और इलाके के लिए काम करने के तरीके पर मार्गदर्शन किया।

**एसआईआर के दूसरे चरण ...**

और गोवा जैसे राज्यों ने 100 प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण कर दिया है। वहीं, इन राज्यों में फॉर्म डिजिटाइजेशन की बात करें तो लक्षद्वीप में 100 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 100 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 99.96 प्रतिशत और गुजरात में 99.94 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का काम पूरा कर लिया गया है।

वोटर संख्या सबसे अधिक होने के बावजूद बड़े राज्यों ने भी उल्लेखनीय गति से अपडेट पूरा किया है। उत्तर प्रदेश में 15.44 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 99.97 प्रतिशत फॉर्म वितरण और 98.14 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हो चुका है। तमिलनाडु में 99.95 प्रतिशत फॉर्म वितरण और 99.55 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का काम पूरा हो चुका है। पश्चिम बंगाल में 99.99 प्रतिशत वितरण और 99.75 प्रतिशत डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

आयोग ने बताया कि एसआईआर के कार्य के लिए 5,33,096 बीएलओ तैनात किए गए हैं। 12,43,716 बीएलए की नियुक्ति की गई है।

50,95,77,592 फॉर्म वितरित किए गए हैं और 50,58,01,033 फॉर्म डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं।

11 दिसंबर को एसआईआर प्रक्रिया का दूसरा चरण समाप्त होगा, जिसके बाद डेटा सत्यापन और अंतिम सूची तैयारी की प्रक्रिया शुरू होगी। देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने की दिशा में यह तेज रफ्तार एसआईआर प्रक्रिया एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

**दीपेन चावड़ा के खिलाफ..**

विशेष न्यायालय (भ्र.नि.अ) में चालान पेश किया जा चुका है।

**छत्तीसगढ़ में 58 प्रतिशत...**

58 प्रतिशत आरक्षण का नियम हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना है, किंतु मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद इस मामले की सुनवाई करने की सहमति जताई है।

**नेता प्रतिपक्ष महंत ने ...**

उनके हित में निर्णय लेगी।

चरणदास महंत ने लिखा है कि, वर्तमान में मेडिकल कॉलेज के छात्रों का कोटा घटकर 25 प्रतिशत रह गया है, जो पिछले साल के मुकाबले बहुत कम है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ के मेडिकल कॉलेजों से जूनियर डॉक्टर और छात्र प्रतिनिधि मुझसे मिले हैं। आपसे छात्र हित में निर्णय की अपेक्षा और विश्वास है।

# चक्काजाम : शिक्षकों की कमी से नाराज स्कूली छात्र सड़क पर बैठे

**■ शिक्षक कर रहे बीएलओ की ड्यूटी, नहीं हो रही पढ़ाई**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** जिले के ग्राम बेलौदी में स्कूलों में लगातार बढ़ रही शिक्षकों की कमी के कारण सोमवार को सुबह मिडिल और प्राइमरी स्कूल के बच्चे, उनके पालक और ग्रामवासियों ने दुर्ग-नगपुरा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जाम के दौरान आवागमन पूरी तरह ठप रहा। सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि महीनों से शिकायतों के बावजूद शिक्षा विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। बच्चों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है।

बेलौदी मिडिल स्कूल की संकुल प्राचार्य कुमुद सिंह ने बताया कि स्कूल में पहले दो परमानेंट शिक्षक और एक प्रधान पाठक पदस्थ थे, लेकिन प्रधान पाठक का हाल ही में प्रमोशन होने के बाद उनका तबादला दूसरी जगह हो गया। अभी दो टीचर स्कूल में है, लेकिन वे दोनों बीएलओ ड्यूटी कर रहे हैं। इसके कारण स्कूल में पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

प्राथमिक विद्यालय में एकमात्र शिक्षिका की ड्यूटी बीएलओ में लगा दी गई है। ग्राम पंचायत से प्राइमरी स्कूल के लिए वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था की गई। मिडिल स्कूल के लिए सितंबर से एक शिक्षक को लाया गया था, लेकिन स्वास्थ्य खराब होने के कारण वे स्कूल नहीं आ रहे हैं। बदहाल शिक्षा व्यवस्था से नाराज मिडिल व प्राइमरी स्कूल के बच्चों ने सोमवार को सुबह सड़क पर बैठकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कई महीनों से मांग करने के बावजूद प्रशासन ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। वर्तमान में प्राथमिक और मिडिल स्कूल में 159 बच्चे हैं। प्राथमिक में 92 और मिडिल स्कूल में 67 छात्र अध्ययनरत हैं।

# मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत दुर्ग जिले में जल संरक्षण कार्यों को मिली गति

**दुर्ग/नवप्रदेश।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत दुर्ग जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। जल संचय व भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा देने मनरेगा के माध्यम से बड़े पैमाने पर जल संरचनाओं का निर्माण स्वीकृत किया गया है। मोर गांव मोर पानी अभियान ने दुर्ग जिले में जल संरक्षण की दिशा में नई ऊर्जा और प्रभावशाली नतीजे दिए हैं। वाटर एब्जॉर्पशन ट्रेंच जैसी संरचनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी जल प्रबंधन को मजबूत बना रही हैं। अभियान के प्रमुख उद्देश्य वर्षा जल संरक्षण को ग्रामीण स्तर पर सामूहिक जिम्मेदारी बनाना, पारंपरिक जल स्त्रोतों कुएं, तालाब, जीर्णोद्धार विभिन्न तकनीकों से भूजल रिचार्ज बढ़ाना जल संकट की संभावनाओं को कम कर भविष्य के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि जिले में विभिन्न जनपद पंचायतों के अंतर्गत वाटर एब्जॉर्पशन ट्रेंच का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।जनपद पंचायत दुर्ग के ग्राम पंचायत दमोदा में स्वीकृत राशि 6.47 लाख रुपए सृजित मानव दिवस 1678 कुल गड्ढे 1500, ग्राम पंचायत बोरई में स्वीकृत राशि 9.86 लाख रुपए सृजित मानव दिवस 3014 कुल गड्ढे 2500, ग्राम पंचायत अंजोरा ढाबा में स्वीकृत राशि 4.67 लाख रुपए सृजित मानव दिवस 912 कुल गड्ढे एक हजार।

## ■ न्यूज गैलरी

### रिसाली में हिन्दू सम्मेलन 14 को

**भिलाई।** हिन्दू कल्याण समिति रिसाली के तत्वावधान में 14 दिसंबर को विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन बाजार चौक रिसाली बस्ती में किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज में आत्मगौरव और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में सर्व समाज के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे और साधु-सन्तों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। समिति के अध्यक्ष टीकम चंद्राकर ने समाज के सभी वर्गों के लोगों से अनुरोध किया है कि वे कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर सफल बनाने में अपना योगदान दें।

### महिला सशक्तिकरण केन्द्र में जेंडर विशेषज्ञ पद के आवेदन 15 तक

**दुर्ग।** मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित महिला सशक्तिकरण केन्द्र में जेण्डर विशेषज्ञ (अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षित) के रिक्त संविदा पद की पूर्ति के लिए पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व पात्र उम्मीदवार 15 दिसंबर तक केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में पद से संबंधित शैक्षणिक योग्यता, आवश्यक अनुभव, आवेदन प्रारूप तथा संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया का विस्तृत विवरण दुर्ग जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### सहायिका पद : 13 तक दावा-आपत्ति

**दुर्ग।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र पंचशील नगर केन्द्र क्रमांक 1 वार्ड 1 में सहायिका पद की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसके लिये 13 दिसम्बर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है। दावा-आपत्ति हेतु प्राप्त आवेदनों की अनन्तिम सूची परियोजना कार्यालय व नगर पालिक निगम दुर्ग के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा की गई है। कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग में कार्यालयीन समय पर प्रस्तुत दावा-आपत्ति ही मान्य किया जाएगा।

### गुरुनानक स्कूल में 122 बच्चों व स्टॉफ का स्वास्थ्य परीक्षण

**भिलाई।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केन्द्र जेएलएनएचआरसी द्वारा सीएसआर के सहयोग से सेक्टर 6 स्थित गुरुनानक स्कूल में मिशन लक्ष्मी के अंतर्गत छात्राओं, फैकल्टी और कॉन्ट्रैक्चुअल महिला स्टाफ के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र ठाकुर ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीषा कांगो और महाप्रबंधक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं संजय दवे विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा सत्रों के माध्यम से छात्राओं को विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। डॉ शुभमिता ने बाल स्वास्थ्य एवं टीकाकरण, डॉ निशा ठाकुर ने प्रजनन स्वास्थ्य, कैंसर जागरूकता और मासिक धर्म स्वच्छता पर मार्गदर्शन दिया। पारोमिता दासगुप्ता ने स्वस्थ जीवनशैली व संतुलित आहार पर वक्तव्य दिया। कुल 122 छात्राओं, स्टाफ और शिक्षकों ने शिविर में भाग लिया। प्रतिभागियों को क्विज़ के माध्यम से स्वास्थ्य विषयों पर जानकारी देने के साथ पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक लता मिश्रा और आभार प्रदर्शन सहायक प्रबंधक शशि सिंह ने किया। शिविर में मार्गदर्शन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उदय कुमार ने दिया।

# सड़क घेरकर किया अवैध निर्माण : नाली कनेक्शन न होने से जलभराव, बदबू और मच्छरों का प्रकोप

**■ जनदर्शन में शिकायत करने पहुंचे नागरिक**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव और हितेश पिस्दा ने जनदर्शन कार्यक्रम में जनसामान्य से मुलाकात कर समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में समस्याएं सुनने के बाद संबंधित विभागों को निराकरण करने के निर्देश दिये। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, पीएम आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों और समस्याओं से संबंधित 130 आवेदन मिले। सबसे ज्यादा शिकायतें अतिक्रमण से संबंधित की गई।

चरोदा निवासियों ने चरोदा के विश्व बैंक आवासीय योजना, सेक्टर 4 में सड़क पर अवैध निर्माण किये जाने की शिकायत की। स्थानीय लोगों ने बताया कि लगभग 20 फीट चौड़ी सार्वजनिक सड़क पर करीब 6 फीट हिस्सा कब्जा कर अन्य व्यक्ति द्वारा घर का निर्माण किया जा रहा है। सड़क पर कब्जा कर डीपीसी लेवल तक निर्माण पूरा किया जा चुका है। डिप्टी कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम चरोदा को निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही करने कहा।

दुर्ग के सुंदर नगर बोरसी निवासी ने सड़क पर जलभराव की शिकायत की। उन्होंने बताया कि बोरसी में नाली कनेक्शन न होने से सड़क पर लगातार जलभराव और बदबू की स्थिति बन गई है। घर के सामने बिल्डर ने दो मंजिला भवन बनाकर नाली को मुख्य नाली से नहीं जोड़ा, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। मच्छरों व कीटों का प्रकोप बढ़ गया है। डिप्टी कलेक्टर ने नगर निगम अधिकारी को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

रिसाली नगर निगम में वार्ड क्रमांक 27 के निवासियों ने अतिक्रमण की शिकायत की। यहां के नागरिक वर्षों से पार्क की आरक्षित जमीन पर हो रहे अतिक्रमण से परेशान हैं। फेस 1 में पार्क के लिये निर्धारित भूमि पर सब्जी दुकान, खटाल और अन्य अवैध गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी और बदबू फैल रही है। स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। फेस 1 की पार्क भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कर वहां पार्क विकसित करने के लिये आवेदन दिया गया। डिप्टी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

वार्ड क्रमांक 15 सिकोला बस्ती के निवासी ने पट्टा सुधारने हेतु आवेदन दिया। उनका कहना है कि वास्तविक पट्टा क्षेत्रफल अधिक है, लेकिन पट्टे में क्षेत्रफल कम दर्ज किया गया है, जिसके कारण उनका आवास निर्माण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने पट्टे का सही माप कराने और आवास योजना का लाभ दिलाने के लिये आवेदन दिया। डिप्टी कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने कहा है।

# फर्जी नियुक्ति पत्र वायरल होगी कानूनी कार्रवाई

**दुर्ग/नवप्रदेश।** नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यशवंत यादव सहायक ग्रेड 3 के नाम से एक कथित नियुक्ति पत्र पूरी तरह फर्जी है। सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों में नियुक्ति पत्र प्रसारित किया जा रहा है। निगम प्रशासन की प्रारंभिक जांच में ऐसी कोई नियुक्ति नगर निगम दुर्ग में नहीं की गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भी यह आदेश जारी नहीं किया गया है।

नगर पालिक निगम दुर्ग में पदस्थापना भी नहीं की गई है। पत्र में शासन के आदेश क्रमांक, तिथि व शर्तों का उल्लेख शासन के अधिकृत प्रारूप से मेल नहीं खाता और दस्तावेज सत्य नहीं है। निगम प्रशासन ने बताया कि फर्जी पत्र में एक वर्ष में कंप्यूटर प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने, दो वर्ष की परीक्षावधि, स्वास्थ्य प्रमाणपत्र व थाना क्षेत्र से एनओसी प्रस्तुत करने जैसी शर्तों का उल्लेख किया गया है। ये सभी विवरण विधिवत जारी नहीं किये गए हैं।

नगर निगम, दुर्ग ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार करना, प्रसारित करना या इसका उपयोग करना कानूनी अपराध है। दस्तावेज़ की सत्यता जांच के लिये संबंधित विभागों को रिपोर्ट भेज दी गई है। आवश्यकता पडने़ पर इस मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। निगम प्रशासन ने किसी भी भ्रामक दस्तावेज़ पर विश्वास न करने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निगम को देने की अपील की है।

निगम द्वारा जारी प्रत्येक आदेश पर आधिकारिक लेटरहेड, प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर, विभागीय मुहर, जारीकर्ता शाखा का नाम और डायरी/डिस्पैच नंबर का स्पष्ट उल्लेख अनिवार्य रूप से होता है। फर्जी पत्र में यह आवश्यक औपचारिकताएं नहीं हैं।

# खुद पर विश्वास, विधाता पर विश्वास और उसके विधान पर विश्वास ही समर्पण्यता है : वीणा दीदी

**भिलाई/नवप्रदेश।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में कर्नाटक हुबली से आई गीता ज्ञान विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने सर्वशास्त्र शिरोमणि श्रीमद् भागवत गीता के अध्याय 9 के श्लोक 22 के बारे में बताते हुए कहा कि जो संपूर्ण समर्पण मेरे अनन्य है, जो उनको चाहिए, वो देगा और उसकी रक्षा भी करेगा। खुद पर विश्वास, विधाता पर विश्वास और उसके विधान पर विश्वास ही समर्पण्यता है। अभाव, स्वभाव, प्रभाव, दबाव हमें आकर्षित करती हैं। सूर्य की किरणें बिना किसी से प्रभावित हुए सम्पूर्ण प्रकृति, धरती, मनुष्यात्माओं सहित ब्रह्मांड को प्रभावित करती है। दिल की बात दिल तक, दिमाग की बात दिमाग तक पहुंचती है। सच्चे दिल से परमात्मा को याद करें। इस दौरान रिसाली मैत्री कुंज प्रभु प्राप्ति भवन में आयोजित ड्राइंग एंड पेंटिंग के सभी प्रतिभागी बच्चों को ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने पुरस्कृत किया। योग कार्यक्रम और गीता ज्ञान से आंतरिक परिवर्तन कार्यक्रम के लिए भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने वीणा दीदी का सम्मान किया।

# जल संचय करने घरों में सोख्ता निर्माण करें ग्रामीण : विधायक चंद्राकर

**भिलाई/नवप्रदेश।** गांव-गांव में पानी बचाने रिचार्ज पिट सोख्ता का निर्माण किया जा रहा है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने आज ग्राम कातरो में जिला पंचायत दुर्ग द्वारा जल संरक्षण के उद्देश्य से बने रिचार्ज पिट का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल परिसर व हितग्राहियों के घरों में बनाए गए रिचार्ज पिट (सोख्ता) का स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति, प्रभाव और उपयोगिता का अवलोकन किया। इस दौरान जिपं के सीईओ बजरंग दुबे सहित

अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। विधायक चंद्राकर ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ चर्चा कर जल संरक्षण के प्रति जनजागरण को और मजबूत करने की अपील की। विधायक ललित चंद्राकर ने जन समुदाय से अपने घर पर सोखता निर्माण करने की अपील की, ताकि, वर्षा के जल का संरक्षण किया जा सके। इससे भूजल स्तर बेहतर होगा और भविष्य में जल संकट का सामना करने में मदद मिलेगी। विधायक चंद्राकर ने जल संचय की विभिन्न गतिविधियां संचालित करने कहा। पौध-रोपण, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाने, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण व नदियों के संरक्षण, फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

# जीडी रूंगटा कॉलेज में अटल एफडीपी का शुभारंभ

**■ प्रदेश भर के फैकल्टीज और इंडस्ट्रीज को मिलेगी ट्रेनिंग**

**भिलाई/नवप्रदेश।** जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की गई। सर्वरलेस कंप्यूटिंग का इवोल्यूशनः फंक्शन ऐज ए सर्विस से लेकर नेक्स्ट-जेन आर्किटेक्चर तक विषयक इसी एफडीपी में प्रदेश भर की इंडस्ट्रीज और कॉलेजों से चुनिंदा 50 लोगों को प्रतिभागी बनाया गया है। एफडीपी की समन्वयक डॉ. आराधना साहू और सह-समन्वयक डॉ. ज्योति उपाध्याय ने बताया कि इसमें प्रदेश के एक्सपर्ट्स प्रतिभागियों के साथ अपना नॉलेज शेयर करेंगे। सीएसवीटीयू के डॉ. रोहित मिरी, आईआईटी भिलाई के प्रोफेसर डॉ. अमित धर, साइंस कॉलेज दुर्ग से डॉ कुशवान्जली देखमुख, एसआईटी नागपुर से डॉ. भूपेश कुमार देवांगन शामिल हैं। प्रतिभागियों को सर्वरलेस कंप्यूटिंग, क्लाउड नेटिव आर्किटेक्चर, एआईएमएल, इंडस्ट्री एप्लीकेशन विथ केस स्टडीज की जानकारी मिलेगी। इस एफडीसी के तहत प्रतिभागियों को भिलाई स्थित सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य तेजी से विकसित होती सर्वरलेस तकनीक, उसके ढांचे, और भविष्य की कम्प्यूटिंग आर्किटेक्चर को शिक्षकों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-वीसी डॉ. मनीष मनोरिया ने बताया कि फास जैसी उन्नत तकनीकों से आगे बढ़ते हुए सर्वरलेस कम्प्यूटिंग नई पीढ़ी के आर्किटेक्चर का निर्माण कर रही है। उन्होंने इस पर विशेषज्ञ विस्तृत मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम में जीडी रूंगटा कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. नीमा एस बालन ने कहा कि प्रशिक्षण में प्रतिभागी न केवल आधुनिक कम्प्यूटिंग मॉडलों की अवधारणा से परिचित होंगे, बल्कि उद्योग में उनके व्यावहारिक उपयोग और चुनौतियों को भी समझ पाएंगे। कार्यक्रम में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. आशीष पनत, रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन, डॉ. आरके राठौर, डॉ. विजय लक्ष्मी घोष शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना से 48 लाख स्वीकृत

**दुर्ग/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत में अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 48 लाख 28 हजार की अनुशंसा प्राप्त हुई है। कार्यो की संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड धमधा के ग्राम अरसी के देवांगन पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, ग्राम हिर्री के विश्वकर्मा चौक में सीसी रोड निर्माण हेतु 2.60 लाख, ग्राम बड़े पुरदा के माखन लाल साहू के घर के पास रंगमंच निर्माण हेतु 3 लाख, ग्राम रूहा पेन्ड्री के जितेन्द्र घर के पास रंगमंच निर्माण हेतु 3 लाख, ग्राम नारधा के हायर सेकेण्डरी स्कूल में शेड निर्माण हेतु 7 लाख, ग्राम कंडरका में माध्यमिक शाला में शेड निर्माण हेतु 7 लाख, ग्राम राजपुर के कोक्सा तालाब में निर्मला घाट निर्माण हेतु 2.60 लाख, ग्राम ढाबा के माध्यमिक शाला में शेड निर्माण हेतु 7 लाख, ग्राम बागडुमर सेमरिया में मुक्तिधाम व शेड निर्माण हेतु 4.79 लाख और ग्राम ढौर खेरधी में मुक्तिधाम व शेड निर्माण हेतु 4.79 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

**मंदिर परिसर के विकास के लिए मिलेंगे विधायक निधि से 3 लाख रुपए, विधायक देवेन्द्र ने की घोषणा**

# आंध्रा देवांग समाजम का पारिवारिक मिलन समारोह

**भिलाई/नवप्रदेश।** आंध्रा देवांग समाजम का पारिवारिक मिलन समारोह रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर सेक्टर-6 में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव और एचटीसी के डायरेक्टर व समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू अति विशिष्ट अतिथि और विशेष अतिथि निगम के एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक देवेन्द्र यादव ने मंदिर परिसर में बोर खनन व शौचालय निर्माण के लिए विधायक निधि से 3 लाख रुपए देने की घोषणा की।

कार्यक्रम के दौरान विधायक देवेन्द्र यादव ने आंध्रा देवांग समाजम के सदस्यों से बातचीत की। उन्होंने रामेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की और विश्वास दिलाया कि वे समाज के उत्थान के लिए भविष्य में भी आगे रहेंगे। उन्होंने आंध्रा देवांग समाजम के आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मीपति राजू ने तेलुगू समाज के प्रत्येक धड़े को एकजुट होने और साथ मिलकर आगे बढ़ने प्रेरित किया।

कार्यक्रम में इंद्रजीत सिंह 'छोटू' ने आश्वस्त किया वे समाज की किसी भी तरह की समस्या का समाधान करने प्रयासरत रहेंगे। उनकी संस्था सर्व समाज कल्याण समिति द्वारा जरूरतमंदों को हमेशा मदद पहुंचाई गई है, चाहे वे किसी भी समाज से हों।

सर्व समाज कल्याण समिति की ओर से मलकीत सिंह 'लल्लू', अनिल चौधरी, जोगा राव, निर्मल सिंह, शाहनवाज़ कुरैशी, रमन राव, इंद्रजीत सिंह 'चिंटू', डॉ. हरजिन्दर सिंह, वाजिद अंसारी, हरेंद्र यादव, अनिल सिंह, सोम सिंह आदि उपस्थित रहे।

**समाज के वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान**

आंध्र देवांग समाजम के कार्यक्रम के दौरान पूर्व अध्यक्षों व पदाधिकारियों के साथ वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। वरिष्ठजनों को शाल व भगवा गमछे से सम्मानित किया गया। समाज के अध्यक्ष भीमा राव के द्वारा वर्तमान पदाधिकारियों व सहयोगियों को देवांग समाज की आराध्य देवी चौडेश्वरी माता का तैलचित्र भेंट स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। इन कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे समाज के बच्चों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक एस चंद्रशेखर, अध्यक्ष जी भीमा राव, कोषाध्यक्ष पी रामाराव, उपाध्यक्ष जी मुकेश, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष वाई ईश्वरी, महासचिव के यशोदा, उपाध्यक्ष आई ईश्वरी, के मोहन राव, एम लोकेश, जी पूर्णिमा, के शंकर राव, पी चलपति और ए गोपाल सहित समाज के वरिष्ठ सदस्य कार्यक्रम आयोजन में सक्रिय रहे।

# क्रांतिकारी सुखदेव राज की मनाई गई जयंती

**दुर्ग/नवप्रदेश।** देश की आज़ादी के लिए क्रांति का मार्ग अपनाने वाले जांबाज युवाओं में से एक सुखदेव राज की 118 वीं जयंती पर इंदिरा मार्केट के पास उनके पुराने जर्जर आवास के सामने मनाई गई। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ और सुखदेव राज स्मृति स्मारक समिति व दुर्ग सिक्ख सभा दुर्ग के पदाधिकारियों ने जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह जैसे अग्रिम पंक्ति के क्रांतिकारियों के निकट सहयोगी रहे सुखदेव राज 1963 से 1973 तक इंदिरा मार्केट के पास स्थित शिशु कल्याण केंद्र के भवन में रहे और कुष्ठ रोगियों की सेवा करते हुए 5 जुलाई 1973 को उन्होंने इसी भवन में अंतिम सांस ली थी। उनका जन्म लाहौर में 7 दिसंबर 1907 को हुआ था। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान वे क्रांतिकारियों के

सम्पर्क में आए। फिर अपना जीवन देश की आज़ादी के लिए समर्पित कर दिया। आयोजित यादें कार्यक्रम में वक्ताओं ने दुर्ग जिलावासियों को उनके योगदान से अवगत कराया। जर्जर आवास के जीर्णोद्धार हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व महापौर व शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भाजपा प्रदेश सचिव जितेंद्र वर्मा, समाजसेवी गुलबीर सिंह भाटिया, दुर्ग सिक्ख सभा के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह, सम्पूर्ण सिंह सैनी, बलविंदर सिंह अरोरा, सुरेन्द्र पाल सिंह दुलाई, सिकंदर सिंह सैखो, वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव, शिक्षाविद एचएस वर्मा, अधिवक्ता दिनेश वर्मा, बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सचिव सोनल गुप्ता, समाजसेवी कमलेश वैष्णव, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीके वर्मा, संभागीय उपाध्यक्ष बीएल गजपाल, महामंत्री राजेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र देशमुख, पीडी वैष्णव, डीपी दिल्लीवार, बीके शर्मा, आर के भटनागर, शीतल साहू, एमएल वर्मा, रामाधार ताम्रकार, केके आडिल, अरुण गुप्ता उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह

**मुंगेली/नवप्रदेश।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक विकास कुमार की अगुवाई में शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित वरिष्ठजनों को शॉल, पुष्प गुच्छ एवं श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। 85 वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान। सम्मान समारोह में पथरिया से पीला दास पाटले, बद्री प्रसाद वर्मा, जीवन राम सिंह क्षत्री, तथा मुंगेली से अध्यक्ष पेंशनर कल्याण संघ सईद खान, दिलीप कुमार पाज स्टेट बैंक अधिकारी, राकेश गुप्ता कवि, प्रहलाद पांडेय, ओम कोराले, शंकर सिंह राजपूत, नीलकंठ तिवारी, एमएल टंडन, बीके विश्वकर्मा, एमके जनार्दन, कंपलसिंह ध्रुव, देवचरण शर्मा, चतुर्वेदी, एमडी मानिकपुरी, एचआर मास्कर, गोवर्धन निर्मलकर, हरिराम साहू, कदमदास कोशले, किशन सिंह क्षत्री, डीडी नामा, गजानंद सिंह परिहार, जगदीश देवांगन, बीपी तंबोली, भागदास टोंडर, प्रभात गुप्ता, देवलाल देवांगन सहित कुल लगभग 85 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में सभी सदस्यों ने कुआगांव निवासी गणपत साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष सईद खान ने बताया कि आगामी 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस के अवसर पर बलौदा बाजार में प्रांतीय स्तर का समारोह आयोजित होगा, जिसमें मुंगेली के पेंशनर्स भी सम्मिलित होंगे।

### सर्वसम्मति से पुहूप राम बने मुंगेली के जिला अध्यक्ष

**मुंगेली/नवप्रदेश।** सर्वसम्मति से जिला साहू संघ का चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें पुहुप राम साहू को पुनः जिला साहू संघ मुंगेली का अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद के लिए रामखेलावन साहू, राजदुलारी साहू, संगठन सचिव राकेश साहू एवं पूर्णिमा साहू का चयन किया गया है। समन्वय समिति में छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष थानेश्वर साहू, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, पोषण साहू, बलदाऊ साहू एवं झालेश्वर साहू शामिल रहे। प्रदेश साहू संघ द्वारा नामांकित पर्यवेक्षक के रूप में विष्णु साहू, उधो राम साहू, चंद्रशेखर साहू, निर्वाचन पदाधिकारी मुनस साहू, हिंसा राम साहू, रामेश्वर साहू ने चुनाव को संपन्न कराया। इस अवसर पर तहसील संघ मुंगेली के अध्यक्ष डॉ. लेखू साहू, लोरमी राजेश साहू, पथरिया रामकुमार साहू, लालपुर भवानी शंकर साहू, सरगांव गोविंद साहू, जरहागांव महेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्षगण दुकाल साहू, भारत साहू, राजकुमार साहू का नवनिर्वाचित जिला साहू संघ के अध्यक्ष पुहूप राम साहू के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं गमछे से सम्मान किया गया।

---

**बोर्ड परीक्षाएं हफ्तेभर पहले, तैयारी करने के लिए लगभग 2 माह और कोर्स अभी 40 फीसदी बाकी**

# कब पूरा होगा कोर्स, कब रीविजन? 20 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं

**मुंगेली/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल इस साल तय समय से एक हफ्ते पहले दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षाएं शुरू कर रहा है। ऐसे में बच्चों के पास अब बोर्ड परीक्षाओं के लिए अब लगभग 2 माह का समय बचा हुआ है, जहां बच्चों को कोर्स पूरा करने के साथ ही रिविजन और मॉडल परीक्षाओं की तैयारी भी करनी है।

बताया जाता है कि इस साल बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं 20 फरवरी और दसवीं बोर्ड की परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू हो रही हैं। 72 दिनों यानि महज करीब 2 महीने का समय बाकी रहने के चलते अब बच्चों पर कोर्स पूरा करने का दबाव बढ़ गया है। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग अब तक कोई कार्ययोजना नहीं बना पाया है। इन हालातों में इस साल फिर प्रदेश की मेरिट सूची में शामिल होने की बस्तर जिले की उम्मीद पूरी होती नहीं दिख रही है। स्कूलों में अब भी करीब 40 फीसदी कोर्स अधूरा पड़ा हुआ है। दो महीनों में कोर्स पूरा करने के साथ ही बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए तैयार करवाने को लेकर शिक्षक जुटे तो हुए हैं, लेकिन इतने कम समय में कोर्स पूरा किया जा पाना भी संभव होता नहीं दिख रहा है। गौरतलब है कि हर साल शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षा के नतीजों में सुधार लाने के साथ ही राज्य की मेरिट सूची में बच्चों को शामिल करवाने की योजना तैयार करता है, लेकिन इस साल ऐसा कुछ भी होता नहीं दिख रहा है।

#### इस साल तय समय से एक हफ्ते पहले शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाएं

गौरतलब है कि इस साल बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं 20 फरवरी से 18 मार्च तक चलेंगी। वहीं दसवीं बोर्ड की परीक्षाएं 21 फरवरी से 13 मार्च तक होंगी। इस साल बोर्ड परीक्षाएं अपने तय समय से एक हफ्ते पहले हो रही हैं। इससे बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में एक हफ्ते का ज्यादा समय मिल पाएगा। जबकि बच्चों को तैयारी करने के लिए पर्याप्त समय ही नहीं मिल पा रहा है।

#### नई शिक्षा नीति के तहत परीक्षा के पैटर्न में बदलाव

बताया जाता है कि नई शिक्षा नीति के तहत इस साल दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के पैटर्न में बदलाव करते हुए नया ब्लूप्रिंट लागू किया गया है। नए ब्लूप्रिंट के मुताबिक हर विषय में 5 बहु-विकल्पीय प्रश्न, 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न शामिल किए जाएंगे। वहीं 11वीं-12वीं में प्रोजेक्ट वर्क को अनिवार्य किया गया है। परीक्षा का पैटर्न 80 व 20 अंकों पर आधारित होगा। इसमें प्रोजेक्ट व प्रैक्टिकल के लिए 20 और सैद्धांतिक परीक्षा के लिए 80 अंक के सवाल पूछे जाएंगे। 1 जनवरी से प्रैक्टिकल व प्रोजेक्ट परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी।

#### शिक्षा विभाग ने अब तक तय नहीं की कार्ययोजना

इधर बोर्ड परीक्षाओं के लिए 75 दिनों का समय बचा हुआ है, जबकि शिक्षा विभाग के पास पढ़ाई पूरी करवाने के साथ ही परीक्षा की तैयारियां करवाने को लेकर कोई योजना ही अब तक नहीं बनाई जा सकी है। हर साल शिक्षा विभाग बच्चों की पढ़ाई को लेकर मिशन 100 डेज के तहत कार्ययोजना तैयार करता है, लेकिन इस साल कार्ययोजना तय नहीं हो सकी है।

#### बच्चों को पढ़ाना छोड़कर दूसरे कामों में जुटे शिक्षक

कुछ स्कूलों के शिक्षकों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि उनकी ड्यूटी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के बजाय दीगर कार्यों में लगा दी गई है। इसके चलते बच्चों की पढ़ाई खासी प्रभावित हो रही है। न तो बच्चों के कोर्स पूरे हो पा रहे हैं और न ही भविष्य में उनकी तैयारियां ही होती दिख रही है। इन हालातों में मेरिट लिस्ट में नाम शामिल होने की उम्मीद ही बेमानी है।

---

**काले गुब्बारे और काले कपड़ों के साथ सरकार के खिलाफ आक्रोश फूटा**

# जमीन गाइडलाइन वृद्धि के विरोध में सक्ती में प्रदर्शन

**सक्ती/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जमीन की गाइडलाइन दरों में बेतहाशा वृद्धि किए जाने के विरोध में आज सक्ती जिले में प्रॉपर्टी संघ सक्ती के बैनर तले जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने काले कपड़े पहनकर और हाथों में काले गुब्बारे लेकर सरकार के फैसले के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मुख्य रूप से अग्रेशन चौक में एकत्रित होकर जमीन व्यापार से जुड़े लोगों एवं आम नागरिकों ने सरकार से 'काला कानून' वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया।

जिसकी प्रतिलिपि अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सक्ती एवं उप पंजीयक कार्यालय सक्ती को भी दी गई। इसके बाद एसडीएम कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर विधिवत ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार की ओर से आज कुछ नियमों में बदलाव के आदेश जारी किए गए हैं, लेकिन इन आदेशों से व्यापारी वर्ग संतुष्ट नहीं है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस सरकार के समय जो शिथिल नियम लागू थे, उन्हें भाजपा सरकार के आते ही समाप्त कर दिया गया, जिससे आम जनता को रजिस्ट्री खर्चे का भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है।

अब नए-नए बेतुके नियम लाकर सरकार जनता और जमीन व्यापार से जुड़े लोगों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। प्रॉपर्टी संघ के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने कहा कि सरकार को व्यापार और व्यवसाय सुचारू रूप से चलाने के लिए नियमों को सरल और शिथिल बनाना चाहिए तथा आम जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए निर्णय लेना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष एवं संघ संरक्षक श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि सरकार को इस फैसले को तत्काल वापस लेना चाहिए और जनता को अनावश्यक फरमान जारी कर परेशान नहीं करना चाहिए। किसान कांग्रेस अध्यक्ष सदेश्वर गबेल ने कहा कि गरीब किसान अपनी बेटी की शादी या पारिवारिक जरूरतों के समय यदि अपनी जमीन नहीं बेच पाएंगे, तो ऐसी जमीन का क्या लाभ? सरकार के इस फैसले का हम पुरजोर विरोध करते हैं।

इस आंदोलन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, संरक्षक श्याम सुंदर अग्रवाल, जगदीश बंसल, आनंद अग्रवाल, सोनू कुरैशी, कालू रघुनाथ, राजेश बाबा, मोनू एमके, रमेश देवांगन, प्रेम देवांगन, गोलू सीडी, नरेश बाबा आटा, हरीश कालू, बबलू कुरैशी, सफीक खान, मिन्ना ठाकुर, संजय बंसल, संजय बिहारी, चन्द्र कुमार सोनी, राजकुमार अग्रवाल, विकाश, मनोज, कृष्णा, प्रकाश ट्रॉली, अमन, चंद्रमणि, बबलू, सत्येंद्र, सुभाष सहित सैकड़ों की संख्या में आमजन मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द ही इस फैसले को वापस नहीं लेती तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

---

# कलेक्टर ने खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक ली

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष, खाद्य विभाग/सहकारिता विभाग, मार्कफेडनागरिक आपूर्ति निगम,मंडी बोर्ड,छ0ग0 भण्डार गृह निगम की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभागों की एजेंडावार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले के सार्वजनिक वितरण प्रणाली, प्रचलित राशन कार्ड, उचित मूल्य की दुकानों का आवंटन, एजेंसीवार उचित मूल्य दुकानों के संचालन की स्थिति, खाद्यान्न भंडारण की स्थिति, राशन कार्ड में ई केवाईसी की स्थिति, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की प्रगति, वेयरहाउस, खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की जानकारी, बारदाना व्यवस्था की उपलब्धता, पीडीएस बारदाना, किसान पंजीयन की स्थिति, रकबा समर्पण सहित अन्य विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। खाद्य अधिकारी बी एस कामटे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल प्रचलित राशन कार्डों की संख्या 300717 है। जिसमें बीपीएल राशन कार्ड 278987, एपीएल राशन कार्ड 21730 है। जिले में कुल राशन कार्ड में सदस्यसंख्या 929237 है। शासकीय उचित मूल्य दुकान की संख्या 521 तथा जिले में राशन कार्ड ई केवाईसी का प्रतिशत 83 प्रतिशत किए जाने की जानकारी दी। कलेक्टर ने जिले में पंजीकृत ट्रेडर्स जो कि अनाज का व्यापार करते है, उनकी सूची खाद्य विभाग को तत्काल उपलब्ध कराने मंडी सचिव, मंडी बोर्ड, अम्बिकापुर को दिए है। उन्होंने जिले में खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति एवं लैम्पस द्वारा संचालित वे दुकानें जो शासन के नियमानुसार कार्य नहीं कर रही है, उन्हें निरस्त कर अन्य पात्र संस्था को आबंटित करने के निर्देश दिए। अम्बिकापुर (शहरी) क्षेत्र के खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति द्वारा संचालित शार्टेज वाली दुकानों को एक महीने के भीतर कार्यवाही कर हटाने हेतु निर्देशित किया है।

---

# कलेक्टर ने विद्यार्थियों के साथ भोजन कर दिए प्रेरणादायी संदेश

**मुंगेली/नवप्रदेश।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला फास्टरपुर में पारंपरिक 'न्योता भोज' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ पंक्तिबद्ध बैठकर भोजन किया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों का स्वागत किया।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी छत्तीसगढ़ का भविष्य हैं। यदि सफलता के लिए सच्चा जुनून हो, तो सीमित संसाधन भी बाधा नहीं बनते। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरी लगन और मेहनत से अध्ययन करने, सुरक्षित वाहन चलाने, हेलमेट का उपयोग करने तथा माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने का संदेश दिया। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इसी विद्यालय का एक पूर्व छात्र आज जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत है, जो यह दर्शाता है कि ग्रामीण परिवेश से भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने का लक्ष्य रखने का आह्वान किया। विद्यालय की प्राचार्य पूर्णिमा मिश्रा ने बताया कि 'न्योता भोज' का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाईचारा, सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना विकसित करना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय पिछले 55 वर्षों से संचालित है, जहां वर्तमान में 775 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और सभी को नियमित रूप से मध्यान्ह भोजन की सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि शिक्षा सत्र 2025-26 में विद्यालय की मरम्मत, रंगाई-पुताई, किचन शेड़ निर्माण, स्टाफ रूम तथा पेयजल व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न किए गए हैं। 'मिशन 90 प्लस' के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं एवं शैक्षणिक गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक रामभजन देवांगन का सम्मान किया गया। साथ ही शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

---

### कलेक्टर ने धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा

**मुंगेली/नवप्रदेश।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी व सुचारू बनाने कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मनियारी सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने टोकन व्यवस्था, धान उठाव, रकबा समर्पण, अवैध परिवहन और निगरानी तंत्र की विस्तृत समीक्षा करते हुए सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित कर सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को कोचियों व बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उडनदस्ता दलों को सक्रिय रखते हुए खुड़िया, छपरवा एवं एटीआर क्षेत्र में विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए।

---

# विश्व मृदा दिवस पर नवोदय व एआइएवी बंधवा में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**मुंगेली/नवप्रदेश।** विश्व मृदा दिवस के अवसर पर जिले के पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय ग्राम दाबों एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ग्राम बंधवा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यार्थियों द्वारा मृदा से बनी रंगोली तथा विविध सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत दी। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए रंगोली, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने समूह सहयोग से आकर्षक रंगोली बनाकर मृदा संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मिट्टी संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, पोषक तत्वों की कमी और संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान जिले के वरिष्ठ मृदा परीक्षण अधिकारी श्री मनहरण कुर्रे ने विद्यार्थियों को मृदा दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि मृदा में पोषक तत्वों की कमी लगातार बढ़ रही है, ऐसे में इसके संरक्षण को लेकर जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेली के वैज्ञानिक डॉ. एसके लहरे ने विद्यार्थियों को फसलों में रासायनिक खादों के संतुलित उपयोग, जैविक उर्वरकों, मानव स्वास्थ्य पर मृदा गुणवत्ता का प्रभाव तथा पोषक तत्वों के संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

---

# मुंगेली अधिवक्ता संघ का 45 सदस्यीय दल उड़ीसा धार्मिक यात्रा पर रवाना

**मुंगेली/नवप्रदेश।** जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजमन सिंह के मार्गदर्शन में संघ का 45 सदस्यीय दल उड़ीसा के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा पर रवाना हुआ। यात्रा दल में उपाध्यक्ष आकुम गेंदले सचिव राजेंद्र चंद्रवंशी, वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र छाबड़ा, प्रकाश गंधर्व, प्रदीप हरवंश के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्तागण शामिल हुए। दल ने पुरी स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर, साक्षीगोपाल, भुवनेश्वर के लिंगराज महादेव तथा विश्वप्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर में विधिवत दर्शन कर प्रदेश, समाज और न्याय व्यवस्था की उन्नति के लिए प्रार्थना की। दर्शन उपरांत सभी सदस्य पुरी समुद्र तट और चंद्रभागा बीच पहुँचे, जहाँ समुद्र स्नान कर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र छाबड़ा ने कहा कि उड़ीसा यात्रा ने हमें आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध किया है। उपाध्यक्ष आकुम गेंदले ने कहा कि मुंगेली अधिवक्ता संघ की यह उड़ीसा यात्रा केवल धार्मिक प्रवास नहीं, बल्कि आत्मिक शांति, एकता और ज्ञान का अनुपम संगम रही। संघ भविष्य में भी ऐसे सार्थक आयोजनों से संगठनात्मक मजबूती को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा। संघ के सचिव राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि अधिवक्ता संघ सदैव संगठन की एकता और सामूहिक ऊर्जा को मजबूत करने वाले आयोजन करता रहा है। इस बार 45 सदस्यों की सहभागिता संघ की शक्ति और अनुशासन का प्रतीक है। भगवान जगन्नाथ से हमने न्याय, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर अडिग रहने का संकल्प लिया है। आगे भी ऐसे उपयोगी कार्यक्रम जारी रहेंगे। अधिवक्ता प्रकाश गंधर्व ने कहा कि कोणार्क सूर्य मंदिर और लिंगराज महादेव जैसे प्राचीन धरोहरों ने हमारी संस्कृति की महानता का पुनः बोध कराया। इस यात्रा में सनत पौराणिक, अभय शुक्ला, आकुम गेंदले, जीवन बंजारा, अजय कश्यप, उभय टंडन, ज्ञानेश्वर वेंतल, कबीरपंथी डाहिरें, कौशल साहू, मारूत सिंह, गौतम जैन, पाल सिंह, सुरेंद्र, संतोष ठाकुर, निमेष पटेल, रामकुमार साहू, मोहित घृतलहरे, जयकुमार डहरिया, तुला राम बंजारा, नेमचंद साहू, यमुना सोनकर, जितेंद्र जांगड़े सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता सम्मिलित रहे।

---

**बैठक** | **श्रेणी-सी प्रविष्टियों के सत्यापन को प्राथमिकता, बीएलओ को समयबद्ध कार्य के निर्देश**

# कलेक्टर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक ली

**मुंगेली/नवप्रदेश।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिले के सभी ईआरओ, एईआरओ एवं सेक्टर अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों से तीनों विकासखण्डों में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में ए,बी,सी कैटेगरी के मतदाताओं की स्थिति, प्रगति और चुनौतियों पर विकासखण्डवार जानकारी ली। विशेष रूप से कैटेगरी सी से संबंधित प्रविष्टियों पर अधिक ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओं टीमों के माध्यम से कैटेगरी सी के मतदाताओं का सत्यापन प्राथमिकता में करते हुए एसआईआर अभियान को समयबद्ध और त्रुटिरहित रूप से पूर्ण किया जाए।

किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए घर-घर सत्यापन, भौतिक मिलान, मृत, स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान, और पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने का कार्य पूर्ण पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ किया जाएं। कलेक्टर ने कहा ÷मतदाता सूची की शुद्धता लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है।

प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे।÷ कलेक्टर ने बीएलओं द्वारा मतदाताओं के नाम के सूची में जोड़ने हेतु फॉर्म 06 कलेक्शन कर आपलोड़ करने, श्रेणी सी के मतदाओं का सत्यापन, डीएसई के मतदाताओं को बीएलओं के माध्यम से वैरीफाई करने और गणनापत्रक को आपलोड़ करने आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही मतदान केंद्रवार सूची का मिलान, दावा-आपत्ति निराकरण की जानकारी ली। साथ ही, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीनतम दिशा-निर्देशों से सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज, एसडीएम पथरिया रेखा चंद्रा, एसडीएम लोरमी अजीत पुजारी सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

---

# नवोदय कोचिंग सेंटर में छात्रों के लिए आशीर्वाद समारोह आयोजित

**मुंगेली/नवप्रदेश।** नवोदय कोचिंग सेंटर में बच्चों के लिए आशीर्वाद समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी अभिभावकों ने नवोदय कोचिंग सेंटर में आकर सभी बच्चों को नवोदय परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं सुझाव दिए। नवोदय कोचिंग के संचालक कृष्णचंद्र ताम्रकार द्वारा परीक्षा में कैसे सफलता प्राप्त करें, इनका मूल मंत्र बताया गया। सभी बच्चों को शुभकामनाएं एवं बधाई दिए।

न्यूज गैलरी

## शराब न पिलाएंगे न बेचेंगे ढाबों में शराब बिक्री पर सख्ती, दिलाई शपथ

**मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश।** कोतवाली थाना मनेन्द्रगढ़ में सोमवार को थाना प्रभारी दीपेश सैनी ने क्षेत्र के सभी ढाबा संचालकों की बैठक ली। बैठक में ढाबों में हो रही अवैध शराब बिक्री और पिलाने की बढ़ती शिकायतों पर गंभीरता से चर्चा की गई। थाना प्रभारी दीपेश सैनी ने बताया कि– 'लगातार ढाबों पर शराब बेचने और पिलाने की शिकायतें मिल रही थीं। इस पर पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के निर्देशानुसार ढाबा संचालकों को बुलाकर कड़ी समझाइश दी गई है। सभी संचालकों ने यह शपथ ली है कि वे अपने ढाबों पर किसी प्रकार की शराब न बेचेंगे और न ही पिलाएंगे। आगे यदि ऐसी कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। 'पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## ट्रायसाइकिल ने बदली जिंदगी: दिव्यांग राम भरोस बने आत्मनिर्भर

**एमसीबी/नवप्रदेश।** मनेंद्रगढ़ विकासखंड के वार्ड नंबर 10, खोंगापानी निवासी राम भरोस वर्मा के जीवन में समाज कल्याण विभाग की निःशुल्क सहायक उपकरण योजना नई रोशनी बनकर आई है। जन्म से दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने संघर्ष, आत्मविश्वास और हिम्मत को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। गतिशीलता उनकी सबसे बड़ी जरूरत थी, और विभाग द्वारा निःशुल्क ट्रायसायकल उपलब्ध कराए जाने की जानकारी उनके लिए उम्मीद की किरण बन गई। निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद जब उन्हें ट्रायसायकल मिली, तो उनके चेहरे पर खुशी और आत्मनिर्भरता की चमक साफ नजर आई। आज वे न केवल आसानी से आवागमन कर पा रहे हैं, बल्कि अपने दैनिक कार्य भी स्वयं पूरा कर रहे हैं। समाज कल्याण विभाग की यह पहल दिव्यांग जनों के लिए सशक्तिकरण का माध्यम बन रही है। राम भरोस वर्मा की प्रेरक कहानी साबित करती है कि सही सहयोग और मजबूत इच्छाशक्ति हो तो कोई भी बाधा जीवन की रफ्तार नहीं रोक सकती।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

# राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ बैठक की हुई शुरुआत, अधिकारियों ने किया सामूहिक गायन

***एसआईआर, धान खरीदी व शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की हुई समीक्षा**

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुई, समस्त अधिकारियों ने सामूहिक गायन किया। कलेक्टर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली समय सीमा की बैठक में इसी प्रकार राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन किया जाएगा। समय सीमा की बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर ने एसआईआर कार्य के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि 11 दिसम्बर तक गणना प्रपत्रों के कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन के शत-प्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण किया जाना है, इसलिए प्राथमिकता के साथ गम्भीरतापूर्ण ढंग से कार्य किए जाएं। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान अनेक पंजीकृत किसानों के खसरा नंबर एग्रीस्टैक पोर्टल से नहीं जुड़े होने के कारण किसानों को धान विक्रय में समस्या हो रही है।

इसलिए अधिकारी जल्द से जल्द एग्रीस्टैक पोर्टल पर दर्ज कराने कृषकों को प्रेरित करें, सभी धान खरीदी केंद्रों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराएं, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, अधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करें। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को टोकन कटवाने में किसी प्रकार की समस्या ना हो। खरीदी सुचारू, पारदर्शी तथा समयबद्ध रूप से संचालित रहे। उन्होंने धान खरीदी से संबंधित सभी अधिकारियों को खरीदी केंद्रों के नियमित निरीक्षण हेतु निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को कहा कि बच्चों को मिड डे मील में गुणवत्तायुक्त पौष्टिक भोजन दिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान पीएम आवास योजना के प्रगति, कलेक्टर जनदर्शन, जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल आदि पर विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, राम सिंह ठाकुर, अमृत लाल ध्रुव, नगर निगम कमिश्नर डी एन कश्यप एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सरस्वती साइकिल योजना : बच्चों को किया गया साइकिल वितरित

**जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बम्हनीडीह में दिनांक 09.12.2025 को सरस्वती साइकल योजना के अंतर्गत कक्षा - 9 वीं हिंदी माध्यम के 41 छात्राओं तथा अंग्रेजी माध्यम के 17 छात्राओं को साइकल वितरित किया गया। सरस्वती साइकिल योजना एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजातिऔर अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राओं को निशुल्क साइकिल प्रदान करना है। यह योजना छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई है और इसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को घर से विद्यालय तक आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है, ताकि उनकी शिक्षा नियमित और सुगम हो सके।योजना के तहत पात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिल प्रदान की जाएगी। इससे बालिकाओं को पढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और असुविधा के चलते पढ़ाई अधूरी छोड़ने की दर में कमी आएगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य - बजरंग श्रीवास , तहसीलदार - अविनाश चौहान,अंग्रेजी माध्यम अध्यक्ष - प्रदीप सराफ, हिंदी माध्यम अध्यक्ष- आनंद अग्रवाल एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जमा राशि को उनके वास्तविक हकदारों तक पहुंचाने डीईएएफ क्लेम सेटलमेंट कैंप आयोजित

**एमसीबी/नवप्रदेश।** वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों और अनक्लेम्ड जमा राशि को उनके वास्तविक हकदारों तक पहुंचाने के लिए वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार के निर्देश पर एलडीएम सेल द्वारा 12 दिसंबर को जनपद पंचायत सभाकक्ष में विशेष डीईएएफ क्लेम सेटलमेंट कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस एक दिवसीय शिविर में निष्क्रिय खातों का पुनर्सक्रियण, भूली-बिसरी जमा राशि का निपटान, लंबित दावों का सत्यापन तथा मौके पर त्वरित समाधान उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार की प्राथमिकता डीईएएफ फंड में अटकी पूंजी को सीधे नागरिकों तक पहुंचाना है, और यह कैंप आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एलडीएम सेल ने बैंक ग्राहकों से अपील की है कि वे अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर अपनी जमा राशि पर अधिकार सुनिश्चित करें। कैंप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

## वन विभाग की अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश।** जिला कांग्रेस कमेटी एम सी बी के द्वारा 9 दिसंबर को वन विभाग की अनियमितताओं के विरोध में विशालरैली निकाली रैली में सैंकड़ो कार्यकर्ताओं, पदाधिकारि नें नारेबाजी करते हुए वन विभाग की कथित अनियमितताओं, अवैध कटाई-तस्करी और बैगा परिवारों पर अत्याचार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की झड़प भी हुई, किंतु कार्यक्रम जारी रहा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने बैगा परिवारों के घर तोड़े जाने को मानवाधिकारों का उल्लंघन बताते हुए भाजपा नेताओं पर भ्रष्ट डीएफओ को संरक्षण देने का आरोप लगाया। पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने अवैध कटाई-तस्करी को गंभीर समस्या बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे और कांग्रेस प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने वन विभाग को निरंकुश बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। जिला महामंत्री राजकुमार केसरवानी ने विभिन्न योजनाओं में वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया।

## विधानसभा सत्र दौरान अवकाश पर प्रतिबंध

**बलरामपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधानसभा का सप्तम सत्र 14 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2025 तक आहूत किया है। इस संबंध में कलेक्टर के द्वारा 24 दिसम्बर 2025 तक विधानसभा सत्र के दौरान जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया है। विधानसभा सत्र अवधि के दौरान समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय/मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करेंगे।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, दुर्ग (छ.ग.)

पता- नया बस स्टैण्ड के पीछे, दुर्ग
फोन & फैक्स नम्बर-0788-2322148
Email ID-durgmc2017@gmail.com

**-: निविदा सूचना :-**

क्रमांक /617/रा.वि. (बा.) / 2025 — दुर्ग, दिनांक 08/12/25

नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत निगम के आधिपत्य में स्थित नवीन हाईजेनिक मछली दुकानों (नजूल शीट क्र. 92 भूखण्ड क्र. 4/1 में 64235 वर्गफीट) का आबंटन राइट ऑफ आक्यूपेशन हक पर देने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन आफँर स्पीड पोस्ट के द्वारा दिनांक 22/12/2025 अपरांह 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा निर्धारित दिनांक व समय तक कार्यालय में भेजा जा सकता है। निविदा सीधे कार्यालय में नही लिया जावेगा। निविदा दिनांक 23/12/25 के शाम 5.00 बजे आमंत्रित आफॅरकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र. | व्यवसायिक परिसर का नाम | दुकान क्रमांक | दुकान का आकार वर्गफीट | प्रतिभूति राशि | अमानत राशि प्रति दुकान | लीज अवधि | मासिक किराया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गर्ल्स कालेज रोड वन विभाग कार्यालय के पास निर्मित नवीन हाईजेनिक मछली मार्केट | थोक दुकान क्रमांक 02 से 16 (कुल 15 दुकाने) | 20.8 X 10.9 = 216.72 प्रति दुकान | 2,00,000/- | 20,000/- | 15 वर्ष | प्रीमियम राशि का 2% मासिक किराया निर्धारित किया जायेगा। (प्रति दुकान) |
| | | फुटकर (चिल्हर) दुकान क्रमांक 02 से 56 (कुल 55 दुकाने) | 08.7 X 7.9 = 68.73 एवं 8 X 7.9 = 63.2 प्रति दुकान | 25,000/- | 25,00/- | | |

1. नियम व शर्ते बाजार विभाग (डिपो कार्यालय) नगर पालिक निगम दुर्ग में कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखी जा सकती है एवं नगर निगम की वेबसाइट http://municipalcorporationdurg.in/tandor.html से डाउनलोड किया जा सकता है।
2. ऑफर प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा 03 लिफाफा पद्धति में प्रस्तुत करना होगा। लिफाफा "अ" में अमानत राशि के रूप में डी.डी. एवं अन्य वाछिंत दस्तावेज की छायाप्रति, लिफाफा "ब" में निविदा प्रपत्र की प्रति तथा लिफाफा 'स' में लिफाफा "अ" एंव "ब" को डालना होगा।
4. निविदा प्रपत्र मूल्य 300/- रू0 निर्धारित है।

**-: नवीन हाईजेनिक मछली बाजार में निर्मित दुकानो का आबंटन की नियम एवं शर्ते :-**

01. मछली बाजार में 16 थोक दुकानें निर्मित है। जिसमें से दुकान क्रमांक 01 मत्स्य महासंघ दुर्ग के लिये आरक्षित है। शेष 15 थोक दुकानों का आबंटन किया जाना है। इसी प्रकार 56 फुटकर दुकानें निर्मित है। जिसमें से दुकान क्रमांक 01 जिले के मत्स्य कृषको द्वारा स्वयं मछली विक्रय करने हेतु आरक्षित है, शेष 55 फुटकर दुकानों का आबंटन किया जाना है।
02. मछली बाजार में थोक एवं फुटकर दुकानों हेतु निर्धारित प्रतिभूति राशि से अधिक की निविदा मान्य होगी। जिसे दुकान आबंटन के पश्चात् 01 माह के भीतर प्रतिभूति राशि जमा कराकर अनुबंध / पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
03. मछली बाजार में आबंटित दुकानों एवं भवन पर स्वामित्व नगर पालिक निगम, दुर्ग का रहेगा। आबंटिति को दुकान में स्वामित्व का अधिकार प्राप्त नही होगा। उसे दुकान में केवल मछली व्यवसाय का अधिकार रहेगा। दुकान को किसी भी प्रकार से अन्य को हस्तांतरण नही करेगा। एवं अन्य व्यवसाय नही करेगा, आबंटिति कानून प्रतिबंधित कोई भी कार्य अथवा व्यापार नही करेगा।
04. यह कि, लीज की अवधि 15 वर्ष की होगी। लीज अवधि समाप्त होने पर किरायेदारी पट्टे का पुनः 15 वर्षो के लिए नवीनीकरण किया जा सकेगा। परंतु तत्समय प्रचलित मासिक किराया में समयानुसार वृद्धि की जावेगी। जो कि पक्षकार न. 02 को मान्य होगा।
05. यह कि, पक्षकार न. 1 (आयुक्त नगर पालिक निगम, दुर्ग) को भूतल के उपर भवन निर्माण करने एवं निर्मित भवन को किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किराये पर अथवा अन्य किसी भी हक में कब्जा देने अथवा स्वतः उपयोग में रखने का अधिभार रहेगा।
06. यह कि, छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र क्र./एफ 5-31/2015/18 नया रायपुर दिनांक 30 जनवरी 2017 के अनुसार किराये पर प्रति 03 वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर 5% चकवृद्धि क्रम में ब्याज की दर से मासिक किराया देय होगा।
07. यह कि, दुकान में विद्युत मीटर फिटिंग कराने का भार पक्षकार न. 02 पर रहेगा। इसके लिए पक्षकार न. 01 उत्तरदायी नही रहेगा। बिजली बिल व अन्य रकम जो विधुत विभाग को देय होगा, पक्षकार न. 02 नियमित रूप से अदा करेगा। विधुत कनेक्शन हेतु नगर निगम, दुर्ग से विद्युत अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा ।
08. आबंटिती को किराये की दुकान को आवास या गोदाम के रूप में उपयोग में लाने का अधिकार नही होगा।
09. आबंटित दुकान के बाहर बरामदा / सड़क पर सामान नही रखेगा, तथा आवागमन में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नही करेगा।
10. दुकान का आबंटन आबंटिति के पक्ष में उनके स्वयं के नाम पर नामजाद व्यवसाय के लिये किया गया है। उन्हे उक्त दुकान पर उप किरायेदार बनाने का अधिकार नही रहेगा।
11. आबंटिति को किराये के दुकान में किसी भी प्रकार का रूपांतरण करने का अधिकार नही होगा। किसी भी प्रकार का रूपांतरण आबंटिति के द्वारा किये जाने पर अनुबंध / पंजीयन समाप्त कर दुकान से बेदखल कर दिया जायेगा।
12. दुकान में बिजली पंखा एवं नल का मरम्मत कार्य आबंटिति को स्वयं के व्यय से मरम्मत कराना होगा।
13. आबंटिति को आबंटित दुकान में रंगाई पोताई करने का अधिकार रहेगा।
14. आबंटिति को प्रत्येक माह दुकान का निर्धारित मासिक किराया अग्रिम में प्रतिमाह 01 से 10 तारीख के बीच जमा करना होगा। आबंटिती के द्वारा जमा नही कराया गया तो आबंटिती एवं आबंटनकर्ता के मध्य हुआ अनुबंध स्वमेव निरस्त माना जावेगा, एवं किराये की राशि आबंटिती द्वारा जमा प्रतिभूति राशि में समायोजित की जावेगी।
15. आबंटिती को दुकान पर देय मासिक किराया के साथ ही नगर निगम, दुर्ग के सफाईकर, सामान्य जलकर, प्रकाश कर एवं अन्य कर नियमानुसार जमा करना होगा।
16. आबंटिति को आबंटन अवधि में नगर पालिक निगम, दुर्ग के नियमो का पालन करना होगा।
17. अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन करने पा तत्काल प्रभाव से पंजीयन समाप्त किया जा सकेगा।
18. समय-समय पर नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा प्रसारित आदेश को किरायेदार मानने के लिये बाध्य होगा।
19. आबंटिती दुकान एवं आसपास स्वच्छता का पूरा ध्यान रखेगा।
20. आवश्यकतानुसार, अनुबंध की शर्तो में परिवर्तन नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा किया जावेगा। जो आबंटिती को मान्य करना होगा।
21. किसी भी प्रकार के शर्तो में संशोधन एवं विवाद होने की स्थिति में अंतिम निर्णय आयुक्त, नगर पालिक निगम, दुर्ग का मान्य होगा।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, दुर्ग**

## जिपं सीईओ ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**एमसीबी/नवप्रदेश।** अमृतधारा स्थित जिला संसाधन केंद्र सभागार में जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सभी निर्माण एवं विकास कार्यों की धरातली स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जियो टैगिंग समय पर अपडेट हो, स्थल चयन में भू-सत्यापन अनिवार्य किया जाए और विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण न किया जाए।

प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना की पंचायतवार समीक्षा करते हुए सीईओ ने कहा कि गुणवत्ता और निर्धारित समय सीमा योजनाओं की सफलता का आधार हैं। उन्होंने आवास राशि लेकर निर्माण न करने वाले हितग्राहियों पर वसूली की कार्रवाई के निर्देश भी दिए। मनरेगा अंतर्गत अमृत सरोवर, आजीविका डबरी, आंगनबाड़ी भवन, मजदूरों का समयबद्ध भुगतान, जल संरक्षण व कृषि आधारित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

सीईओ ने लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण कराने व युक्तिधारा पोर्टल पर समय पर अपडेट सुनिश्चित करने को कहा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक व फिकल स्लज प्लांट के संचालन की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि हर विकास योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को लाभ पहुंचाना है और अधिकारी जिम्मेदारी से कार्य करें।

## उप मुख्यमंत्री साव का मंत्री निवास लखनपुर में भव्य स्वागत

**लखनपुर/नवप्रदेश।** सरगुजा प्रवास के दौरान सोमवार को लखनपुर पहुंचे उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरुण साव का पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के नीज निवास लखनपुर में मंडल के तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।

दरअसल नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव एक बैठक में शामिल होने अम्बिकापुर गये हुये थे रायपुर वापसी के दौरान लखनपुर में मंत्री अग्रवाल के निवास पर कुछ पलों के लिए रुककर कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात किया। इस मौके पर भरत सिंह सिसो दिया जिला पंचायत सभा पति विजय अग्रवाल, रवि अग्रवाल राकेश अग्रवाल, राजेंद्र जायसवाल, नीरज अग्रवाल यतेन्द्र पांडेय, सुरेन्द्र साहू, दिनेश बारी सचिन अग्रवाल सौरभ अग्रवाल राहुल अग्रवाल पसिन्दर राजवाड़े,लक्ष्मण साहू, तबरेज आलम सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार **सरल क्र. 01 से 07 हेतु दिनांक 22.12.2025** एवं **सरल क्र. 08** हेतु 29.12.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ. सू./ क्र. दिनां क | कार्य का नाम | लागत (लाख मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | 437 | खरसिया उपसंभाग अंतर्गत रजघट्टा पहुँच मार्ग, छोटे जामपाली-बरभौना मार्ग एवं कुकरीझरिया पहुँच मार्ग में विशेष मरम्मत का कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग। मद संख्या 24-5054-4090** | 101.00 |
| 2 | 438 | जिला रायगढ़ अंतर्गत वि.ख. तमनार ग्राम पंचायत सामारूमा में हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग, रायगढ़। मद संख्या- 8443 जमा मद** | 67.25 |
| 3 | 439 | जिला रायगढ़ अंतर्गत वि.ख. तमनार ग्राम पंचायत महलोई में शा.उ.मा. भवन निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग, रायगढ़। मद संख्या- 8443 जमा मद** | 67.25 |
| 4 | 440 | जिला रायगढ़ अंतर्गत वि.ख. रायगढ़ ग्राम पंचायत रेगड़ा में हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग। मद संख्या- 8443 जमा मद** | 67.25 |
| 5 | 441 | जिला रायगढ़ अंतर्गत वि.ख. तमनार ग्राम पंचायत दक्षिण रेगांव में हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग, रायगढ़। मद संख्या- 8443 जमा** | 67.25 |
| 6 | 442 | जिला रायगढ़ अंतर्गत वि.ख. पुसौर ग्राम पंचायत जिवरी में हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग, रायगढ़। मद संख्या- 8443 जमा मद** | 67.25 |
| 7 | 443 | जिला रायगढ़ अंतर्गत वि.ख. रायगढ़ ग्राम पंचायत सपनई में हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग। मद संख्या- 8443 जमा मद** | 67.25 |
| 8 | 444 | शासकीय डॉ ज्वाला प्रसाद मिश्र स्नाकोत्तर महाविद्यालय में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग मुंगेली। मद संख्या- 8443 जमा मद** | 31.90 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

जी-252605310/3

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

# नव वर्ष से सभी शासकीय कार्यालयों में बायोमेट्रिक अटेन्डेन्स अनिवार्य

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में की योजनाओं की समीक्षा, सेलरी से जुड़ा रहेगा सिस्टम, विलम्ब या अनुपस्थित रहने पर कटेगी सैलरी

*बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट कार्यालय सहित सभी विभागीय कार्यालयों में आगामी 1 जनवरी से बायोमेट्रिक अटेन्टेन्स सिस्टम लागू होगा। ये सिस्टम सेलरी से जुड़ा रहेगा। कार्यालय पहुंचने में विलम्ब अथवा अनुपस्थित रहने पर आनुपातिक रूप से तनख्वाह की अपने आप कटौती हो जायेगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक टीएल बैठक में आज इसकी जानकारी देते हुए अधिकारियों को इसकी तैयारी के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्रालय में यह व्यवस्था सफलता पूर्वक लांच करने के बाद जिलों में भी 1 जनवरी से इसे प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।*

कलेक्टर ने कहा कि मोबाईल फोन पर आधारित एप्प के जरिए बायोमेट्रिक उपस्थिति ली जायेगी। कार्यालय अथवा इसके 100 मीटर की परिधि में यह एप्प क्रियाशील रहेगा। अपने घर अथवा अन्यत्र कहीं से भी अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अटैन्डेंस नहीं किया जा सकेगा। आमतौर पर शासकीय कर्मियों के निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने की शिकायत होती रहती है। इस नयी व्यवस्था से लोगों के समय पर पहुंचने और पारदर्शिता पूर्ण तरीके से कामकाज का निबटारा होगा। शाम को वापसी के दौरान भी उपस्थिति दर्ज कराना होगा। कलेक्टर ने बैठक में धान खरीदी की प्रगति की भी समीक्षा की। जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को अपने प्रभार के खरीदी केन्द्रों का लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारीकी से खरीदे गये स्टेकिंग का सत्यापन किया जाये। छापामार शैली में अचानक पहुंचकर देखा जाए। बारदाना की उपलब्धता भी देखें। खरीदे गये धान और केन्द्र में इसके उपलब्धता एवं मिलान होना चाहिए। संपूर्ण प्रक्रिया में किसानों को किसी भी स्तर पर दिक्कत नहीं आने देना चाहिए। कलेक्टर ने अवैध उत्खनन के विरूद्ध कार्रवाई और तेजी से करने को कहा है। वनक्षेत्र में यदि अवैध खनन की रिपोटिंग होती है तो वन विभाग कठोर कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि अनुकम्पा नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए राज्य सरकार ने समय-सीमा निर्धारित की है। इस सीमा में कार्रवाई पूर्ण करें अन्यथा जिला स्तरीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। बैठक में कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर बिजली योजना, सांसद खेल महोत्सव और यूथ फेस्टिवल की तैयारी की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अगव्राल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कोयला व राखड़ परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर ने पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले कोयला एवं राखड़ का परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने कहा है। कोई भी वाहन यदि बिना तिरपाल ढके राखड़ एवं कोयले का परिवहन करे तो आरटीओ एवं पर्यावरण विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। कलेक्टर ने बंद हो चुकी शासकीय योजनाओं के बैंक खातों को बंद कर एक सप्ताह में इसमें जमा राशि को शासन के खजाने में जमा कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने गोधाम योजना की समीक्षा करते हुए और ज्यादा संख्या में गोधाम खोलने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने को कहा है। कलेक्टर ने एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को पढ़ाई जारी रखने के लिए दी जाने वाली छात्रवृत्ति वितरण की भी समीक्षा की।

## न्यूज गैलरी

### स्पाइन सर्जरी की तैयारी के लिए समन्वय बैठक कल

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** स्पाईन सर्जरी की तैयारी के लिए 11 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे कोनी स्थित स्व. दिलीप सिंह जूदेव स्मृति सुपर स्पेश्यालिटी अस्पताल में समन्वय बैठक आयोजित की गई है। मालूम हो कि स्पाईन फाउण्डेशन ऑफ इण्डिया एवं सुपर स्पेश्यालिटी अस्पताल के बीच स्पाईन रोगों के इलाज में सहयोग के लिए अनुबंध हुआ है, जिसके अनुसार प्रति वर्ष 3-4 माह की अवधि में स्पाईन रोगों से पीड़ित आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्र के रोगियों के लिए विशेष उपचार शिविर का आयोजन प्रस्तावित किया गया है। इसमें संस्थान के विश्व प्रसिद्ध स्पाईन सर्जन डॉ. शेखर भोजराज के मार्गदर्शन में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम शल्य क्रिया करेंगे। इस उपचार एवं शल्यक्रिया में सिम्स बिलासपुर के अस्थि रोग विभाग की सक्रिय भागीदारी रहेगी। स्पाईन फाउण्डेशन के चिकित्सकों से मोबाईल अथवा दूरसंचार माध्यमों से परामर्श प्राप्त कर उपचार एवं शल्य क्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश के अनुसार आगे की कार्यवाही की जायेगी। स्पाईन फाउण्डेशन के साथ किया गया अनुबंध पूर्णतः सामाजिक सरोकार एवं जनहितकारी उद्देश्यों से प्रेरित है जो आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण अंचल के पीड़ितों के लिए लाभकारी साबित होगा।

### हाईकोर्ट की कम्प्यूटरीकरण समिति व राज्य न्यायिक अकादमी ने किया कार्यक्रम आयोजित

# आज की न्यायिक व्यवस्था में प्रौद्योगिकी की भूमिका महत्वपूर्णः चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* हाईकोर्ट की कंप्यूटरीकरण समिति तथा छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा आज व्यवहार न्यायाधीश जूनियर डिवीजन बैच-2024 को लैपटॉप वितरण हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी ने की तथा नव नियुक्त न्यायिक अधिकारियों को लैपटॉप का औपचारिक वितरण किया।

न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि वर्तमान समय में तीव्र डिजिटल परिवर्तन के दौर में प्रत्येक न्यायिक अधिकारी के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों, ई-संसाधनों एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग में दक्ष होना अत्यावश्यक है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आज की न्यायिक व्यवस्था में प्रौद्योगिकी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। डिजिटल केस प्रबंधन, वर्चुअल सुनवाई, ऑनलाइन शोध मंच तथा कागजरहित न्यायालय जैसी प्रणालियाँ अब मुख्यधारा का हिस्सा बन चुकी हैं। न्यायिक सेवा के प्रारंभ में ही प्रशिक्षु न्यायाधीशों को लैपटॉप उपलब्ध कराना न्यायपालिका की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वे न्यायिक अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी तथा जन-अनुकूल न्याय वितरण हेतु आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित करना चाहती है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने प्रशिक्षु न्यायाधीशों को सलाह दी कि वे इन उपकरणों का उपयोग प्रभावी रूप से विधिक अनुसंधान, निर्णय लेखन, केस प्रबंधन तथा ज्ञान के निरंतर उन्नयन के लिए करें। उन्होंने नैतिक डिजिटल आचरण, डेटा सुरक्षा तथा आधिकारिक ई-प्लेटफॉर्म के उचित उपयोग के महत्व पर भी विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार जनरल सहित उच्च न्यायालय के अन्य रजिस्ट्री अधिकारियों ने भी सहभागिता की।

### न्यायधीशों को लैपटॉप वितरित

न्यायधीशों को लैपटॉप का वितरण एक सार्थक पहल के रूप में न्यायिक दक्षता में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डिजिटल परिवर्तन के इस युग में यह पहल न्यायिक अधिकारियों के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों, ई-संसाधनों और डिजिटल प्लेटफॉर्म में प्रवीण होने की अनिवार्यता को रेखांकित करती है, जिससे उनका दैनिक न्यायिक कार्य अधिक प्रभावी बन सके।

## रतनपुर महाविद्यालय के खिलाफ एनएसयूआई ने किया धरना-प्रदर्शन

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** सेमेस्टर सिस्टम बंद करने महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के खिलाफ आंदोलन किया गया जिनमें प्रति सेमेस्टर छात्रों को आधिक ज्यादा परीक्षा शुल्क लिया जा रहा है जिनमे 1 साल में 2 बार परीक्षा शुल्क दिया जाता है महाविद्यालय में सभी मीडिल क्लास फैमिली से आते जो बार बार परीक्षा शुल्क देने में असमर्थ है और अगर वह अपने से किताबे भी ख़रीद लेता है तो 6 महीने के पश्चात ओ किताबे कोई काम का नई रहेगा और छात्रो को सेमेस्टर के चलते क्लासेस की पढ़ाई में दिक्कत आ रही है। लैब्रेली में नई शिक्षा नीति की किताब अब तक आई नई जिनमे नेतृत्व छात्र नेता अविनाश श्रीवास (अवि) ने कहा की हमारी मांगे पूरी नहीं होती तो हम विश्वविद्यालय में अपना आंदोलन एनएसयूआई के द्वारा पहुँचा जाएगा। इस आंदोलन में मुख्य रूप से उपस्थित छात्र नेता आशीष केवट, प्रियांशु श्रीवास, राहुल कश्यप, अरविंद खलखो, राहुल श्रीवास, आदित्य धीरेंद्, अभय गुलशन,आकाश, चंद्रशेखर,रामू साहू, आयुषी तंबोली, सिद्धी शर्मा, नम्रता राजपूत, मनीषा, पूर्णिमा उपस्थित थे।

# ब्राह्मण समाज के लोग नौकरी के पीछे ना भागे बल्कि आत्मनिर्भर बनेंः सुशांत

**■ ब्राह्मण युवक-युवती वैवाहिक परिचय महासम्मेलन आयोजित**

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा समस्त ब्राह्मण युवक-युवती वैवाहिक परिचय महासम्मेलन एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन सिद्धि मुस्कान भवन अशोक नगर सरकंडा में आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा, प्रवीण झा उद्योगपति एवं समाजसेवी एवं एस डी बड़गैया रिटायर वन अधिकारी उपस्थिति थे। इस कार्यक्रम के अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा की ब्राह्मण समाज व्यापार करना भी शुरू करे ताकि मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। ब्राह्मण समाज के लोग केवल सरकारी नौकरी के पीछे ना भागे बल्कि आत्म निर्भर बने और परिवार की जिम्मेदारी उठाए बेलतरा विधायक ने कहा कि ब्राह्मण युवा आयाम का कार्य अत्यंत सराहनीय है। ब्राह्मण युवा आयाम के संस्थापक एवं अध्यक्ष ज्योतिन्द्र उपाध्याय ने बताया कि ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा युवक-युवती वैवाहिक परिचय महासम्मेलन का इस बार आठवाँ वर्ष था इस वर्ष 52 जोड़ो में सहमति बनी और 400 से ज्यादा पंजीयन प्राप्त हुआ हमारे द्वारा प्रदेश स्तरीय आयोजन किया जाता है लेकिन छत्तीसगढ़ के अलावा 12 से 15 राज्य और विदेशों से भी पंजीयन आये जिससे हमारा कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर का हो गया। हमे गर्व है कि इस आयोजन को करने का सौभाग्य हमे मिलता है और हमारी बात विदेशो तक पहुँचती है। इस वर्ष कार्यक्रम में टोरंटो कनाडा, न्यूजीलैंड छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, झारखण्ड, बिहार, उत्तराखंड, दिल्ली, आदि राज्यो से आए ब्राह्मण परिवारों की उपस्थिति में ब्राह्मण महासम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सस्मिता शर्मा एवं रविन्द्र उपाध्याय ने किया।

### ब्राह्मण समाज के उद्यमियों का सम्मेलन जल्दः बड़गैय्या

प्रवीण झा ने कहा की ब्राह्मण युवा अलबम द्वारा पुण्य का कार्य किया जा रहा है। ब्राह्मण समाज के लोग स्वयं का व्यवसाय शुरु कर नौकरी देने वाले बने ना की नौकरी मांगने वाले। एस डी बड़गैया ने कहा कि आने वाले समय मे ब्राह्मण समाज के उद्धमियो का सम्मेलन किया जाएगा जिसमे समाज के पढ़े लिखे युवाओं को आगे आने प्रेरित किया जाएगा। ब्राह्मण युवा आयाम सदैव ब्राह्मण हित का कार्य करते आ रहा है जो सराहनीय है।

### छात्रावास परिसर में खेलकूद स्पर्धा आयोजित

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** विगत दिवस छात्रावास परिसर, जरहाभाठा, बिलासपुर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावासी छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित तीन दिवसीय छात्रावासी खेलकूद प्रतियोगिता - 2025 के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुआ। इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है।

## कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ियों का किया सम्मान

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला कार्यालय में नवीन पिछड़ा वर्ग बालक क्रीड़ा परिसर के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने पर नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया। कबड्डी विधा से 12 छात्र राष्ट्रीय स्तर पर एवं एथलेटिक्स से 5 छात्र, तैराकी एवं फुटबाल में 1-1 छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ये सभी 19 खिलाड़ी छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। कलेक्टर ने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, कबड्डी कोच उत्तरा कुमार चेलकर, एथलेटिक्स कोच पीजी जय कृष्णन, फुटबॉल कोच मोहन थापा, तैराकी कोच आर डी बोले, सहायक कोच शशी लहरे, छात्रावास अधीक्षक तरूण केशरवानी उपस्थित रहे।

## राज आठगढ़ स्टेशन में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य, कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

### तीसरी व चौथी लाइन कमीशनिंग का कार्य

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** अधोसंरचना विकास के अंतर्गत पूर्व तटीय रेलवे, खुर्दा रोड मंडल के राज आठगढ़ स्टेशन में तीसरी एवं चौथी लाइन कमीशनिंग हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जायेगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित कुछ गाडियाँ प्रभावित रहेगी, जिसका विवरण नीचे दिया गया है ।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां-** 11 से 19 दिसम्बर तक पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 18426 पुरी-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया खुर्दा रोड-विजयनगरम-रायगड़ा-टिटिलागढ़-लखौली होकर दुर्ग जायेगी। 11 से 19 दिसम्बर तक दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 18425 दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया लखौली-टिटिलागढ़-रायगड़ा-विजयनगरम-खुर्दा रोड होकर पुरी जायेगी। 12, 13 एवं 16 दिसम्बर को विशाखापटनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 20807 विशाखापटनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया विजयनगरम-रायगड़ा-संबलपुर-झारसुगुड़ा रोड-ईब होकर अमृतसर जायेगी। 10, 13, 14 एवं 17 दिसम्बर को अमृतसर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20808 अमृतसर-विशाखापटनम हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया ईब-झारसुगुड़ा रोड-संबलपुर-रायगड़ा-विजयनगरम होकर विशाखापटनम जायेगी ।

### बेलगहना-टेंगनमाड़ा के मध्य स्थित एलएचएस बीके-27 को बंद करने का निर्णय स्थगित

बिलासपुर मंडल के अतर्गत बेलगहना-टेंगनमाड़ा स्टेशनों के मध्य किमी 774/31-33 पर स्थित एलएचएस संख्या बीके-27 (रेल अंडरब्रिज) को पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार 10 दिसम्बर से 24 जनवरी तक सड़क मरम्मत कार्य हेतु बंद किया जाना प्रस्तावित था। इसी दौरान आसपास के गाँवों के जनप्रतिनिधियों ने रेलवे प्रशासन से आग्रह किया कि निर्धारित अवधि में अंडरब्रिज बंद होने से किसानों की धान खरीदी हेतु आवागमन गंभीर रूप से प्रभावित होगा।

## भारत स्काउट्स व गाइड्स का राज्य स्तरीय शिविर पचमढ़ी में शुरु

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, जिला संघ बिलासपुर के तत्वावधान में राज्य स्तरीय पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन पचमढ़ी में 8 से 12 दिसम्बर तक किया जा रहा है। आज 7 दिसम्बर को रेल्वे स्टेशन बिलासपुर से पिपरिया रवाना हुए शिविर में जिले से 28 स्काउट एवं 31 गाइड कुल 63 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। प्रतिभागियों के साथ प्रभारी के रूप में स्काउट मास्टर सुरेश साहू एवं राजेन्द्र कौशिक, तथा गाइड प्रभारी रश्मि तिवारी एव आराधना लिंकन सहभागिता निभाएंगे। शिविर में शामिल सभी प्रतिभागियों को राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव जितेन्द्र कुमार साहू, जिला मुख्य आयुक्त स्काउट चन्द्र प्रकाश बाजपेयी एवं जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला आयुक्त स्काउट विजय टांडे ने सफल सहभागिता हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम के अवसर पर जिला सचिव लता यादव, डीओसी स्काउट महेन्द्र बाबू टंडन, डीओसी गाइड डॉ. पूनम सिंह, डीटीसी स्काउट संतोष त्रिपाठी उपस्थित थे।

**आयोजन** 28 दिसंबर को होगा फाइनल, विजेता टीम को 2 लाख नकद पुरस्कार व ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 1 लाख नकद व ट्रॉफी दी जाएगी

# अग्रवाल प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मिनी स्टेडियम दयालबंद में 25 से

*बिलासपुर/नवप्रदेश। अग्रोहा मित्र मंडल के द्वारा 25 दिसंबर से अग्रवाल प्रीमियर लीग एपीएल 2025 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । 25 दिसंबर से 28 दिसंबर तक चलने वाले इस क्रिकेट प्रतियोगिता में अग्रवाल समाज की 8 टीम भाग लेंगी।*

अग्रवाल प्रीमियर लीग के लिए पारदर्शिता के साथ लॉटरी निकालकर एक निजी होटल में टीमों का चयन , ट्रॉफी अनावरण एवं जर्सी लॉन्च किया गया, जिसमें अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल, चतुर्भुज अग्रवाल ,सीए आनंद अग्रवाल एवं अग्रोहा मित्र मंडल के सदस्य-अनिल अग्रवाल (गुड़ाखू वाले), नितिन बेरीवाल, अमेश बुधिया, अंकुर अग्रवाल, कपिल जाजोदिया,सीए अंशुमन जाजोदिया, यशवंत सराफ, सीए मयंक अग्रवाल, विपिन जाजोदिया, विनीत मित्तल, चंदन अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, प्रत्यूष गर्ग, अभिनय अग्रवाल, डॉ आयुष अग्रवाल, वैभव जाजोदिया, आशीष जैन एवं अग्रवाल एवं समाज के सैकड़ो युवाओं की मौजूदगी में टीम के खिलाड़ियों का चयन किया गया तथा टीम के लिए जर्सी का वितरण भी किया गया।अग्रोहा मित्र मंडल आयोजन समिति ने बताया की 25 से 28 दिसंबर तक अग्रवाल प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए 8 टीमों का चयन किया गया है । प्रत्येक टीम में 12 खिलाड़ी होंगे। मिनी स्टेडियम, गांधी चौक में 25 दिसंबर की शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। प्रतिदिन चार मैच खेले जाएंगे और 28 दिसंबर को सेमी फाइनल तथा फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होगा। विजेता टीम को 2 लाख के नगद राशि तथा प्रीमियर लीग ट्रॉफी प्रदान की जाएगी तथा उपविजेता टीम को एक लाख की नगद राशि तथा एपीएल ट्रॉफी प्रदान की जाएगी ।

### प्रीमियर लीग के स्पॉन्सर

अग्रवाल प्रीमियर लीग के इस आयोजन को सफल बनाने के लिए स्पॉन्सर्स जिसमें टाइटल स्पॉन्सर फॉर्चून एलिमेंट एवं अन्य स्पॉन्सर्स पूजा सिटी,एल -एम.फार्म, अनुराग बंसल- शोभित जाजोदिया, श्री राम ज्वेलर्स, हम साथ साथ हैं ग्रुप, अजय अग्रवाल बी.टी.सी, यादवेंद्र शाह, रवि चौधरी, ललित नूनीवाल, अनिल गोयल, प्रमोद सिंघानिया, अनिरुद्ध अग्रवाल, रजत अग्रवाल, अवनी इंटरप्राइजेज, बेवरेज पार्टनर- नर्मदा ड्रिंक्स, रेडियो पार्टनर-रेडियो आरेंज , आउटडोर पार्टनर -विजय एडवरटाइजर्स, टेंट पार्टनर -अभिषेक टेंट फूड पार्टनर द साल्ट किचन, इस आयोजन के मुख्य स्पॉन्सर होंगे।

# शिमला में बर्फबारी के बाद शीतलहर तेज

### कहां कितना न्यूनतम तापमान

शिमला में न्यूनतम तापमान 9.0, सुंदरनगर 3.1, भुंतर 2.6, कल्पा 0.0, धर्मशाला 8.6, ऊना 5.7, पालमपुर 5.0, सोलन 3.8, मनाली 2.7, कांगड़ा 5.5, मंडी 4.3, बिलासपुर 4.8, हमीरपुर 3.8, कुफ्री 5.6, कुकुमसेरी -6.1, नारकंडा 3.0, भरमौर 5.0, रिकांगपिओ 2.5, बरठीं 2.4, पांवटा साहिब 10.0, सराहन 4.0, देहरा गोपीपुर 7.0, ताबो -4.4 व बजौरा में 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

शिमला। हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी के बाद शीतलहर तेज हो गई है। राज्य के 15 स्थानों पर न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया है। इनमें से तीन स्थानों पर माइनस व एक जगह शून्य डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। शिमला सहित पूरे प्रदेश में आज मौसम साफ बना हुआ है। वहीं मंडी में हल्का कोहरा दर्ज किया गया है।

### 15 स्थानों पर न्यूनतम पारा 5 डिग्री से कम

जनजातीय क्षेत्र लाहौल में सोमवार सुबह मौसम के करवट बदलने से रोहतांग दर्रा और बारालाचा में ताजा बर्फबारी हुई। रोहतांग दर्रा में 12 और ग्रांफू में 5 सेंटीमीटर तक बर्फबारी दर्ज हुई। बर्फबारी से कुल्लू और लाहौल में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। वहीं कोकसर और चंद्रा घाटी में फाहे गिरे। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार पूरे प्रदेश में 13 दिसंबर तक मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। 13 दिसंबर को एक नया कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। इसके प्रभाव से 14 दिसंबर को ऊंचे पहाड़ी इलाकों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश-बर्फबारी की संभावना है। बर्फ से लकदक हुआ 16,800 फीट ऊंचा शिंकुला दर्रा। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति और लद्दाख की सीमाओं को जोड़ने वाले 16,800 फीट ऊंचा शिंकुला दर्रा ताजा बर्फबारी के बाद पर्यटकों की पहली पसंद बन गया है। यहां करीब आधा फीट बर्फ जमी है। लाहौल-स्पीति प्रशासन ने फोर बाई फोर वाहनों के लिए शिंकुला टॉप खोल दिया है। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

**खड़गे का भाजपा पर पलटवार**

## आपने मुस्लिम लीग के साथ बंगाल में बनाई थी सरकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार को राज्यसभा में 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित चर्चा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 'वंदे मातरम' को नारा बनाया था।

सत्ता पक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आपका इतिहास यह रहा है कि आप हमेशा स्वतंत्रता संग्राम और देशभक्ति के गीतों के खिलाफ रहे हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने मुस्लिम लीग के साथ मिलकर बंगाल में सरकार बनाई थी। पहले आप देशभक्ति के नाम से डरते थे। भारत माता को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब संसद में जनता से जुड़े हुए मुद्दों पर विचार करें और उनका समाधान करें।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि पड़ोसी देशों में हमारा अपना प्रभाव घट रहा है। जबकि, चीन का प्रभाव बढ़ रहा है। नेपाल चीन से निवेश की मांग कर रहा है। बांग्लादेश चीन और पाकिस्तान के साथ त्रिपक्षीय बैठकों में भाग ले रहा है। बीजिंग खुले तौर पर साउथ एशिया को रणनीतिक योजना के तहत अपनी ओर खींच रहा है। 1971 के बाद पहली बार बांग्लादेश भारत से दूर जा रहा है और पाकिस्तान के नजदीक हो रहा है। चीन की इतनी हिम्मत बढ़ गई है कि वह अरुणाचल प्रदेश पर अपना बेबुनियाद दावा ही नहीं कर रहा, बल्कि उसे भारत के नागरिकों पर थोप भी रहा है।

राज्यसभा में बोलते हुए खड़गे ने कहा कि आपकी 56 इंच की छाती तो रहने दो, इसका देश को क्या फायदा हुआ? आप चीन के खिलाफ एक शब्द नहीं बोल सकते। आपके विदेश मंत्री स्वीकार कर चुके हैं कि भारत अभी छोटी अर्थव्यवस्था है और चीन का मुकाबला नहीं कर सकता।

### सोनिया गांधी ने देश की नागरिक बनने के बाद ही वोट डाला: प्रियंका गांधी

कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के नोटिस का कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने विरोध किया है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने देश की नागरिक बनने के बाद ही वोट डाला था। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ÷क्या उनके पास कोई सबूत है? यह पूरी तरह से झूठ है। उन्होंने नागरिक बनने के बाद ही वोट दिया था। मुझे समझ नहीं आता कि वे उन्हें क्यों निशाना बना रहे हैं, वह 80 साल की होने वाली हैं और उन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया है। इस उम्र में उन्हें अकेला छोड़ देना चाहिए। कुछ लोग जानबूझकर उनको परेशान कर रहे है। इस तरह लोगों को परेशान नहीं करना चाहिए। वहीं, कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा, ये लोग रोज नए-नए नाटक करते हैं। आज उनका जन्मदिन है, कम से कम आज के दिन तो थोड़ी शर्म करो। इतना मत करो। देश को कहां ले जा रहे हो? कांग्रेस सांसद मल्लू रवि ने कहा, जो भी नोटिस और ये सब चीजें हैं, वे सोनिया गांधी की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए राजनीतिक तौर पर की जा रही हैं। वे ये सब करने की कोशिश कर रहे हैं। हम कोर्ट में बिना किसी दिक्कत के बाहर आ जाएंगे, लेकिन यह भारत के लोगों की सोच नहीं है। वह देश की सबसे अच्छी नेता हैं। बता दें कि दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी को नोटिस जारी किया है, जिसमें सोनिया गांधी पर नागरिकता लेने से पहले ही वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने का आरोप लगाया गया है।

## राज्यों में एसआईआर के काम में 'बाधा' पर अदालत सख्त, हम आदेश पारित करेंगे

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में बूथ लेवल ऑफिसर को धमकाने के अलावा चुनाव आयोग की तरफ से कराए जा रहे एसआईआर के काम में कथित तौर पर बाधा डालने की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। अदालत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा। चुनाव आयोग की तरफसे अदालत में पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने बताया कि पश्चिम बंगाल में तनाव के कारण बीएलओ के आत्महत्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि उन्हें 30-35 वोटरों के छह-सात घरों की गिनती का काम करना होता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह डेस्क का काम नहीं है और बीएलओ को घर-घर जाकर गिनती का फॉर्म भरना होता है और फिर उसे अपलोड करना होता है। जस्टिस बागची ने कहा, 'यह उतना आसान नहीं है जितना दिखता है।' चुनाव आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर के कामकाज की निगरानी के लिए पांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को स्पेशल रोल ऑब्जर्वर नियुक्त किया है।

### इससे अराजकता हो सकती है : सुप्रीम कोर्ट

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग से कहा, 'वह एसआईआर के काम में अलग-अलग राज्य सरकारों की तरफ से सहयोग की कमी को गंभीरता से लें।' सर्वोच्च अदालत ने कहा, अगर हालात और बिगड़ते हैं तो पुलिस तो तैनात करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि उनके पास सभी सांविधानिक शक्तियां हैं, जिससे हम बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से डील कर सकते हैं।

## बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को बंकिम दा कहने पर भड़कीं ममता, माफी मांगे पीएम मोदी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी की मांग की। बनर्जी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को 'बंकिम दा' कहकर उनका अपमान किया है। कूच बिहार जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री का तब जन्म भी नहीं हुआ था, जब देश को आजादी मिली। लेकिन फिर भी उन्होंने बंगाल के सबसे बड़े सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक को इतने साधारण तरीके से संबोधित किया। उन्होंने कहा, आपने (पीएम मोदी) उन्हें वह न्यूनतम सम्मान भी नहीं दिया जिसके वह हकदार हैं। आपको इसके लिए राष्ट्र से माफी मांगनी चाहिए। इसके अलावा भी सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार से मदद नहीं लेने की बात भी कही। उन्होंने कहा, 'हमें केंद्र सरकार से कोई मदद नहीं चाहिए।

### बॉर्डर2 : अहान शेट्टी का फर्स्ट लुक आउट...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी इन दिनों अपनी फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर सुर्खियों में है. हाल ही में उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग खत्म की थी, जिसके बाद उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरों के साथ एक इमोशनल नोट शेयर किया था. इसी बीच टी-सीरीज और जेपी फिल्म्स की ओर से अहान का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया

## ट्रंप के टैरिफ संकेत से बाजार में भूचाल

**मुंबई।** कमजोर वैश्विक संकेतों, विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और अमेरिका-भारत ट्रेड टेंशन के बढ़ने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार भारी दबाव में आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप द्वारा भारत से आयात होने वाले चावल पर टैरिफ लगाने की चेतावनी ने निवेशकों की धारणा को और कमजोर कर दिया है। इसके साथ ही फेडरल रिजर्व की नीति बैठक से पहले बाजार में अतिरिक्त सतर्कता देखी जा रही है। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 636.22 अंक या 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,466.47 अंक पर और एनएसई निफ्टी 193.25 अंक या 0.74 प्रतिशत फिसलकर 25,767.30 अंक पर था। खबर लिखे जाने के समय सेंसेक्स 482 अंक की गिरावट के साथ 84,620 के स्तर पर था निफ्टी में 148 अंक की गिरावट के साथ 25,811.95 के स्तर पर था। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से एशियन पेंट्स, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर नुकसान में रहे। भारती एयरटेल और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर फायदे में रहे। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंग सेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का एसएसई कम्पोजिट नकारात्मक दायरे में रहे जबकि जापान का निक्की 225 फायदे में रहा।

## एनिमेशन, VFX और गेम डेवलपमेंट में भारत का पहला ग्लोबल बी. डिज़ाइन प्रोग्राम लॉन्च

**अहमदाबाद।** GLS यूनिवर्सिटी ने ऑस्ट्रेलिया की SAE इंस्टिट्यूट के साथ मिलकर अपना ग्लोबल बी. डिज़ाइन (ऑनर्स) प्रोग्राम लॉन्च किया है। यह लॉन्च, भारत में क्रिएटिव मीडिया एजुकेशन के लिए एक ऐतिहासिक पल है। यह इनोवेटिव चार साल का अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम, देश में अपनी तरह का पहला प्रोग्राम है, जो एनिमेशन, VFX और गेम डेवलपमेंट में वर्ल्ड-क्लास बेंचमार्क विशेषज्ञता प्रदान करता है। गुजरात लॉ सोसाइटी द्वारा वर्ष 1927 में स्थापित तरू यूनिवर्सिटी, गुजरात के सबसे प्रतिष्ठित एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन में से एक है। यह भारत का एकमात्र ऐसा इंस्टिट्यूशन है, जो SAE इंस्टिट्यूट के इंटरनेशनल लेवल पर मान्यता प्राप्त कोर्स और सर्टिफिकेट देने के लिए अधिकृत है। यह सहयोग, स्र्थ इंस्टिट्यूट का भारत में औपचारिक प्रवेश दर्शाता है, जिससे देश की तेज़ी से बढ़ती क्रिएटिव इंडस्ट्रीज़ को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता और मज़बूत होती है।

GLS यूनिवर्सिटी के प्रमुख सुधीर नानावटी और कार्यकारी निदेशक डॉ. चांदनी कपाड़िया की मौजूदगी में ग्लोबल बी. डिज़ाइन (ऑनर्स) प्रोग्राम के लॉन्च के लिए औपचारिक हस्ताक्षर समारोह सोमवार को आयोजित हुआ। इस अवसर पर, नेविटास के करियर और इंडस्ट्री डिवीज़न की एजुकेशन पार्टनरशिप हेड, जेना शिलर और साउथ एशिया के मार्केटिंग और रिक्रूटमेंट के जनरल मैनेजर स्टीव हर्ड के साथ-साथ नेविटास के दूसरे सीनियर अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर, तरू यूनिवर्सिटी के प्रमुख सुधीर नाणावटी ने कहा कि, ÷प्रतिष्ठित स्र्थ इंस्टीट्यूट के साथ यह भागीदारी, GLS यूनिवर्सिटी और भारत की शिक्षा प्रणाली के लिए एक माइलस्टोन है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर

### निविदा सूचना

क्रमांक 93/नपानि/जोन-4/लो.क.वि./2025 रायपुर दिनांक 08.12.2025

आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर से प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति (प्रथम में अमानती राशि, अन्य कागजात एवं द्वितीय में निविदा प्रपत्र) में सील बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **22.12.2025** को सायं 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - **24.12.2025** को सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **30.12.2025** को सायं 4.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - **30.12.2025** को सायं 4.30 बजे स

| क्र. | कार्य का विवरण | प्राक्लन राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | अवधि | निविदा प्रपत्र | एस.ओ.आर / नॉन एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सिविल लाईन वार्ड के 46 अंतर्गत जज कालोनी के पास नाली कव्हर / मरम्मत करने का कार्य (मरम्मत संधारण मद) | 3.50 | 4000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी डब्ल्यु डी भवन / रोड एसओ आर दिनाक 01/01/2015 |
| 2 | 26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में डोम निर्माण, वॉटर प्रुफिंग, फेम, तख्त एवं फ्लेक्स फेमिंग आदि व्यवस्था का कार्य। | 9.99 | 10000.00 | 750.00 | जीवित गुमास्ता लायसेस | 15 दिन | प्रपत्र "ब" | नॉन एसओ आर/ आयटम दर |
| 3 | 26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में साउंड सिस्टम व्यवस्था का कार्य। | 2.00 | 3000.00 | 300.00 | जीवित गुमास्ता लायसेस | 7 दिन | प्रपत्र "ब" | नॉन एसओ आर/ आयटम दर |
| 4 | स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड क्र. 44 अंतर्गत सप्रे स्कुल ग्राउंड में पलोरिंग एवं अन्य अतिरिक्त कार्य। (सामान्य मद) | 3.22 | 4000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 2 माह | प्रपत्र "अ" | पी डब्ल्यु डी भवन / रोड एसओ आर दिनाक 01/01/2015 |
| 5 | मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्र 45 अंतर्गत कांजी हाउस में शेड एवं फॉल सिलिंग मरम्मत कार्य। (मरम्मत संधारण मद) | 1.50 | 2000.00 | 300.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 1 माह | प्रपत्र "अ" | पी डब्ल्यु डी भवन / रोड एसओ आर दिनाक 01/01/2015 |
| 6 | पं भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्र. 57 एवं डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड क्र. 64 अंतर्गत पाईप लाईन विस्तार एवं लिकेज मरम्मत एवं आवश्यक सामग्री कय करने का कार्य। (मरम्मत संधारण मद) | 3.49 | 4000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | राशि समाप्ति तक | प्रपत्र "ब" | नॉन एसओआर/ आयटम दर |
| 7 | जोन क्रमांक 04 अंतर्गत 75 एचपी मोटर रिवाईडिंग एंव रिपेयरिंग 7 कार्य एवं 75 एचपी मोटर पैनल हेतु कॉपर केबल प्रदाय कर लगाये जाने का कार्य। | 2.47 | 3000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | राशि समाप्ति तक | प्रपत्र "ब" | नॉन एसओआर/ आयटम दर |
| 8 | जोन क्रमांक 04 अंतर्गत एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईटो का मरम्मत / संधारण कार्य (मरम्मत संधारण मद) | 3.97 | 4000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 6 माह | प्रपत्र "ब" | नॉन एसओआर/ आयटम दर |
| 9 | जोन क्रमाक 04 अंतर्गत जोन कार्यालय अम्बेडकर चौक अहिल्या बाई होलकर चौक में लगे लाईटो का संधारण कार्य(मरम्मत संधारण मद) | 1.5 | 2000.00 | 300.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 15 दिन | प्रपत्र "अ" | पी डब्ल्यु डी विघुत एसओ आर दिनांक 01/06/2020 |
| 10 | सिविल लाईन वार्ड क्र. 46 अंतर्गत ग्रास मेमोरियल ग्राउंड में प्रीकॉस्ट बाउन्ड्रीवॉल लगाने का कार्य (सामान्य मद) (द्वितीय निविदा) | 6.11 | 7000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 2 माह | प्रपत्र "ब" | नॉन एसओआर/ आयटम दर |

नोट- 1. निविदा से संबंधित दस्तावेज /छ.ग. पीडब्ल्यूडी का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र/जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र/पेन कार्ड/विगत 03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न (नवीन पंजीकृत ठेकेदार/फर्म के लिये यह लागू नहीं होगा) / विगत 03 माह का जीएसटी रिटर्न/ राशि रू. 100/- का शपथ पत्र (निविदा जारी होने के बाद का नोटराईजड) / राशि 2.00 लाख से अधिक के कार्यों के लिये कम से कम 15 प्रतिशत तक जीवित बैंक सॉल्वेंशी स्वीकार किया जावेगा। **(राष्ट्रीयकृत बैंक का अमानती राशि (एफ.डी. आर. के रूप में) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।) (लिफाफा निविदा जारीकर्ता अधिकारी के नाम से पोस्ट किया जावे) निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है,तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर सम्पन्न की जावेगी।**
2. निविदा से संबंधित नियम एवं अन्य शर्ते जोन क्रमांक 04 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।
3. उक्त निविदा नगर निगम के वेबसाईट nagar nigam raipur.nic.in में देखी जा सकती है।
4. **निविदा अंतर्गत (3rd Party Inspection) की राशि का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जावेगा जो कि कुल स्वीकृत राशि के 0.60 प्रतिशत एवं जीएसटी अतिरिक्त होगा।**

**घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र ( वाहन ) को देवें।**

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक 4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

# भू-माफिया के खिलाफ आदिवासियों ने खोला मोर्चा, फर्जी दस्तावेजों से जमीन हड़पने का आरोप

■ **बस्तर में लगातार आदिवासियों की जमीनों पर क़ब्ज़े और अवैध ख़रीदी: चिंताजनक: मंडावी**

**बीजापुर/नवप्रदेश।** बस्तर अंचल में आदिवासियों की जमीनों पर अवैध कब्जे और फर्जी खरीदी-बिक्री के खेल का एक और मामला सामने आया है। मंगलवार को संकनपल्ली के दर्जनों आदिवासी ग्रामीण मोदकपाल थाना पहुंचे, जहां उन्होंने जगदलपुर के कुख्यात भू-माफिया कमलदेव झा और उसके परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कमलदेव झा, भोला झा, प्रभाति झा, साकेत झा समेत कई लोगों ने अधिकारियों से सांठगांठ कर कूट-रचित दस्तावेज तैयार किए और उन दस्तावेजों के आधार पर आदिवासियों की जमीन अपने नाम करा ली। ग्रामीणों के अनुसार, इस अवैध सौदे में तत्कालीन पटवारी, तहसीलदार और उपङ्कपंजीयक की भी भूमिका रही है, जिनकी मदद से फर्जी दस्तावेज तैयार हुए और बिना ग्रामीणों की जानकारी के संकनपल्ली की जमीनों का कब्जा बदल गया। आरोप है कि झा परिवार ने बस्तर के दंतेश्वरी वार्ड में निवास के बावजूद संकनपल्ली की भूमि पर गैरकानूनी तरीके से खरीदी-बिक्री कर पट्टा भी बनवा लिया।

### एसी/एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग

मोदकपाल थाने में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पीड़ितों ने सामूहिक आवेदन देकर धोखाधड़ी, जालसाजी, फर्जी दस्तावेज निर्माण सहित कई धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग की। इसके साथ ही ग्रामीणों ने एससीङ्कएसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत भी सख्त कार्रवाई की मांग की, क्योंकि मामला सीधे तौर पर आदिवासी समाज की जमीन और अधिकारों से जुड़ा है। थाने में जमा ग्रामीणों का कहना था हमारी पुश्तैनी जमीनें हमारे ही हाथों से छीनी जा रही हैं, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी है।

### मेरी जमीन झा के नाम हो गई: बसवैया

संकनपल्ली निवासी बसवैया जव्वा ने बताया कि उन्हें यह जानकारी पटवारी से मिली कि उनकी पैतृक कृषि भूमि पर अचानक किसी कमलदेव झा का नाम दर्ज कर दिया गया है और नक्शा कटवाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।बसवैया ने कहा मैंने कभी जीवन में जमीन नहीं बेची, न ही बेचने का विचार किया। फिर भी मेरी जमीन पर किसी सामान्य वर्ग के व्यक्ति का नाम चढ़ा दिया।परिवार सदमे में है। हमारी जमीन ही हमारा जीवन है। इसे छीन लिया गया तो हम जिएंगे कैसे,बसवैया व ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विधायक मंडावी बोले 'बस्तर में अवैध जमीन कारोबार चिंता का विषय है। आदिवासियों की जमीन की अवैध खरीदी बिक्री हो रही है।

### ग्रामीणों ने चेताया कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन

ग्रामीणों ने साफकिया कि यदि पुलिस जल्द कार्रवाई नहीं करती, तो वे जिला मुख्यालय तक पदयात्रा और प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फजमीन का मामला नहीं, बल्कि अस्तित्व और भविष्य की लड़ाई है। मोदकपाल थाने में इस मामले को लेकर रिपोर्ट दर्ज करवाने के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जनपद सदस्य मनोज अवलम, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, संकनपल्ली के सरपंच, उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## न्यूज गैलरी

### पेट्रोल पंप मैनेजर से लूट की कोशिश

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** बिलासपुर-मस्तूरी रोड के ढेंका में सोमवार देर रात पेट्रोल पंप मैनेजर से लूट की कोशिश की गई। पेपर मिल के सामने नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। बताया जा रहा है बदमाशों ने पेट्रोल पंप मैनेजर की आंख में मिर्ची पाउडर झोंक दिया। हालांकि आरोपी वारदात को अंजाम देने में नाकाम रहे। जानकारी के मुताबिक, मैनेजर रोज़ की तरह कैश लेकर बिलासपुर जा रहा था। इस दौरान नाकाबपोश बदमाश बाइक में ढेंका के पास मैनेजर को रोककर वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। पूरा मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### गंज चौक हाट बाजार में देर रात चाकूबाजी

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** शहर के बीच गंज चौक हाट बाजार में सोमवार देर रात चाकूबाजी की घटना सामने आई है। दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि पास में खड़ी स्कूटी को भी आग के हवाले कर दिया गया है। इस घटना के बाद आसपास दहशत निर्मित हो गया था। लोगों ने तत्काल ही पुलिस को सूचना दी। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है और घटना के कारणों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

### स्पीच थैरपी शिविर का आयोजन 12 को

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** मानव मंदिर चौक स्थित तिरूपति काम्प्लेक्स में 12 दिसंबर को एक ऐसा आयोजन होने जा रहा है, जो मानवीय संवेदनाओं की गहरी छाप छोड़ता है। प्रतिष्ठित समाजसेवी दिवंगत देवकरण राठी की स्मृति में आयोजित इस निःशुल्क स्पीच थैरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन क्लास का उद्देश्य है, उन मासूम आवाजों को स्वर देना, जो बोल नहीं पाते या के हकलाहट तुतलाहट कारण खुद को व्यक्त नहीं कर पाते हैं। गौरतलब है कि इस विशेष पहल में स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ एवं स्पेशल एजुकेटरप 5 श्रीमती रजनी राठी अपनी सेवाएं । निःशुल्क प्रदान करेंगी। वे वर्षों से ऐसे बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बनी हुई है, जो बोलने में कठिनाई का सामना करते हैं।

### बीच बाजार में लूट का प्रयास

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** चिखली पुलिस चौकी के अंतर्गत मोटरसाइकिल सवार दो युवको ने एक दुकान में घुसकर लूट का प्रयास किया है। सोमवार को करीब पांच बजे दोनो युवक की हरकत पास के ही सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस मामले को लेकर चिखली पुलिस जांच में जूटी हुई हैं। जानकारी के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में सड़क किनारे जूता-चप्पलं एवं कपड़े की दुकान लगाकर जीवन- यापन करने वाले दुकानदार के पास खैरागढ़ रोड की ओर से दो युवक मोटरसाइकिल में सवार होकर पहुंचे। शाम करीब 5 बजे दोनों ने तेज रफ्तार में आकर मोटरसाइकिल रोकी, जिसके बाद एक युवक बाइक से उतरा और दुकान में घुसकर लूट की घटना को अंजाम दिया। वारदात के तुरंत बाद दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो गए। घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने आरोपियों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन तेज रफ्तार के चलते वे भागने में सफल रहे। पीड़ित दुकानदार ने चिखली पुलिस चौकी में घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मोटरसाइकिल सवार आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है।

### शांति-कानून व्यवस्था भंग, 5 जेल गए

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** ग्राम देवादा में पुलिस में रिपोर्ट करने की बात से आक्रोशित होकर शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की नियत से प्रार्थी से वाद विवाद करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर जेल भेज दिया हैं। जिसमें रवि गोसाई पिता राजमल गोसाई उम्र 24 वर्ष, राज वैष्णव पिता गुरूववन दास उम्र 22 वर्ष, रवि कुकरेजा पिता स्व0 लीलाधर कुकरेजा उम्र 40 वर्ष, प्रकाश मणी पिता गुरू दयाल उम्र 41 वर्ष, टिमन उर्फऋषि नेताम पिता लोकेश प्रसाद उम्र 23 वर्ष शामिल हैं। ग्राम मुड़ीपार थाना सोमनी जिला राजनांदगांव को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर अनावेदको को प्रतिबंधित करने पृथक से धारा 126,135(3) बीएनएसएस का इस्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया है।

### धान से भरे दो ट्रक पकड़ाए

**छुरिया/नवप्रदेश।** क्षेत्र में चलाए जा रहे अवैध धान परिवहन के खिलाफअब स्थानीय अधिकारियों को भी व्यापक सफलता मिल रही है। इसी के तहत आज यह कार्रवाई की गई। ज्ञात हो कि कलेक्टर जितेंद्र यादव के कुशल नेतृत्व में धान के अवैध परिवहन और कोचियों के खिलाफलगातार छापा मार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत आज तहसील छुरिया के वनोपज जांच नाका सीजी 07 बीक्यू 1260 में 700कट्टा धान और ट्रक नंबर सीजी 08 ए एक्स8619 में 715 कट्टा धान परिवहन करते पाया गया। जिसे मौके पर नायब तहसीलदार छुरिया वसीम सिद्दीकी, पटवारी पुरुषोत्तम नेताम और धर्मेंद्र दुग्गा द्वारा रोक कर दस्तावेज प्रस्तुत करने नोटिस जारी किया गया। वाहन चालक द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं होना बताया और धान को राजा जैन निवासी बोर तालाब तहसील डोंगरगढ़ का होना बताया। वाहन चालक का बयान दर्ज किया गया जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि राजा जैन द्वारा महाराष्ट्र के ग्राम चिल्हाटी से अलग अलग लोगों से धान को जमा कर लोड किया गया। धान परिवहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण दोनो ट्रक धान सहित जब्त कर थाना छुरिया में सुपुर्द किया गया।

# प्रासंगिक व्यय में सालाना लाखों की गड़बड़ी, समिति प्रबंधन पर उठे सवाल

## समिति की कागजों में किसान को राहत, ज़मीन पर किसान मजबूर, आखिर कौन ले रहा हमाली राशि!

**कोरिया/नवप्रदेश।** धान खरीदी उत्सव पर्व में सरकार बड़े गर्व से दावा करती है कि किसान को एक रुपये की भी अतिरिक्त मजदूरी नहीं देनी चाहिए, इसलिए शासन द्वारा लगभग जिले के हर सहकारी समिति में प्रासंगिक व्यय की राशि समितियों को अग्रिम भेजे जाते है और घोषणा की गई कि सरकार किसान की हर चिंता का समाधान कर रही है, लेकिन असली सवाल यहीं से शुरू होता है क्या सरकार द्वारा भेजी गई यह राशि किसान के काम आ रहा या नही जवाब कड़वा है,लेकिन सच्चाई जानना जरूरी है नहीं। प्रासंगिक व्यय राशि, जो समिति में मजदूरों व सुरक्षा के भुगतान के लिए दी जाती है ताकि किसान पर वित्तीय बोझ न आए किन्तु आज धान खरीदी प्रणाली का यह सबसे बड़ा गड़बड़झाला का केंद्र बिंदु बन चुका है, कागज में यह पैसा किसान की राहत है, लेकिन जमीन पर यह पैसा समिति प्रबंधकों,खरीद केंद्र के प्रभारी, समिति अध्यक्ष और उनके पूरे चैनल की निजी आय बन चुका है जो कि जिले में सुर्खियों का विषय बना हुआ है जिससे इस राशि के खर्च को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं ।वही आज भी जिले के धान खरीदी केंद्रों में मजदूरों को अपनी जेब से भुगतान करता है, निर्बल, मजबूर, और पूरी तरह सिस्टम पर निर्भर किसान के पास विकल्प ही क्या है । धान बेचना है, कम से कम नुकसान में बेचना है तो वह मना भी नहीं कर सकता, ज्यादातर समितियों में मजदूरी वसूली खुलेआम, निर्भीक और बिना किसी निगरानी के होती है,यानी सरकार का पैसा और किसान का पैसा दोनों खर्च होते हैं, लेकिन राहत किसी को नहीं मिलती, सिवाय उन लोगों के जो सिस्टम को अपनी जेब के हिसाब से चलाना जानते हैं।

### राजनीतिक संरक्षण का बड़ा खेल

छत्तीसगढ़ में सहकारी समितियों में पिछले दो पंचवर्षीय से चुनाव ही नहीं हुए,अध्यक्ष मनोनीत होते हैं और योग्यता सिर्फ एक :सत्ताधारी दल के स्थानीय नेतृत्व का चेला होना,कांग्रेस शासन हो या वर्तमान भाजपा दोनों में समिति अध्यक्षों पर किसानों से ज्यादा कर्मचारियों का हित साधने का आरोप है,सूत्र बताते हैं कई समितियों के अध्यक्ष को धान खरीदी शुरू होने से पहले ही 3 से 5 लाख रुपये तक का 'एडवांस' मिल चुका है,इसलिए वे किसानों के हितैषी की जगह हमाली-भुगतान में शामिल कर्मचारियों का कवच बनकर खड़े हैं,किसान उन्हें शासन का प्रतिनिधि समझते हैं,लेकिन समिति अध्यक्ष किसानों के शोषणकर्ताओं की ढाल बन चुके हैं।

### गड़बड़झाला की आशंका, प्रशासन को सही निगरानी की आवश्यकता

मिली जानकारी अनुसार धान खरीदी वर्ष 2024-25 के आधिकारिक आंकड़े खुद बता रहे हैं कि कोरिया जिले में प्रासंगिक राशि के नाम पर करोड़ों का खेल हो चुका है जिले के 16 समितियों में पंजीकृत लगभग 25 हजार किसानों से पिछले वर्ष 12 लाख 80 हजार किवंटल धान की खरीदी हुई थी, सरकारी गाइडलाइन के अनुसार समितियों को 9 रुपये प्रति किवंटल हमाली व 3 रुपये प्रति किवंटल सुरक्षा के नाम पर भुगतान हेतु कुल मिलाकर 1 करोड़ 53 लाख 60 हजार रुपये के करीब राशि पिछले सत्र में कोरिया जिले को प्रासंगिक व्यय मद में जारी की गई थी, लेकिन सच्चाई क्या है कि कोरिया जिले की समितियों में पंजीकृत हमाल हैं ही नहीं, ज्यादातर समितियां कुछ 4, 6 या अधिकतम 10 मजदूरों को दैनिक मजदूरी (300 प्रतिदिन) पर काम करवाती हैं, यदि पूरे खरीदी सत्र का वास्तविक खर्च जोड़ें तो लगभग 50-55 दिन खरीदी कार्य सभी समितियों के मजदूर मिलाकर कुल खर्च 30 लाख रुपये से अधिक नहीं बनता फिर भी लाखो रुपये कहाँ गए। यह राशि किन-किन के बीच बंटी।

### पति ने पहले पत्नी को मारा, फिर रेलवे ट्रैक पर जाकर की खुदकुशी

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। चंडी नगर निवासी राजन गुप्ता ने अपने घर में अपनी पत्नी रेखा गुप्ता की हत्या कर दी। घटना के बाद उसने खुद भी चरम कदम उठाते हुए रेलवे ट्रैक पर जाकर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस प्रारंभिक जांच में यह मान रही है कि पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा था। मंगलवार सुबह किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई, जिसके बाद गुस्से में आकर राजन गुप्ता ने पत्नी रेखा की हत्या कर दी। पत्नी की हत्या करने के बाद राजन घर से निकल गया। कुछ ही समय बाद सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने पहचान की तो वह राजन गुप्ता निकला। पुलिस को राजन के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें उसने पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकार की है और अपने तनाव, पारिवारिक कलह और मानसिक परेशानी का जिक्र किया है। पुलिस सुसाइड नोट को जब्त कर जांच में शामिल कर रही है। घटना के बाद चंडी नगर इलाके में दहशत का माहौल है।

### डोंगरगढ़- कटघोरा रेल लाइन परियोजना का काम ठप

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** नई रेल लाइन परियोजना लंबे समय से ठप पड़ी है। यह परियोजना हर साल चुनाव मुद्दा बना रहा है। लेकिन इसके बाद भी कटघोरा, मुंगेली, कवर्धा, डोंगरगढ़ के रहवासियों के यह सिर्फ सपना बनकर रह गया हैं।

पिछले लंबे समय से इस योजना में प्रगति नही आने के कारण औद्योगिक निवेशक नए प्रोजेक्ट लाने से बच रहे हैं। रेल्वे अफसरों की माने तो कोरबा डोंगरगढ़ के बीच माल ढुलाई की लागत दोगुनी बनी हुई है। युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं और पर्यटन स्थलों तक कठिन पहुंच के चलते संभावित आय भी घट रही है। लोगों का कहना है कि, भाजपा सरकार कटघोरा- मुंगेली ङ्क कवर्धा ङ्क डोंगरगढ़ रेल लाइन को भूल गई है। उल्लेखनीय है कि, यह परियोजना भाजपा के कार्यकाल में शुरू हुई थी।

बीच में छग में कांग्रेस की सरकार रही। हाल ही में प्रदेश में भाजपा की सरकार काबिज होने के बाद ऐसी उम्मीद थी कि, परियोजना में तेजी आएगी। हांलाकि यह केन्द्र की योजना हैं, इसलिए लोगों को तेजी से विकास की उम्मीद हैं।

नवभारत ने रायपुर और बिलासपुर जोन से भी जानकारी जुटाई, लेकिन यहां भी परियोजना को लेकर अफसर कोई जानकारी नही होने की बात कही। रेल बजट 2025-26 में प्रदेश के रेल विकास के लिए 6 हजार 925 करोड़ का आबंटन किया है। जिसमें कटघोरा मुंगेली कवर्धा ङ्क डोंगरगढ़ रेल लाईन का कही कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

### खरमास शुरू होते ही मांगलिक कार्यक्रमों पर लगेगा विराम

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** आगामी 16 दिसंबर से खरमास का महीना शुरू हो रहा है, जिसमें मांगलिक कार्यक्रमों की पूरी तरह से मना ही रहेगी ज्योतिष आचार्या की माने तो फरवरी 2025 से विवाह मुहूर्त शुरू होंगे तब जाकर बाजार में रौनक लौटेगी। नवंबर के महीने में भी शादियों के सर्वाधिक मुहूर्त होने के चलते जमकर शहनाइयों गुंजती रही। दिसंबर महीने की प्रथम सप्ताह में भी शादियों की मुहूर्त होने के चलते बाजार में रौनक रही। लेकिन अब बाजार में सन्नाटा पसर गया है। सामान्य लोग ही अब खरीदी के लिए पहुंच रहे हैं। ज्ञात हो कि शादी सीजन शुरू के दौरान बाजार में रौनक लौट आई थी। सुबह से लेकर देर रात तक लोग खरीददारी करते नजर आ रहे थे। बर्तन बाजार से लेकर कपड़ा और सराफा तथा इलेक्ट्रानिक सामानों की दुकानों में जहां लोग सर्वाधिक पहुंच रहे, तो वहीं जमकर खरीददारी हो रही थी। कपड़ा बाजार से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामान और इलेक्ट्रिक सामानों की भी लोग अधिक से अधिक खरीददारी कर रहे थे। बर्तन बाजार और अन्य दुकानों में भी ग्राहकों की अच्छी खासी उपस्थिति देखने को मिल रही थी । देर रात तक लोग खरीददारी करते नजर आ रहे थे। आगामी 16 दिसंबर से खरमास का महीना भी शुरू हो रहा है, जिसमें मांगलिक कार्यक्रमों पर विराम रहेगा। अब फरवरी महीने में शुरू होंगे विवाह मुहूर्त : ज्योतिष आचार्य की माने तो खरमास का महीना समाप्त होने के बाद फरवरी महीने में ही वैवाहिक मुहूर्त शुरू होंगे और इस समय शादियां शुरू हो पाएंगी।

### सिविल सोसाइटी ने इंडिगो पर 9000 करोड़ जुर्माना लगाने की मांग की

**रायपुर/नवप्रदेश।** देशभर में इंडिगो एयरलाइंस की बड़ी संख्या में उड़ाने कैंसिल और लेट होने से यात्री हलाकान हो रहे हैं। चार दिनों में लगभग 3450 से अधिक उड़ाने अचनाक रद्द की गईं। इस बीच छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने कड़ा रुख अपनाते हुए एयरलाइन प्रबंधन को लीगल नोटिस जारी किया है। उन्होंने केंद्र सरकार से इंडिगो कंपनी पर 9 हजार करोड़ रुपए के जुर्माने की मांग की है।

सोसायटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने यह नोटिस इंडिगो एयरलाइंस के प्रबंध निदेशक / मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोटिस में कहा कि यह कदम न केवल यात्रियों के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि भारतीय कानूनों और नागरिक उड्डयन नियमों की भी खुली अवहेलना है। नोटिस में कहा गया है कि इंडिगो एयरलाइंस ने बिना किसी पूर्व सूचना और बिना पारदर्शी कारण बताए अत्यंत मनमाने ढंग से हजारों यात्रियों की यात्रा योजनाओं को बाधित किया। यात्रियों को भारी आर्थिक नुकसान, मानसिक कष्ट और समय की हानि का सामना करना पड़ा है। प्रभावित लोगों में वरिष्ठ नागरिक, बच्चे, महिलाएं, रोगी तथा व्यवसायी बड़ी संख्या में शामिल हैं, जिनके लिए अचानक रद्दीकरण किसी आपदा से कम नहीं साबित हुआ। छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने अपने नोटिस में स्पष्ट कहा है कि इंडिगो का यह कृत्य भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019, विमानन नियम तथा DGCA द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का गंभीर उल्लंघन है।

**ऐतिहासिक धरोहर महाराजबंध तालाब की निरंतर बिगड़ती पर ध्यान आकर्षित किया**

# ग्रीन आर्मी 11 से स्वयं पुनर्जीवन स्वच्छता अभियान शुरू करेगी

**रायपुर/नवप्रदेश।** शहर की ऐतिहासिक धरोहर महाराजबंध तालाब की निरंतर बिगड़ती स्थिति को ध्यान में रखते हुए ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ द्वारा पिछले एक माह से शासन-प्रशासन को कई बार निवेदन और अनुरोध भेजे गए, जिनमें तालाब की वास्तविक परिस्थिति, बढ़ती गंदगी, जलकुंभी, सीवेज जल, निष्क्रिय एस.टी.पी. और सीमांकन की समस्या को विस्तार से बताया गया था। 08 नवम्बर को जारी प्रेस विज्ञप्ति में भी प्रशासन से तत्काल कार्यवाही का आग्रह किया गया था। इसके बावजूद आज तक तालाब की सफाई, निरीक्षण या सुधार से संबंधित किसी भी प्रकार की कार्रवाई प्रारंभ नहीं हुई। न कोई विभागीय टीम स्थल पर पहुँची और न ही किसी सुधार कार्य का आरंभ हुआ। रायपुर की यह पवित्र, प्राचीन और पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण धरोहर लगातार उपेक्षा की शिकार बनी हुई है।

इसी परिस्थिति को देखते हुए ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने यह तय किया है कि 11 दिसम्बर 2025 की सुबह 7. 30 बजे से ÷महाराजबंध तालाब पुनर्जीवन स्वच्छता अभियान स्वयं आरंभ किया जाएगा। यह अभियान जन-सहयोग, सामाजिक सहभागिता और सकारात्मक प्रयासों पर आधारित होगा, जिसमें तालाब की सफाई, जलकुंभी हटाने, परिसर को व्यवस्थित करने, गंदे पानी के स्रोत चिन्हित करने और नागरिकों को जागरूक करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। यह प्रयास किसी विरोध के रूप में नहीं, बल्कि शहर की धरोहर को बचाने की जिम्मेदारी के रूप में किया जाएगा। हम रायपुर के समस्त निवासियों से हार्दिक अपील करते हैं कि वे 11 दिसम्बर, गुरुवार की सुबह 7.30 बजे महाराजबंध तालाब परिसर में उपस्थित होकर इस पुनर्जीवन अभियान का हिस्सा बनें। आपका सहयोग न केवल तालाब को नया जीवन देगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुंदर पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ का विश्वास है कि जब नागरिक स्वयं आगे आते हैं, तो हर धरोहर फिर जीवित हो उठती है। संगठन यह संकल्प दोहराता है कि हम शहर की जल-धरोहरों को बचाने और उन्हें पुनर्जीवित करने के लिए सतत, प्रतिबद्ध और सकारात्मक प्रयास जारी रखेंगे। ग्रीन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे जी ने बताया कि हमारा यह अभियान एक संदेश है प्रदेश के समस्त तालाबों को बचाने के लिए ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com